www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 11 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 163 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु




तंजानिया में शुरू होगा देश के बाहर पहला आईआईटी : धर्मेंद्र प्रधान — पृष्ठ 3
■ 5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव
■ जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार — पृष्ठ 4
■ इजराइल ने 1700 से अधिक जगहों को निशाना बनाया
■ म्यांमार में विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाने के हमले में 29 की मौत — पृष्ठ 9
शुभमन गिल ठीक हो रहे हैं : विक्रम राठौड़ — पृष्ठ 10

## शहडोल की जन आक्रोश सभा में बोले राहुल गांधी

# भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए लोगों का इलाज होता है

### कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश को बताया भाजपा-आरएसएस की प्रयोगशाला

**शहडोल**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे पर रहे। यहां राहुल गांधी ने जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने वरिष्ठ भाजपा नेता अडवानी की एक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि आडवानी जी ने कहा था कि आरएसएस और बीजेपी का सच्चा कारखाना गुजरात में नहीं है मगर मध्य प्रदेश में है। अडवानी ने कहा था कि मध्य प्रदेश उनका कारखाना है तो मैंने सोचा कि चलो देखें। मैं आपको इसके दो तीन उदाहरण देना चाहता हूं। भाजपा पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा की लेबोरेटरी में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है और उनका पैसा चोरी कर लिया जाता है। देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्य प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है।



देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्य प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे**

राहुल गांधी ने महाकाल घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश में महाकाल के पैसे चोरी नहीं किए जाते लेकिन मध्यप्रदेश में महाकाल से चोरी की जाती है। महाकाल लोक में घोटाला किया जाता है। बच्चों की किताबों, मिड डे मील का पैसा मध्यप्रदेश में चोरी किया जाता है। व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है। पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है। भाजा की लेबोरेटरी में हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

■ पटवारी बनने के लिए ली जाती है 15 लाख रिश्वत
■ राहुल ने महाकाल घोटाले पर भी मप्र सरकार को घेरा

**रेप पीड़िता के भाई की पुलिस के सामने हत्या**

भाजपा पर हमलावर होते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा के कारखाने में हर रोज महिलाओं से दुष्कर्म हो रहा है। भोपाल में एक लड़की का रेप होता है और उसे बचाने की कोशिश में भाई की पुलिस के सामने हत्या कर दी जाती है। भाजपा की लेबोरेटरी में भाजपा नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। जो जानवरों को भी नहीं खिलाया जाता वो यहां आदिवासियों को खिलाया जाता है। भारतीय जनता पार्टी के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी' हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें जमीन का मालिक मानते हुए उन्हें उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सिक्किम की सुध नहीं ले रही सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सिक्किम में आपदा पीड़ित गहरे संकट में हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह उनकी सुध नहीं ले रहे हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्वोत्तर को लेकर मोदी सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। मणिपुर को वे भूल गए हैं और अब सिक्किम में आपदा से लोग परेशान हैं लेकिन उनकी पीड़ा केंद्र सरकार तक नहीं पहुंच रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने नेतन्याहू से फोन पर की बात

# भारत ने इजरायल को अपना समर्थन दोहराया

### भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल पर आतंकवादी संगठन हमास के हमले के बाद भारत ने इजरायल के प्रति अपना समर्थन फिर से दोहराया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर कहा कि भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा करता है।



■ इजराइल के साथ : मोदी
■ इजरायल के राजदूत ने धन्यवाद दिया

उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा उन्हें फोन करने मौजूदा स्थिति की ताजा जानकारी देने के लिए वे धन्यवाद देते हैं।

भारत के लोग इस कठिन समय में इजरायल के समर्थन में मजबूती के साथ खडे हैं। भारत दृढता और स्पष्ट रूप से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है।

उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर को हमास के दुर्दांत हमलें के ठीक बाद ही प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा सदमा पहुंचा। उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीडितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इस कठिन समय में वे इजरायल के साथ खड़े हैं। एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान के जवाब ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**स्वतंत्र संप्रभु फलस्तीन के लिए जरूरी: पुतिन**

हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच रूस राष्ट्रपति व्लादिमीप पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। पुतिन ने कहा है कि 'स्वतंत्र संप्रभु' फलस्तीनी स्टेट का निर्माण एक 'आवश्यकता' है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल–गाजा संघर्ष अमेरिकी मध्य पूर्व नीति की विफलता को दर्शाता है।

### इजराइल में करीब 1,500 हमास आतंकियों के शव मिले

इजराइल की सेना ने मंगलवार को हमास के साथ अभूतपूर्व लड़ाई के चौथे दिन दावा किया कि उसके पास इजराइल में मिले हमास आतंकवादियों के लगभग 1,500 शव हैं। इजरायली रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि गाजा पट्टी के आसपास इजरायल में हमास के लगभग 1,500 शव पाए गए हैं। सुरक्षा बलों ने गाजा के चारों ओर सुरक्षा बाड़ के क्षेत्र पर कमोबेश नियंत्रण बहाल कर लिया है, जिसे शनिवार को हमास के आतंकवादियों ने तोड़ दिया था। तटीय फिलिस्तीनी एन्क्लेव के आसपास के क्षेत्र में 35 बटालियन तैनात की गई हैं। सीमा से सटे समुदायों के निवासियों को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है।

## सार संक्षेप

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व इटली

**नई दिल्ली**। भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली और फ्रांस की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को रोम में इटली के रक्षा मंत्री ग्वीदो क्रोसेत्तो के साथ बातचीत के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सूचना साझा करने, समुद्री अभ्यास और समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में रक्षा उद्यमों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

### अदालत ने संजय सिंह की हिरासत तीन दिन बढ़ाई

**नई दिल्ली**। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ईडी हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एक अधिकारी ने कहा, अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह को पांच दिन की पुलिस हिरासत खत्म होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। वित्तीय जांच एजेंसी ने 4 अक्टूबर को नॉर्थ एवेन्यू इलाके में उनके आवास पर छापेमारी के बाद आप नेता संजय सिंह को गिरफ्तार किया था।

### जम्मू-कश्मीर में सेना के मुढभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर के शोपियां के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में मंगलवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। इनकी पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूख उर्फ अबरार के नाम से हुई है। दोनों लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े थे। कश्मीर के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने बताया कि आतंकी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। इलाके में बड़ी संख्या में सैन्य बल तैनात है। और भी आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

### मिजोरम में 5 निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा दिया

**आइजोल**। मिजोरम में पांच निर्दलीय विधायकों ने 7 नवंबर को होने वाले चुनाव में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के उम्मीदवार के रूप में लड़ने के लिए तकनीकी औपचारिकताओं के अनुरूप मंगलवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया।

# गंगाजल पर जीएसटी लगाने का निर्णय तत्काल वापस लें : भूपेश

**रायपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशतजीएसटी लगाने का निर्णय लिया है। अब इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्रीबघेल ने ट्वीट कर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। साथ ही इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

श्री बघेल ने ट्वीट कर लिखा, अब गंगाजल पर भी जी एस टी क्या श्रद्धालु पूजा–पाठ न करें? क्योंकि केंद्र की भाजपा सरकार की मंशा तो ऐसी ही लग रही है। मोदी सरकार ने 4 दिन पहले गंगाजल पर 18 प्रतिशत जी. एस. टी लगाने का निर्णय किया है। जिससे नकली रामभक्त, सनातन संस्कृति के महिमा मंडन का ढोंग करने वाले तथा गौमाता की रक्षा के नाम पर आतंक फैलाने वालों का चेहरा बेनकाब हो गया है। मोदी जी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गंगाजल पर जीएसटी लगाने का निर्णय तत्काल वापस लें।



वर्तमान में डाक विभाग गंगोत्री के गंगाजल की 250 एमएल की बोतल उपलब्ध करा रहा है, जिसकी कीमत 30 रुपये थी। 18 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद अब इसकी कीमत 35 रुपये हो गई है। डाक विभाग के अधिकारियों के अनुसार, परिमंडल देहरादून से आदेश जारी होने के बाद गंगाजल बढ़े हुए दामों के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

**भाजपा ने 15 साल में छग को क्या दिया?**

प्रदेश में धान पर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधते हुए तीखा सवाल किया है। उन्होंने सवाल करते हुए पूछा, बनारस के किसानों को 2500 रुपए ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा परीक्षार्थी सामान्य शुल्क के साथ 31 अक्टूबर तक भर सकेंगे परीक्षा फार्म

**रायपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा फार्म भरने की तिथियां घोषित कर दी है। सामान्य शुल्क के साथ परीक्षार्थी 31 अक्टूबर तक फार्म भर सकते हैं।



माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ फार्म भरने की तिथि 10 अक्टूबर से शुरू हो गई है। मंडल के सचिव प्रोफेसर व्ही. के. गोयल ने बताया कि परीक्षार्थी विलंब शुल्क के साथ 01 नवम्बर से 15 नवम्बर तक और विशेष विलंब शुल्क के साथ 16 नवम्बर से 31 नवम्बर तक परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थी शासकीय एवं अशासकीय अग्रेषण संस्थाओं के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है।

# चुनावी बांड योजना पर 31 को सुनवाई

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 'चुनावी बांड योजना' की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है। पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड योजना को इस लिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था।



■ योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर हैं कई याचिकाएं
■ राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के स्रोतों में शामिल

इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है। इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी भी बढ़ावा देता है।

**निलंबन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राघव**

आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा से निलंबन के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी बंगला खाली करने का आदेश देने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को भी दिलली हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरुला की बेंच 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगी।

### मोरबी पुल हादसा पर एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

**एसआईटी ने प्राइवेट कंपनी को ठहराया जिम्मेदार**

**अहमदाबाद**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोरबी पुल ढहने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात उच्च न्यायालय को 5,000 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में ओरेवा कंपनी के प्रमुख कर्मियों को दोषी ठहराया गया है जो पुल के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी। मोरबी में मच्छू नदी पर बना झूला पुल 30 अक्टूबर, 2022 की शाम को ढह गया था। राज्य सरकार ने मामले की गहन जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया था। गौरतलब है कि इस महत्वपूर्ण पुल के रखरखाव और निगरानी का जिम्मा ओरेवा ग्रुप को सौंपा गया था। एसआईटी रिपोर्ट के अनुसार ओरेवा के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल, प्रबंधक दिनेश दवे और प्रबंधक दीपक पारेख घटना के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। जांच के निष्कर्षों से पुल के प्रबंधन और सुरक्षा प्रोटोकॉल में खामियों की एक श्रृंखला का पता चलता है।

# ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क

## ईडी की कार्रवाई : वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। धन शोधन मामलों की जांच करने वाली वित्त मंत्रालय की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्कु की हैं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं। ईडी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सम्पत्तियां राजा की बेनामी कंपनी मेसर्स कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थी। इन्हें राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत कुर्कु किया गया है। बयान में कहा गया है कि पीएमएलए के तहत स्थापित निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि की । ईडी की जांच में पता चला कि राजा पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान (2004 से 2007 तक) एक गुरुग्राम की एक रियल–एस्टेट कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में है और इसके शेयर बीएसई में सूचीबद्ध हैं। बयान के अनुसार रियल–एस्टेट कंपनी ने बदले में ए. राजा को रिश्वत दी है। यह रिश्वत वर्ष 2007 के आसपास भूमि के लिए कमीशन के रूप में राजा की बेनामी कंपनी के हाथ में गई ईडी की जांच से पता चला कि इस कंपनी को मिले कमीशन के पैसे से कोयंबटूर में लगभग 55 करोड़ रुपए की 45 एकड़ जमीनें खरीदी गई।



**आप विधायक अमानतुल्ला के ठिकानों पर भी छापेमारी**

ईडी ने धन शोधन मामलों की जांच के तहत ओखला के आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्ला खान के परिसरों पर तलाशी ली। ईडी ने यह कार्रवाई आप नेता एवं सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार करने और दिल्ली शराब नीति से जुड़े एक मामले में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद की है।

### विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हुए बिधूड़ी

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में लोक सभा की विशेषाधिकार समिति द्वारा तलब किए जाने के बावजूद भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी समिति के सामने पेश नहीं हुए। बताया जा रहा है कि, राजस्थान विधान सभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण रमेश बिधूड़ी आज लोक सभा की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हो पाए। सूत्रों की माने तो, बिधूड़ी ने विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को पत्र लिखकर यह सूचित कर दिया था कि वह आज समिति के सामने पेश नहीं हो पाएंगे। दरअसल, बसपा सांसद दानिश अली और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी विवाद पर लोक सभा की विशेषाधिकार समिति ने आज पहली बैठक बुलाई थी जिसमें आज समिति ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया था।

# बसपा के 17 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी

**रायपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। बसपा की दूसरी लिस्ट में 17 प्रत्याशियों के नाम है। इससे पहले 9 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी हुई थी।

आज जारी सूची में भटगांव से नरेंद्र साहू, पत्थलगांव से इन्नसोसेट कुजूर, सारंगगढ़ से नारायण रत्नाकर, धर्म जयगढ़ से सत्यावती राठिया, रामपुर से जगतराम राठिया, सरायपाली से जयनारायण किशोर, खल्लारी से सुफल साहू, कुरूद से लालचंद पटेल, पंडरिया से चैतराम राज, डोंगरगढ़ से बहादुर कुर्रे, भानुप्रतापपुर से जालमसिंह, केशकाल से दिनेश मरकाम, कोंडागांव से गिरधर नेताम, बस्तर से रामधर बघेल, जगदलपुर से संपत कश्यप, बीजापुर से अजय कुडियाम, कोटा से माशा मडकामी के नाम शामिल है। इससे पहले जारी की गई बसपा की 9 प्रत्याशियों की सूची में बिलासपुर जिले के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दाऊराम रत्नाकर, बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से ओमप्रकाश बाजपेई, जांजगीर–चांपा से राधेश्याम सूर्यवंशी, सक्ती जिले के जैजैपुर से केशवप्रसाद चंद्रा, जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़ से इंदु बंजारे, जांजगीर –चांपा जिले के अकलतरा से डॉक्टर विनोद शर्मा, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ से श्याम टंडन, बिलासपुर जिले के बेलतरा से राजकुमार सूर्यवंशी और रामानुजगंज–बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा सीट से आनंद तिग्गा का नाम शामिल है।

## राजनीति | भाजपा ने वसुंधरा को दिया झटका

# विरोधियों को मिला टिकट, समर्थक लगे किनारे

■ 41 की पहली सूची में 29 नए उम्मीदवारों को मौका

**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजस्थान में केंद्रीय नेतृत्व व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच की दूरियां बढ़ती जा रही हैं। इससे विधानसभा चुनाव में पार्टी की गुटबाजी खुलकर सामने आ सकती है।**

*सोमवार को जारी प्रत्याशियों की पहली सूची में पार्टी सात सांसदों को मैदान में उतारा। लेकिन सूची को देखकर साफ पता चलता है कि टिकट के बटवारे में वसुंधरा की नहीं चली। यहां तक की उनके कई समर्थकों का टिकट काट दिया गया। 41 उम्मीदवारों की पहली सूची में 29 नए उम्मीदवारों को मौका दिया गया है। लेकिन हैरानी की बात है कि इसमें एक भी वसुंधरा समर्थक नहीं हैं। वहीं राजघराने से ही ताल्लुक रखने वाली उनकी धुर विरोधी सांसद दीया कुमारी को विधानसभा का टिकट देकर पार्टी ने वसुंधरा को सख्त संदेश भी दे दिया है।*



*विधानसभा का टिकट देकर पार्टी ने वसुंधरा को सख्त संदेश भी दे दिया है।*

**दीया कुमारी को आगे कर सकती है पार्टी**

*माना जा रहा है कि पार्टी अब वसुंधरा के विकल्प के तौर पर दीया कुमारी को आगे कर सकती है। पार्टी की पहली सूची में वसुंधरा का नाम न होना भी हैरान करता है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में वसुंधरा समर्थकों द्वारा उन्हें लंबे समय से मुख्यमंत्री को चेहरा घोषित करने की मांग होती आ रही है। लेकिन भाजपा ने साफ कर दिया है कि किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। पार्टी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव में जाएगी। यह वसुंधरा के लिए बडा झटका है। यही स्थिति मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी है। वहां भी क्रमश: शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह को किनारे लगाने की तैयारी है। बता दें कि हाल ही में जयपुर में प्रधानमंत्री की एक रैली हुई, जिसमें वसुंधरा मंच पर मौजूद रहीं। लेकिन प्रधानमंत्री ने न उनसे नजर मिलाई और न ही उनसे कोई बातचीत कीं। तभी से अंदाजा लगाया जा रहा था कि आने वाले दिन राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा को भारी पड़ सकते हैं।*

# साप्ताहिक कोटमी बाजार को लालच ने घेरा, भूमि पर दबंगो की नजर

- 28 लोगों ने जमीन पर यदि कब्जा कर लिया तो कोटमी साप्ताहिक बाजार का अस्तित्व हो जाएगा समाप्त
- जिला प्रशासन राजस्व विभाग की टीम गठित कर बाजार को बचाने की करे पहल



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही के कोटमी में मंगलवार को भरने वाले प्रसिद्ध साप्ताहिक बाजार को गंदगी के साथ लालच ने भी घेर रखा है। इस साप्ताहिक बाजार की भूमि को गांव के ही दबंग 28 लोगों ने अलग-अलग दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम चढ़वा लिया है और अब यही लोग इस साप्ताहिक बाजार की कीमती भूमि पर अपना हक जताते रहते हैं तथा साप्ताहिक बाजार के उन्नयन की योजना में बाधा उत्पन्न करते हैं। राजस्व दस्तावेजों के आधार पर यदि इन 28 लोगों ने कब्जा हासिल किया तो वह दिन दूर नहीं जब आने वाले समय में साप्ताहिक कोटमी में बाजार का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा!! ऐसे में आप जरूरी है कि जिला प्रशासन गौरेला पेंड्रा मरवाही राजस्व विभाग की टीम गठित कर आदिवासी किसानों के रोजगार के बड़े केंद्र साप्ताहिक कोटमी बाजार को बचाने के लिए पहल करे।

## कोटमी बाजार की भूमि को 28 लोगों ने कब्जा दर्ज करा लिया है

आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही में मंगलवार भरने वाले साप्ताहिक कोटमी बाजार एवं सकोला -कोटमी बस स्टैंड में कीचड़ गंदगी एवं सड़ांध को देखते हुए जिम्मेदारों को जगाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला की छात्राओं ने स्वच्छता सप्ताह के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया था था एवं बाजार तथा ग्राम का भ्रमण करते हुए स्वच्छता नारों के साथ लोगों को जागरूक किया था छात्राओं की इस पहल को देशबंधु ने प्रमुखता से 4 अक्टूबर को प्रकाशित किया था। इस खबर का संज्ञान जनपद पंचायत पेंड्रा के सीईओ डॉक्टर संजय शर्मा ने लेते हुए ग्राम पंचायत सकोला एवं ग्राम पंचायत कोटमी के पंचायत प्रतिनिधियों एवं सचिव के साथ साप्ताहिक बाजार का निरीक्षण किया तथा वास्तव में उन्होंने महसूस किया कि साप्ताहिक बाजार परिसर में गंदगी की भरमार है इसके बाद सीईओ डॉ संजय शर्मा ने ग्राम पंचायत के सचिव प्रीतम मरावी को तत्काल जेसीबी एवं ट्रैक्टर मनाने के निर्देश दिए। जेसीबी एवं ट्रैक्टर से साप्ताहिक बाजार परिसर की साफ सफाई की गई। इसी के साथ डॉक्टर संजय शर्मा ने ग्राम पंचायत के सचिव प्रीतम मरावी को निर्देश दिया है कि साप्ताहिक बाजार मंगलवार के 1 दिन पहले सोमवार को तथा साप्ताहिक बाजार लगने के अगले दिन बुधवार को बाजार परिसर की अनिवार्य रूप से साफ सफाई की जाए। डॉ संजय शर्मा ने कहा कि आगे बाजार परिसर को और भी स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए कार्य योजना जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। उन्होंने साप्ताहिक बाजार में भरने वाले मछली मार्केट तथा साइकिल स्टैंड पार्किंग इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कोटमी द्वारा कोटमी में साप्ताहिक बाजार की साफ सफाई के दौरान यह बात सामने आई है कि अंचल के इस प्रसिद्ध साप्ताहिक कोटमी बाजार की खाली बेसकीमती जमीन पर दबंगो की नजर है तथा इन लोगों ने समय-समय पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए राजस्व रिकॉर्ड में बाजार की भूमि अपने नाम में अलग-अलग तरह से दर्ज कर ली है हालांकि लोगों ने अभी कब्जा नहीं लिया है परंतु जब भी ग्राम पंचायत कोटमीमे की ओर से साप्ताहिक बाजार के विकास की योजना पर काम किया जाता है दबंगों द्वारा रोक लगाया जाता है 3 साल पहले कोटमीमें कल साप्ताहिक बाजार के लिए सेंड निर्माण इत्यादि के लिए 10 लख रुपए स्वीकृत किए गए थे परंतु दबंगों ने हमारी जमीन है हमारी जमीन है कहकर उसे पर निर्माण कार्य होने नहीं दिया जिससे व्यापारियों के लिए सुविधाओं का विकास नहीं किया जा सका। सूत्रों के मुताबिक कोटमी साप्ताहिक बाजार तहसील सकोला के पटवारी हल्का नंबर के खसरा नंबर 110 एवं 111 में स्थित है। जिसमें खसरा नंबर 110 शासकीय मध्य में दर्ज है वही 111 नंबर में खाली मैदान है सूत्रों के मुताबिक खसरा नंबर 111 की भूमि क्रिश्चियन समिति अमेरिका की संपत्ति है जिसके केयर टेकर वैधानिक और वैधानिक तरीके से अलग-अलग समय में बदलते रहे हैं और यही लोग मिलजुल कर उक्त भूमि की बंदर बांट कर रहे हैं जिसकी परिणीति है कि कोटमी साप्ताहिक बाजार 28 टुकड़ों में अलग-अलग लोगों के नाम पर दर्ज हो चुकी है यदि इन लोगों ने आने वाले समय में अपना कब्जा लिया तो वह दिन दूर नहीं जब साप्ताहिक कोटमी बाजार का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा!!

यहां पर बताना जरूरी है कि साप्ताहिक कोटमी बाजार जिले का सीमावर्ती सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार है। जहां कोरिया एवं कोरबा जिले के मातिन क्षेत्र के गांव सहित लगभग डेढ़ सौ गांवों के व्यापारी ग्रामीण नागरिक अपनी जरूरत का सामान बचने एवं खरीदने आते हैं। सब्जी के मामले में यह साप्ताहिक बाजार जिले का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है जो इस इलाके के सब्जी उत्पादक किसानों को मंडी उपलब्ध कराता है छोटे सब्जी उत्पादक भी यहां अपना उत्पादन बेचकर अपना परिवार चलते हैं जिसके कारण कोटमी-सकोला एवं आसपास के लोगों को इस बाजार से सुदृढ़ आर्थिक आधार मिलता है। ऐसे में जरूरी है कि जिला प्रशासन इस साप्ताहिक बाजार को बचाने के लिए राजस्व विभाग की एक टीम गठित करके उन लोगों को बाजार के कब्जाधारी की सूची से अलग करें जिन्होंने अवैध दस्तावेजों के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर रखा है।

## अग्रसेन जयंती पर पेंड्रा में 11 अक्टूबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के पेंड्रा में अग्रसेन जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक अग्रसेन भवन प्रांगण में अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मण्डल और अग्रसेन जयंती समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में निऱ्शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्वास्थ शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीताराम गोयनका, हड्डी एवम प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धार्थ कुमार, नि:संतान एवम स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेहा जायसवाल, आर्मी रिटायर्ड स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आदित्य विक्रम, सर्जन डॉक्टर प्रवीण गोयनका, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुषमा विश्वास, एम.डी. मेडिसिन डॉक्टर प्रकाश सुल्तानिया, बच्चो के विशेषज्ञ डॉक्टर देवेंद्र सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंबरीन सबा मालिक, एम.डी. पीडियाट्रिक डॉक्टर अनीष ताम्रकार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित मित्तल, बच्चो के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पायल अग्रवाल, बी.ए.एम.एस. चर्मरोग डॉक्टर तापस ताम्रकार, जनरल फिजीशियन डॉक्टर आशा गोयल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिखा ताम्रकार, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर लीलाधर चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे।

हेल्थ एंड मेडिसन डाइगोनिस्टिक लैब द्वारा शिवर में ब्लड ग्रुप, मधुमेह और ब्लड प्रेशर की जांच की सुविधा भी नी शुल्क उपलब्ध रहेगी। अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष शारदा चरण पसारी ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर अपने स्वास्थ की जांच करवाए और लोगो की मदद के लिए अधिक से अधिक रक्त का दान कर इस शिविर को सफल बनाएं।

## जेएमपी कॉलेज में लगाया गया कराटे शिविर

**तखतपुर,** 10 अक्टूकर (देशबन्धु)। जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर क्रीडा विभाग के द्वारा महाविद्यालय के बालक एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से 20 सितंबर से 11 अक्टूबर तक कराटे प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। कराटे प्रशिक्षण के लिए बिलासपुर से कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महानंद खेत्रो पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी,राष्ट्रीय रेफरी एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी शिव निर्मलकर ने प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर बसंत अंचल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और सीखने के लिए प्रेरित किया। कराटे प्रशिक्षण शिविर का डेमो क्लास के साथ समापन किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ मधुलिका लाल प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा ।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही- कलेक्टर ने दो कर्मचारियों को किया निलंबित

**रायगढ़,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने शिक्षक डाईट धरमजयगढ़ मुलाराम भगत एवं सहायक ग्रेड-3 धनीराम राठिया को निर्वाचन प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में दोनों कर्मचारियों को अनुविभागीय अधिकारी (रा.)कार्यालय धरमजयगढ़ में अटैच किया गया है। शिक्षक डाईट धरमजयगढ़ मुलाराम भगत एवं सहायक ग्रेड-3 धनीराम राठिया वन परिक्षेत्र कापू को विधानसभा क्षेत्र-19 धरमजयगढ़ अंतर्गत मतदान दल में ड्यूटी लगाया जाकर प्रशिक्षण के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। दोनों कर्मचारियों द्वारा निर्वाचन प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### गंगाजल पर जीएसटी लगाने का...

प्रति क्विंटल धान का मूल्य क्यों नहीं मिल रहा है? इतना ही नहीं श्री बघेल ने 4-5 मुद्दों को उठाते हुए भाजपा को घेरने का काम किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए ट्वीट कर लिखा, भाजपा ने 15 साल में छत्तीसगढ़ को क्या दिया?आंखफोड़वा कांड, गर्भाशय कांड,नसबंदी कांड,पोरा बाई कांड। आगे भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस ने 5 साल में छत्तीसगढ़ को क्या दिया? स्वामी आत्मानंद स्कूल,सबको 35 किलो चावल प्रतिमाह,हॉफ बिजली बिल,कॉलेज जाने के लिए बच्चों को फ्री बस।

### भारत ने इजरायल को...

देते हुए भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत के नैतिक समर्थन की बहुत सराहना की जाती है। इजरायल जीतेगा। 1992 तक भारत और इजरायल के बीच कोई राजनयिक रिश्ता नहीं था। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बयान से साफ पता चलता है कि भारत-इजरायल संबंध अब बहुत आगे बढ़ चुके हैं। 1992 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासनकाल में दोनों देशो के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए; वहीं 2017 में इजरायल का दौरा करने वाले मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री बने।

## कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को दी आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी

### निर्वाचन संपन्न कराने प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा



**रायगढ़**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा पश्चात आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने एवं प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने एवं निष्पक्ष रहने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय अधिकारी निर्वाचन कार्यों के अलावा किसी भी प्रकार की योजनाओं से जुड़े समीक्षा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान जो कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, वे कार्य जारी रहेंगे एवं उसकी राशि आबंटन होगी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने विभागीय टेंडर प्रक्रिया नहीं करने एवं राजस्व विभाग को भूमि आवंटन तथा विस्थापन के कार्य नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रकार की भर्ती प्रक्रिया में रोक तथा स्थानांतरण पश्चात कार्यभार ग्रहण नहीं कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यालयों एवं योजनाओं से संबंधित वस्तुओं से राजनैतिक दलों के व्यक्तियों की छाया चित्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोस्टर बैनर के छपाई में मुद्रक का नाम पता के साथ प्रतियों की संख्या उल्लेखित हो सुनिश्चित किया जाए। मतदान से 48 घंटे पूर्व शराब बिक्री प्रतिबंधित करने के निर्देश आबकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने आरईएस को कहा कि जिन स्कूलों को मतदान केंद्र बनाया गया है उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें, साथ ही मतदान केंद्रों में आवश्यक जानकारी लेखन का कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने निर्वाचन में वाहनों की संख्या की जानकारी लेते हुए, निर्वाचन में ड्यूटी में संलग्न ड्राइवर एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर डी.एस.रात्रे, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए कलेक्टर, कहा निर्वाचन में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण सृजन सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री सिन्हा सम्मिलित हुए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन व्यवस्था में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। जिसमें आपकी जिम्मेदारी पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान दलों के पहुंचने से लेकर सामग्री वितरण-वापसी से मतदान समाप्ति तक होगी। सभी सेक्टर अधिकारी पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय एवं जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल द्वारा निर्वाचन में आपकी भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देंगे, कही भी शंका होने पर शीघ्र ही उसका समाधान कर ले।

**निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण, प्रशिक्षण में शामिल हुए कलेक्टर**

## मतदाताओं को लुभाने व मतदान को प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर करें सख्त कार्रवाई

### मतदान प्रक्रिया समाप्ति तक रेलवे पुलिस करें ट्रेनों की चेकिंग

### अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**रायगढ़,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात प्रवर्तन कार्रवाई टीम की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार भी उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिले में आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। जिसके तहत रायगढ़ जिले में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवम्बर 2023 को मतदान की तिथि निर्धारित है। ऐसे में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिससे जिले के विधानसभाओं में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त निर्वाचन का कार्य संपन्न हो सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिन्हा ने आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रायगढ़ जिला ओडिशा बॉर्डर से लगा हुआ है, लिहाजा इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सघन जांच की कार्यवाही करें। उन्होंने आबकारी विभाग को जिले में अवैध शराब परिवहन, भंडारण पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के बॉर्डर से किसी भी प्रकार का अवैध परिवहन नहीं होना चाहिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जीएसटी विभाग से जिले में स्थित वेयर हाउस, गोडाउन के संबंधित जानकारी लेते हुए गारमेंट्स, किचन सामग्री, स्पोर्ट्स समान के अवैध भंडारण की मौके स्थल पर जांच की कार्यवाही करें। उन्होंने रेलवे पुलिस को रेल द्वारा आगामी निर्वाचन को प्रभावित करने वाले सामग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी के साथ जांच कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रेल की जांच एवं राज्य की सीमा स्थित स्टेशनों पर मुस्तैदी के साथ चेकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में त्योहारी सीजन प्रारंभ होने वाली है, लिहाजा व्यापारियों से जांच के नाम पर अनावश्यक परेशान न करते हुए कार्यवाही करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिन्हा ने कहा कि जिला खनन क्षेत्र है, इसलिए प्रभावशील कार्यवाही जारी रखें। उन्होंने कहा सभी विभागों से कार्यवाही की रेगुलर रिपोर्टिंग करने के साथ आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि कार्यवाही में आसानी हो। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी 21 से 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय हैं। राज्य के प्रथम चरण में होने वाले विधानसभा से मार्गदर्शन लेने, शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सभी अधिकारी निर्वाचन का कार्य को प्राथमिकता से करें, किसी प्रकार के अन्य कार्यों की समीक्षा नहीं करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा की कोई भी शासकीय गेस्ट हाउस, रेस्ट हाउस में राजनीति प्रतिनिधियों को बैठक, समीक्षा न हो यह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों के साथ नगरीय निकाय के अधिकारियों को राजनीतिक प्रचार-प्रसार से संबंधित पोस्टर बैनर को हटाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, जिला आबकारी अधिकारी रामकृष्ण मिश्रा, परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त वाणिज्यिक कर, जीआरपी/आरपीएफ, खनिज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने एसपी-एसडीएम को परिपत्र जारी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंका ऋषि महोबिया ने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने की दृष्टि से असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय दण्डाधिकारी पेंड्रारोड एवं मरवाही को परिपत्र जारी कर दिया है। परिपत्र में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2023 की प्रक्रिया जारी होने के साथ ही समस्त प्रदेश में चुनाव आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील कर दी गई है जिसके अन्तर्गत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में 17 नवंबर को मतदान एवं 3 दिसंबर 2023 को मतगणना सम्पन्न होना है। शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने की दृष्टि से यह आवश्यक है कि जिले में ऐसे असामाजिक तत्वों एवं अपराधिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाये, जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं। मतदाताओं को भयभीत कर सकते है तथा कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर सकते है। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न ग्रामों, क्षेत्रों में पूर्व के जाति, धार्मिक, राजनैतिक या सामाजिक विवादों के संबंध में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध भी प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाये जो विधानसभा चुनाव के निर्वाचन अपराधों में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से संलग्न रहे हो, आपसी झगड़े या तनाव की जानकारी प्राप्त हुई हो, इन व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 107, 116 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 विहित विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए बंधपत्र निष्पादन (बाण्ड ओव्हर) की कार्यवाही करना चाहिये। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि प्रभावी कार्यवाही की दृष्टि से यह उचित होगा कि थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में समीक्षा करें ऐसे व्यक्ति जो आदतन अपराधी प्रवृत्ति तथा लोक शांति भंग करने की गतिविधियों में लिप्त रहते हैं, उनके विरुद्ध धारा 110, 116 दण्ड प्रक्रिया संहिता, तत्काल कार्यवाही की जाये। कार्यवाही के समय यह ध्यान रखा जावे कि विविध प्रावधानों का पूरा पालन हो तथा जहां आवश्यक हो, अनावेदक को मौके पर सुना जाकर उसका उत्तर या बयान अंकित किया जाये। इस प्रकार की कार्यवाही से न केवल अधिकारियों को इलाके की वास्तविक स्थिति को समझने का मौका मिलेगा, बल्कि अधिक प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अभियान के दौरान अपने अधीनस्थ समस्त कार्यपालिका दण्डाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी न्यायालय में दण्ड प्रक्रिया संहिता की प्रतिबंधात्मक धाराओं 107, 109, 110 में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करने तथा विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए असामाजिक तत्वों एवं समस्या पैदा करने वाले व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही करें और की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रतिदिन भेजा जाये।



## कलेक्टर के बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जायेंगे शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी

**रायगढ़**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 9 अक्टूबर को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा की जा चुकी है। जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि कलेक्टर के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा अपने निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक.........
अ-74/ 2023-24
ग्राम परतापपुर प.ह.नं. ......

एतद् द्वारा ग्राम परतापपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुबारक अली आ. स्व. गुलाब अली जाति .... निवासी परतापपुर तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम परतापपुर ह.नं. 07 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 22/2, 21/2, 153/2, 201/गा 99/2 रकबा 1.315, 0.668, 0.841 हेक्टे. भूमि का मूल किसान किताब जीर्ण-शीर्ण/ गुम हो जाने से द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/10/23 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202309071000006/ अ6/वर्ष 22-23
ग्राम सकरी तहसील सकरी

आवेदक विनोद अग्रवाल पिता श्री अशोक कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 08 कोटा, बिलासपुर छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रानुसार ग्राम सकरी म.नं. 02 प.ह.नं. 45 तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 513/36 रकबा 0.016 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अशोक कुमार अग्रवाल पिता बिहारी लाल के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि को भूमि स्वामी अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा वसीयतनामा के आधार पर दिनांक 31.12.2022 को आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। आवेदित भूमि के भूमि स्वामी अशोक कुमार अग्रवाल पिता बिहारी लाल की दिनांक 10.06.2023 को मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक द्वारा आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर वसियतनामा के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 04.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार सकरी**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम छतौना तह. सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा सिंह पति अरूण सिंह, निवासी-होलीक्रास विद्यालय के सामने, यमुना नगर मंगला बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग.द्वारा ग्राम छतौना, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 123/4 रकबा 0.55 एकड़ भूमि तथा 123/5 रकबा 0.40 ए.भूमि को आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। क्रय पश्चात् काबिज काश्त चले आ रहे हैं। वर्तमान बी-1 खसरा में आवेदित भूमि ख.नं. 123/4 का रकबा 0.0010 एवं ख.नं. 123/5 का रकबा 0.0010 दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत् आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
अति. तहसीलदार
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

# देश

उवाच

2021 में जातीय जनगणना होनी थी लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जनगणना नहीं कराई गई। केंद्र की मोदी सरकार आखिर जातीय जनगणना से क्यों मुकर रही है। क्या वंचितों को उसका अधिकार नहीं मिले।

**-सीताराम येचुरी,सीपीआईएम के राष्ट्रीय महासचिव**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 33` | 26` |
| मुंबई | 3` | 27` |
| कोलकाता | 33` | 26` |
| चेन्नई | 3`` | 27` |

# सिक्किम के आपदा पीड़ितों की सुध नहीं ले रहे मोदी व शाह : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सिक्किम में आपदा पीड़ित गहरे संकट में हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह उनकी सुध नहीं ले रहे हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्वोत्तर को लेकर मोदी सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। मणिपुर को वे भूल गए हैं और अब सिक्किम में आपदा से लोग परेशान हैं लेकिन उनकी पीड़ा केंद्र सरकार तक नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मोदी और शाह चुनाव आते ही देश में जगह दिखाई देते हैं लेकिन जब भी पूर्वोत्तर में किसी तरह की मुश्किल आती है तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सिक्किम के लोग परेशान हैं और मोदी सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए। कांग्रेस की मांग है कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार की तरफ से राज्य सरकार की पूरी मदद दी जाए। उनका कहना था कि 2011-12 में जब सिक्किम में भूकंप आया था तब पूरा देश मदद करने के लिए एकजुट हो गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि सिक्किम के लोग पूछ रहे हैं कि एनडीआरएफ की टीम को प्रभावित इलाकों में पहुंचने में देरी क्यों हो रही है। उत्तर सिक्किम में 14 पुल टूट चुके हैं। वहां के लोग आज

**■ केंद्र सरकार पर लगाया आपदा पीड़ितों की सुध न लेने का आरोप**



**आपदा की घड़ी में केंद्र सरकार की तरफ से राज्य सरकार की पूरी मदद दी जाए : गौरव गोगोई**

अंधकार में जीने को मजबूर हैं। उत्तर सिक्किम सीमा के उस पार चीन बैठा है और वह हर दिन जमीन हथियाने में लगा रहता है तब भी मोदी सरकार तत्पर नहीं दिखती है। सरकार का एक भी वरिष्ठ मंत्री आज तक सिक्किम नहीं गया। गृह मंत्री के पास समय नहीं है और प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

गौरतलब है कि सिक्किम में गत तीन अक्टूबर को बादल फटने से लहोनक और शाको चू झील टूट गईं। इससे तीस्ता नदी में बाढ़ आई, जिसने मंगन, गंगटोक, पाक्योंग और नामची में तबाही मचाई। बाढ़ के 6 दिन बाद भारतीय सेना राज्य में कनेक्टिविटी बहाल करने में जुट गई है। इस काम में सेना की त्रिशक्ति कॉर्प्स को बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के जवान मदद कर रहे हैं। तीस्ता की बाढ़ से 25 हजाार लोग प्रभावित हुए हैं। 1200 घर बह चुके हैं। मरने वालों की संख्या 74 हो गई है, जबकि 101 लोग अब भी लापता हैं। सिक्किम में 23 शव मिले, जबकि सेना के 8 जवानों के शव पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में मिले हैं। पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी कलेक्टर परवीन शमा ने कहा कि उन्हें बाढ़ में बहकर आए 41 शव मिले हैं। उधर, राज्य सरकार ने लहोनक और शाको झील पर होने वाली हलचलों पर नजर रखने के लिए इसरो से मदद मांगी है, ताकि एक और आपदा से बचा जा सके।

## सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा से लोग परेशान : कांग्रेस

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने कहा कि सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा से लोग परेशान हैं लेकिन शायद उनकी आवाज मोदी सरकार तक नहीं पहुंच पा रही है। सिक्किम में प्राकृतिक आपदा से करीब 25000 लोग प्रभावित हैं, 7600 लोग बेघर हो चुके हैं, 80 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 3000 पर्यटक फंसे हुए हैं। सिक्किम में करीब 28 राहत शिविरों में 6800 लोग रह रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-10 क्षतिग्रस्त हो चुका है और सेना के आठ जवानों के शव भी मिले हैं। केंद्र सरकार चुप्पी साध चुकी है और सबका एक ही सवाल है आखिर केंद्र की मोदी सरकार सिक्किम की जमीन पर सक्रिय क्यों नहीं है।



## लश्कर आतंकी ने की थी कश्मीरी पंडित की हत्या

**श्रीनगर,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के अलशीपोरा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है। वे एक कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि शोपियां के सामान्य क्षेत्र गांव अलीशाहपुर में दो अज्ञात आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों से खुफिया जानकारी मिलने पर, 9-10 अक्टूबर की मध्यरात्रि को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि तलाशी लेने के लिए सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। रात करीब 1 बजे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं, जिसके परिणामस्वरूप गोलीबारी हुई। ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूक के रूप में की गई है। दोनों लश्कर-ए-तैयबा से थे।

पुलिस सूत्रों से यह भी पता चला है कि जाजिम फारूक उर्फ अबरार इस साल 26 फरवरी को पुलवामा में एक कश्मीरी पंडित स्वर्गीय श्री संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। दो एके सीरीज राइफल, एक पिस्तौल और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है। सेना ने कहा कि इसने एक बार फिर आतंकवादियों को समर्थन देने और कश्मीर में शांति और विकास को बाधित करने की कोशिश में पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को सामने ला दिया है।

# तंजानिया में शुरू होगा देश के बाहर पहला आईआईटी : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के बाहर आईआईटी का पहला कैंपस तंजानिया (जंजीबार) में स्थापित किया जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को बताया कि यह कैंपस इसी साल नवंबर शुरु में होने वाला है। तंजानिया में यह कैंपस आईआईटी मद्रास के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के बाहर यह पहला आईआईटी संस्थान तंजानिया और अन्य अफ्रीकी देशों के छात्रों को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शिक्षा प्रदान करेगा। साथ ही दोनों देशों और महाद्वीपों के बीच शैक्षिक सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा। कौशल-केंद्रित और बाजार से जुड़ी उच्च शिक्षा को सहयोगात्मक तरीके से दोनों देशों के युवाओं तक पहुंचाया जाना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में 55,000 संस्थानों, 42 मिलियन छात्रों और 1.6 मिलियन शिक्षकों के साथ एक जीवंत उच्च शिक्षा इकोसिस्टम है। इसे महत्वाकांक्षी एनईपी 2020 के साथ और मजबूत करने की आवश्यकता है जो परिवर्तनकारी सुधार ला रही है। उन्होंने कहा कि पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाने के मूलभूत स्तंभ हैं। शिक्षा प्रणाली के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में काफी प्रगति हुई है। गौरतलब है कि तंजानिया की पहली महिला राष्ट्रपति महामहिम डॉ. सामिया सुलुहु हसन भारत में हैं। भारत-तंजानिया संबंधों



को मजबूत करने, आर्थिक कूटनीति को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय एकीकरण और बहुपक्षवाद में सफलता हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट (मानद उपाधि) से सम्मानित किया है। जेएनयू में हुए इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने उल्लेख किया कि डॉ. सामिया सुलुहु हसन को शैक्षिक सम्मान प्रदान करना भारत के साथ उनके लंबे जुड़ाव और दोस्ती को मान्यता देता है। शिक्षा और क्षमता निर्माण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू हैं।

**आईआईटी मद्रास के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है कैंपस**

उन्होंने यह भी बताया कि आईटीईसी कार्यक्रम के तहत तंजानिया के 5,000 से अधिक नागरिकों को पहले ही भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि जंजीबार में पहला विदेशी आईआईटी स्थापित करने के लिए तंजानिया पसंदीदा स्थान है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि संस्थान में पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए तकनीकी शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनने की क्षमता है।

## सार संक्षेप

### मंडला में जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी प्रियंका गांधी

**भोपाल।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के मंडला में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी और एक जनसभा को संबोधित करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की ओर से यहां मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को मंडला पहुंचेंगी, जहां वे कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी। प्रियंका गांधी वहां के रामनगर ग्राउंड में दोपहर लगभग 12 बजे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगी।

### मेघालय के 269 स्कूलों में छात्रों की संख्या 1 से कम

**शिलांग।** मेघालय के शिक्षा मंत्री रक्कम ए संगमा ने मंगलवार को कहा कि मेघालय में 269 स्कूल हैं जिनमें प्रत्येक में 1 से कम छात्रों का आधिकारिक नामांकन है। संगमा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों का सत्यापन करेगी और मुद्दे के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट की जांच के लिए जल्द ही एक अधिकारी स्कूलों का दौरा करेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के 269 स्कूलों में से 168 प्राथमिक स्कूलों में 1 से कम छात्र हैं। 1 1 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन समान रूप से निराशाजनक है।

### लालू बिहार की राजनीति के कैंसर : सम्राट चौधरी

**पटना।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के जातीय गणना की आलोचना करने वालों पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि लालू प्रसाद सही मायने में बिहार की राजनीति में कैंसर हैं। वे भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं और कुछ भी नहीं। चौधरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बिहार की राजनीति में कोई एक व्यक्ति यदि राजनीति का कैंसर बन गया है तो उसका नाम है लालू प्रसाद और उसका बचाव नीतीश कुमार कर रहे हैं। एक समय था जब नीतीश कुमार ने चारा घोटाला में उन्हें जेल भिजवाया और आज भी लैंड फॉर जॉब मामले में वे कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं।

### ओडिशा में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में मंगलवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो नाबालिगों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 3 वर्षीय रुनु पधान और उनका नाबालिग बेटा लिपू सोमवार देर रात महाबिरोड गांव के पास एक खुले मैदान में सो रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने वाहन को रोकने की कोशिश की। लेकिन, दुर्घटना के बाद आरोपी चालक मौके से भागने में सफल रहा।

# सीबीआई ने भाजपा विधायक चटर्जी के आवास पर की छापेमारी

**कोलकाता,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के बारह से अधिक नगर निकायों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक पार्थसारथी चटर्जी के आवास और पांच अन्य स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। यह छापेमारी केंद्र की अपराध-विरोधी शाखा द्वारा घोटाले की जांच के तहत राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस विधायक मदन मित्रा के घरों की तलाशी के एक दिन बाद हुई। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने नादिया जिले के राणाघाट में विधायक के घर और दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर, हावड़ा के उलुबेरिया सहित पांच अन्य स्थानों पर तलाशी शुरू की। यह पहली बार है जब संघीय एजेंसी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच में विपक्षी भाजपा विधायक के आवास पर छापा मारा। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी सुबह से ही सक्रिय हो गए और टीएमसी संचालित डायमंड हार्बर नगरपालिका की अध्यक्ष मीरा हलदर और उल्लुबेरिया नागरिक निकाय के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सरकार के घरों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। सीबीआई ने रविवार को पश्चिम बंगाल के शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री के साथ-साथ शहर के मेयर फिरहाद हकीम के आवास की तलाशी लेते हुए उनसे नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

**■ नगर निकायों में भर्ती में कथित अनियमितताओं का मामला**

# मप्र में लगातार बढ़ता जा रहा अत्याचार : कमलनाथ

**शहडोल,**10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में शहडोल जिले के ब्यौहारी में मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। शिवराज सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश की तस्वीर आप अपने सामने रख लीजिएगा, आज यह प्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर वन है और प्रदेश में लगातार अत्याचार बढ़ता जा रहा है। आज यह प्रदेश चौपट प्रदेश बन गया है। कमलनाथ ने रानी दुर्गावती, बादल भोई, टंट्या मामा को याद करते हुए कहा कि मैं आदिवासी क्षेत्र छिंदवाड़ा से आता हूं। आज यहां आकर बहुत खुशी हुई। राहुल गांधी आप उस प्रदेश में आए हैं, जहां चौपट सरकार सालों से चल रही है। यहां अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब कुछ चौपट है। चुनाव की घोषणा के बाद ये पहली सभा है। इस चुनाव में मध्य प्रदेश के भविष्य का फैसला होना है। आज का भटकता नौजवान सबसे बड़ी चुनौती है। आने वाली पीढ़ियों को कैसा मध्य प्रदेश देना चाहते हैं, ये आने वाला चुनाव तय करेगा।

**■ शहडोल के ब्यौहारी में आयोतिजत जनसभा में भाजपा सरकार को घेरा**

**मुंह चलाने व देश चलाने में बहुत अंतर**

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह ऐसा प्रदेश है जहां किसान के आंसू शिवराज नहीं देख सकते। मुंह चलाने और देश चलाने में बहुत अंतर है। अब सिर्फ 35 दिन बचे हैं। एमपी की जनता ने आपकी कलाकारी को पहचान लिया है।

पैसे दो काम लो ये आज हालात हैं। कांग्रेस की सरकार आते ही हम सबसे पहले रेत माफिया से निपटेंगे। रेत का अधिकार आपको देंगे। शिवराज ने घर-घर में शराब दी है। हमारी सरकार ने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया, शहडोल के 18 हजार किसानों का कर्ज पहली किस्त में माफ किया। 100 रुपये 100 यूनिट बिजली दी। एक हजार गौशाला बनाई। हमने पेंशन बढ़ाई। हमने एमपी की पहचान बनाने की कोशिश की। यहां निवेश आए और यहां के युवाओं को रोजगार मिले। ये मेरा प्रयास था। शिवराज जी जनता ने आपको पहचान लिया है। 35 दिन में दबाने, घबराने और छिपाने वाला कार्यकाल खत्म होने वाला है। जनता आपको प्यार से विदा करेगी। हम विकास का नया इतिहास बनाएंगे। एमपी की तस्वीर सामने रखकर सच्चाई का साथ दीजिएगा। शहडोल की तीनों विधानसभा का झंडा हमारी मध्यप्रदेश विधानसभा में लहराएगा।




**प्रदेश में यहां अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब कुछ चौपट है : कमलनाथ**

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद

**सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद आएगी। कमलनाथ ने यहां मीडिया के सवालों के संक्षिप्त जवाब में यह टिप्पणी की। उनसे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी प्रत्याशियों की सूची को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने कहा कि यह कार्य श्राद्ध के बाद होगा। इस दौरान उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा की विदायी का मन बना लिया है। अब भाजपा के पास कुछ नहीं बचा है और इसका अहसास उन्हें (भाजपा) हो गया है। विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही सभी 230 सीटों पर नामांकनपत्र दाखिले का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। अभी तक कांग्रेस प्रत्याशियों की एक भी सूची नहीं आई है।

# एसटी की आबादी कम, गोवा विधानसभा में आरक्षण संभव नहीं : रामदास आठवले

**पणजी,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। गोवा में अनुसूचित जनजाति समुदाय ने राजनीतिक आरक्षण नहीं मिलने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इस बावत केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को कहा कि चूंकि गोवा में अनुसूचित जनजाति की आबादी कम है, इसलिए तटीय राज्य में आरक्षण संभव नहीं है। रामदास आठवले ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी जनगणना के अनुसार बहुत कम है, इसलिए आरक्षण संभव नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गोवा फॉरवर्ड के विधायक विजय सरदेसाई ने कहा कि भाजपा सरकार को केंद्रीय मंत्रियों के बयान पर जवाब देना चाहिए और इसे स्पष्ट करना चाहिए। सरदेसाई ने कहा, क्या यह एक मजाक है या भाजपा सरकार की नीति है। आठवले का यह बयान कि गोवा विधानसभा में एसटी के लिए आरक्षण संभव नहीं है, बहुत चौंकाने वाला है और इस पर गंभीरता से विचार किया जाना असंभव है। फतोर्दा के विधायक ने कहा कि गोवा विधानसभा ने सर्वसम्मति से राज्य सरकार से समुदाय की इस लंबे समय से चली आ रही उचित मांग को जल्द से जल्द लागू करने के लिए केंद्र को मनाने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया है। मैं चाहता हूं कि गोवा भाजपा और मुख्यमंत्री कार्यालय उनके बयान पर तुरंत प्रतिक्रिया दें और एसटी समुदाय और गोवा के लोगों को स्पष्ट करें कि वे कहां खड़े हैं। मैं इस तरह की टिप्पणियों को बिना सवाल किए जाने नहीं दे सकता। क्या डबल इंजन एक बार फिर एसटी समुदाय को धोखा देने के लिए तैयार है। जुलाई में गोवा विधानसभा ने सर्वसम्मति से एसटी नेता और विधायक डॉ. गणेश गांवकर द्वारा पेश एक निजी सदस्य प्रस्ताव को अपनाया था, जिसमें सरकार से एसटी के लिए गोवा विधानसभा में राजनीतिक आरक्षण का प्रावधान करने के लिए कहा गया था।



**■ राजनीतिक आरक्षण नहीं मिलने पर अनुसूचित जनजाति समुदाय ने जताई नाराजगी**

## तमिलनाडु विस में कावेरी विवाद पर प्रस्ताव पारित

**चेन्नई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु विधानसभा में उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप कर्नाटक को राज्य के लिए पानी छोड़ने का निर्देश देने का केंद्र से आग्रह करने वाला एक सरकारी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने यह प्रस्ताव मानसून सत्र के शुरुआती दिन में पेश किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रस्ताव में कुछ संशोधनों के समर्थन के बीच बहिर्गमन किया। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया था। सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी अन्नाद्रमुक के सहयोगियों सहित सभी दलों ने प्रस्ताव का समर्थन किया और मुद्दे पर बात की।



प्रस्ताव में कहा गया कि कावेरी डेल्टा के किसानों की आजीविका की रक्षा के लिए, जो तमिलनाडु की कृषि का आधार हैं, इस अगस्त सदन ने सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह कर्नाटक सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के निर्देश के अनुसार तमिलनाडु को पानी छोड़ने का निर्देश दे।

# अल्पसंख्यकों को जोड़ने के लिए अभियान चलाएगी भाजपा

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा अपना जनाधार व्यापक करने और अल्पसंख्यकों को पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर जोड़ने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करने की तैयारी में हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के ठीक बाद इस अभियान को शुरू किया जाएगा। पार्टी ने इसे अल्पसंख्यक स्नेह संवाद नाम दिया है।

**नड्डा करेंगे स्नेह संवाद अभियान की शुरुआत**

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पांच दिसम्बर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही भाजपा इस अल्पसंख्यक स्नेह संवाद अभियान का आगाज कर देगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस अभियान की शुरुआत करेंगे। हालांकि इस अभियान में भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा की बड़ी भूमिका होगी। इस अल्पसंख्यक स्नेह संवाद के तहत बूथ सशक्तिकरण से लेकर अल्पसंख्यको के साथ सामाजिक संपर्क बढाने व महिलाओं का सम्मेलन, सूफी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुरू किए जा रहे इस अल्पसंख्यक स्नेह संवाद अभियान तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी एक राष्टीय स्तर पर बड़ा कार्यक्रम होगा। जिसे वे संबोधित करेंगे। हालांकि कार्यकम इस कार्यक्रम की तारीख और जगह अभी तक तय नहीं हुआ है।

बताया जा रहा है कि इस पहल के तहत सामाजिक और धार्मिक प्रभाव नेताओं के साथ ही मोदी मित्रों और केंद्रीय योजनाओं की अल्पसंख्यक महिला लाभार्थियों, इसी समुदाय की खेल शख्सियतों व अन्य प्रभावशाली लोगों की चर्चा करवाई जाएगी।

**मंजूरी** *बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में मिली मंजूरी*


# बिहार के बेऊर समेत आठ केंद्रीय जेलों में नियुक्त होंगे मनोचिकित्सक

**पटना,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार की जेलों में बंद मानसिक बीमार कैदियों को अब इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के सेंट्रल जेलों में मनोचिकित्सक की बहाली के प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद इसकी जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदेश के सभी आठ सेंट्रल जेलों में मानसिक बीमार कैदियों के इलाज के लिए मनोचिकित्सकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

सभी जेलों में संविदा के आधार पर एक-एक मनोचिकित्सकों की बहाली की जाएगी। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि आजीवन कारावास और फांसी की सजा पाए बंदियों में लंबे समय तक जेल में रहने के कारण आत्महत्या जैसी प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाती है। साथ ही जीवन के प्रति निराशा के कारण इनमें मानसिक रोग अधिक पाया जाता है, जिसके इलाज के लिए क्लिनिकल मनोचिकित्सक की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि इस परिस्थिति में कारा चिकित्सा सेवा को सुदृढ़ करने एवं मानसिक रोग से ग्रसित बंदियों को विशेष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सभी आठ केंद्रीय काराओं में संविदा के आधार पर एक-एक क्लिनिकल मनोचिकित्सक का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जिन आठ केंद्रीय काराओं में क्लिनिकल मनोचिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी उनमें आदर्श केंद्रीय कारा बेऊर, पटना, गया केंद्रीय कारा, बक्सर केंद्रीय कारा, पूर्णिया केंद्रीय कारा, मोतिहारी केंद्रीय कारा, विशेष केंद्रीय कारा भागलपुर, केंद्रीय कारा भागलपुर और खुदीराम बोस केंद्रीय कारा मुजफ्फरपुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) और व्यापार मंडलों को सीएमआर चावल की शत-प्रतिशत आपूर्ति पर मिलने वाले अनुदान की राशि को 10 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 30 रुपए प्रति क्विंटल तक कर दिया है।

उन्होंने बताया कि अब तक पैक्स और व्यापार मंडलों द्वारा सीएमआर चावल की आपूर्ति के आधार पर प्रबंधकीय अनुदान 10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मिलता था। लेकिन, अब सरकार ने इस अनुदान को प्रोत्साहन स्वरूप तीन श्रेणी में बांटकर देने का निर्णय लिया है। खरीफ विपणन मौसम 2022-23 से 30 जून तक सीएमआर चावल की शत-प्रतिशत आपूर्ति करने वाले पैक्स और व्यापार मंडलों को 10 रुपए प्रति क्विंटल की बजाय 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा। जबकि, 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत चावल की आपूर्ति करने वाले को 25 रुपए प्रति क्विंटल और इसके बाद शत-प्रतिशत चावल की आपूर्ति करने वाले को 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा।



**■ नीतीश की अध्यक्षता में हुई बैठक में 14 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी**

बिलासपुर, बुधवार 11 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महिला श्रम की सराहना है गोल्डिन को नोबेल

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के नज़रंदाज़ कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है। अमेरिका की गोल्डिन की विश्व भर में आर्थिक इतिहासकार व श्रम अर्थशास्त्री के रूप में बहुत प्रतिष्ठा है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गोल्डिन ने पिछली लगभग दो सदियों के आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर उन कारणों का पता किया है जिनके चलते श्रम के मामले में महिलाएं पक्षपात का शिकार बनी हैं। उन्होंने बतलाया है कि विभिन्न कारणों से महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पारिश्रमिक मिलता है। वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व चिंताजनक रूप से अल्प है। उनका अध्ययन यह भी बतलाता है कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदलता चला गया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला यह पुरस्कार अब तक 92 अर्थशास्त्रियों को मिला है। गोल्डिन के पहले तक केवल दो महिलाएं ही यह पुरस्कार पा सकी हैं।

प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी प्रेस ने उनके बारे में कहा है कि- 'आर्थिक इतिहासकार और श्रम अर्थशास्त्री के रूप में गोल्डिन के शोध में महिला श्रम शक्ति, कमाई में जेंडर गैप, तकनीकी परिवर्तन, शिक्षा और आव्रजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उनके अधिकांश शोध अतीत के दृष्टिकोण से वर्तमान की व्याख्या करते हैं और चिंता के वर्तमान मुद्दों की उत्पत्ति की पड़ताल करते हैं। उनकी सबसे हालिया पुस्तक 'कैरियर एंड फैमिली- महिलाओं की शताब्दी' समानता की ओर लंबी यात्रा है।' नोबेल समिति ने पुरस्कार की घोषणा के दौरान कहा कि- 'गोल्डिन ने अपने शोध से सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार के परिणामों का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से नए पैटर्न का पता चलता है, परिवर्तन के कारणों की पहचान होती है और जेंडर गैप के बारे में भी जानकारी मिलती है।'

बेशक, गोल्डिन महिला श्रम के बारे में 200 वर्षों के डेटा के आधार पर जो सच्चाइयां अपने निष्कर्षों के रूप में सामने लाई हैं, वे और भी कई सदियां पुरानी हैं और आज भी नंगी आंखों से देखकर ही यकीन करने के काबिल हैं। आधुनिकता और समानता पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली ज्यादातर देशों में चलन में आ जाने के बावजूद आज भी यह एक ठोस वास्तविकता है कि महिलाएं श्रम और मेहनताने दोनों ही मामलों में भारी भेदभाव की शिकार हैं। प्रकारांतर से चाहे अविकसित देश हों या विकासशील या विकसित, तीनों ही तरह की परिस्थितियां किसी न किसी तरीके से उन्हें उनके हक का पारिश्रमिक लेने से वंचित करती हैं। जब वे काम करती हैं तो इस भेदभाव का शिकार तो होती ही हैं, काम न मिलने या छूट जाने जैसी स्थितियों में भी उनके हिस्से में पुरुषों के मुकाबले अधिक दुश्वारियां आती हैं। काम देते वक्त वे नियोक्ता की आखिरी पसंद होती हैं तो काम के दौरान वेतन, भत्ते, छुट्टी के मामलों में उनके साथ गैरबराबरी पूर्ण व्यवहार होता है। इतना ही नहीं, काम से हटाने या छंटनी के समय वे पहली पसंद बन जाती हैं।

भारत सहित तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों- एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में गोल्डिन के निष्कर्ष बहुत मुखर और स्पष्ट होकर सामने आते हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है। उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर उन्हें समान काम के लिये भी कम वेतन दिया जाता है। भारत सहित जहां भी पितृसत्तात्मक व सामंती सामाजिक व्यवस्था है, वहां कामकाजी महिलाएं उपहास व आलोचना की पात्र बनकर रह जाती हैं। बड़ी संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाओं का जीवन घरू काम करते हुए गुजर जाता है। पहले से ही माना जाता है कि उनके जीवन की सार्थकता ब्याह के बाद पति व ससुराल वालों की सेवा-टहल और बच्चों की परवरिश करने में है। यह किसी एक धर्म की बात नहीं है। अधिकतर सम्प्रदायों व समुदायों की महिलाओं के बाबत यही यथार्थ है। बड़ी संख्या में लोगों की यह भी मान्यता है कि महिलाएं मौज-मस्ती या अपने फैशन के खर्चे पूरे करने के लिये काम करने घरों से निकलती हैं।

हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने पक्की नौकरियां खोई हैं। इनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। इनमें 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। कामकाजी महिलाओं का औसत बेहद चिंतनीय है और उनके सशक्तिकरण के ठोस उपाय करने में ज्यादातर अविकसित व विकासशील देशों की कोई भी अर्थप्रणाली नाकाम साबित हुई है। पश्चिमी देशों में स्थिति फिर भी काफी ठीक है लेकिन वैश्विक जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तीसरी दुनिया में बसता है, महिलाओं के सन्दर्भ में गोल्डिन के शोध बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जब तक आधी आबादी के लिये आर्थिक दृष्टिकोण से समानतापूर्ण वातावरण नहीं बनाया जाता, विकास का लक्ष्य पहुंच से बाहर ही रहेगा। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के प्रेसिडेंट जैकब स्वेन्सन ने सच ही कहा है कि- 'श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। गोल्डिन के शोध से वे बाधाओं को दूर हो सकेंगी जिनका आज महिलाएं सामना कर रही हैं।' गोल्डिन को नोबेल देना विकास में भागीदारी निभाती महिलाओं को पुरस्कृत करने जैसा है।

# 5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों का ऐलान सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयोग ने देश की राजधानी में किया, उसका महत्व केवल राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकारों के बनने-बिगड़ने तक सीमित न रहकर उससे कहीं बहुत आगे का है। इन चुनावों में केवल यह देखने को नहीं रह गया है कि क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी सरकारें बचाए रखने में कामयाब होती है या उन पर भारतीय जनता पार्टी काबिज होती है? यह भी देखने की बात नहीं है कि क्या मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार का विसर्जन होता है या वहां कांग्रेस का कब्जा होता है? तेलंगाना का चुनाव भी दिलचस्प होगा परन्तु उसे लेकर केवल इतनी सी उत्सुकता नहीं है कि क्या वहां क्षेत्रीय दल भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) दो-दो राष्ट्रीय पार्टियों से अपनी सरकार को बचा पाती है या नहीं? अगर ऐसा नहीं होता तो देखना यह भी होगा कि इस दक्षिण भारतीय राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है या भाजपा जीत सकेगी? उत्तर पूर्व के एक छोटे से राज्य मिजोरम में भी इसी समय चुनाव हो रहा है। वहां भी देखना होगा कि सत्तारुढ़ मिजोरम नेशनल फ्रंट की सरकार में वापसी होती है या नहीं? या फिर कोई नये समीकरण बनते हैं।

ये चुनाव ऐसे समय पर हो रहे हैं जब देश का सबसे बड़ा राजनैतिक दल कही जाने वाली भारतीय जनता पार्टी अनेक तरह की परेशानियों से गुजर रही है और उसे चुनौती देने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी यानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिसका देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे अहम योगदान था और उसे ही भारत को आजाद कराने का श्रेय दिया जाता है, लगातार मजबूत हो रही है। वह न सिर्फ खुद में ताकतवर हो रही है वरन अपने साथ समग्र प्रतिपक्ष को भी सशक्त कर रही है। उसके साथ और उसी के नेतृत्व में पिछले दिनों बने 28 दलों के विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के समक्ष चुनौती के साथ-साथ ऐसा विकल्प भी पेश कर दिया है जो भरोसेमंद हो सकता है।

तीन-चार मानकों पर देखें तो भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर साफ दिखता है जो इन चुनावों में सारा फर्क पैदा करने जा रहा है। पहला तो है दोनों दलों के प्रमुख नेताओं की छवि का मामला। भाजपा कुल जमा एक ही चेहरे पर पिछले 10 वर्षों से सब कुछ कर रही है-पार्टी चलाने से लेकर सरकार चलाने तक। 2013-14 में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के तत्काल बाद से ही सम्पूर्ण भाजपा मोदी में विलीन हो चुकी है। भाजपा के पहले कार्यकाल में तो फिर भी भाजपा के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता चलते-फिरते दिखाई पड़ते थे, लेकिन अपनी छवि को वास्तविकता से बढ़कर मजबूत व लोकप्रिय बनाने के चक्कर में भाजपा के प्रचार तंत्र ने बाकी सभी नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों का अस्तित्व ही मिटाकर रख दिया। अब भाजपा इस कदर मोदी पर आश्रित हो गई है कि उनकी स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता पर ही पूरे चुनावी नतीजे टिके रहते हैं। भाजपा द्वारा खुद को मोदी केन्द्रित कर देने का अंजाम उसके सामने है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, वहां मोदी के अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है और जाहिर है कि स्थानीय चेहरा न होने से राज्य इकाइयों को चुनाव लड़ने में दिक्कत आ रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में उसके पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान तथा डॉ. रमन सिंह तीनों ही हाशिये पर हैं और इन राज्यों के चुनाव उनके चेहरों पर तो नहीं ही लड़े जा रहे हैं- किसी और चेहरे को शीर्ष कमान की न तो मान्यता है और न ही जन स्वीकार्यता।



डॉ. दीपक पाचपोर

> इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवतः भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवतः इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा।

दूसरे, हाल के वर्षों में मोदी की छवि में बड़ी गिरावट दर्ज हुई है, खासकर उनकी विभिन्न योजनाओं की असफलताएं, कोरोना कुप्रबंधन, अदानी के साथ उनके रिश्तों का उजागर होना, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, अनैतिक तरीकों से विपक्षी सरकारें गिराना, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना, आर्थिक बदहाली व बढ़ती गैरबराबरी, विफल विदेश नीति, बढ़ती साम्प्रदायिकता, मणिपुर, नूंह जैसी घटनाएं, सरकार विरोधियों को जेलों में डालने जैसे कदमों ने उन्हें एक निरंकुश व क्रूर शासक के रूप में स्थापित किया है। इसके विपरीत उन्हें टक्कर देने वाले राहुल गांधी की छवि में बड़ा सुधार आया है। करोड़ों रुपये खर्च कर भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं, आईटी सेल व सोशल मीडिया पर सक्रिय ट्रोल आर्मी ने राहुल, गांधी परिवार, कांग्रेस तथा सम्पूर्ण विपक्ष के खिलाफ जो कलुषित अभियान छेड़ा था, वह अब ध्वस्त हो गया है। राहुल द्वारा पिछले सितम्बर में कन्याकुमारी से कश्मीर की जो भारत जोड़ो यात्रा निकाली, उसने उन्हें एक संजीदा, समझदार एवं परिश्रमी नेता के रूप में स्थापित किया है जो चीजों को समझते हैं और समाधान जानते हैं। उनकी बातों को लोगों ने सच होता हुआ पाया है।

तीसरा बड़ा अंतर जो लोग देख रहे हैं वह है भाजपा के पास मुद्दों की टंचाई। उसका सामाजिक ध्रुवीकरण का फार्मूला कर्नाटक चुनाव में असफल हो गया और अब उसका कोई लेवाल नहीं है। साम्प्रदायिकता से होने वाले नुकसान का आभास जनता को हो चुका है इसलिये उसके विपरीत कांग्रेस एवं विपक्षी गठबन्धन द्वारा उठाये जा रहे जमीनी मुद्दे लोगों को अधिक आकर्षित करने लग गये हैं। उसके द्वारा उठाया गया जातिगत जनगणना और पिछड़े व अति पिछड़े लोगों के लिये आरक्षण का मुद्दा भाजपा को बेचैन कर रहा है। सोमवार को सम्पन्न कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में हुई इस घोषणा का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है, जिसमें उसने कहा है कि अगर इन राज्यों के चुनाव वह जीतती है तो जातिगत जनगणना कराई जायेगी तथा जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी। भाजपा इसके खिलाफ बोल पाने में भी असमर्थ है क्योंकि इसका अगर वह विरोध करेगी तो एक बड़ा वोट बैंक उससे छिटक सकता है।

इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवतः भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवतः इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा। भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई मुद्दा ही नहीं है और लोग इस बात का पहले से ही अनुमान लगाए बैठे हैं कि मोदी एवं भाजपा कोई ऐसा मसला ज़रूर खड़ा करेंगे जिससे उनकी नैया पार लग सके। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक तो कह ही चुके हैं कि- 'मोदी चुनाव जीतने के लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं। वे 2024 के चुनाव के पहले पुलवामा जैसा कांड या राममंदिर पर हमला भी करा सकते हैं।' दूसरी ओर कांग्रेस व इंडिया अब बेहद सतर्क हैं और धार्मिक या भावनात्मक मुद्दों की भाजपायी पिच पर उतरने के लिये तैयार ही नहीं है। अब तो परिस्थिति इस कदर विपरीत है कि कांग्रेस-इंडिया के उठाये मुद्दों पर भाजपा बोलने पर भी फंस रही है और मौन रहे तो और भी फंसती जाती है। ये चुनाव केवल पांच सरकारें बनाएंगे या गिराएंगे नहीं, वरन लोकसभा-2024 का रास्ता और विमर्श दोनों का ही निर्धारण करेंगे।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार

■ कल्याणी शंकर

क्या भारत को जाति जनगणना की आवश्यकता है? यदि इसे राष्ट्रीय स्तर पर कराया जाता है, तो यह क्या परिणाम लायेगा- सकारात्मक या नकारात्मक? इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। संभावित लाभ या कमियों पर अलग-अलग राय के कारण यह मुद्दा विवादास्पद है।

राय अलग-अलग हैं, कुछ इसकी दीर्घकालिक उपस्थिति को स्वीकार करते हैं और अन्य प्रतिकूल परिणामों के लिए चिंता व्यक्त करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में, राजनीतिक दल हाशिए पर रहने वाले समुदायों के साथ संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जाति जनगणना की मांग बढ़ गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराकर मौजूदा बहस को और भड़का दिया है। उन्होंने 2 अक्टूबर को नतीजे जारी किये और खुद को हाशिए पर मौजूद समुदायों के चैंपियन के तौर पर पेश किया।

जनगणना रिपोर्ट से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई 50फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की राजनीतिक मांग उठ सकती है। अपनी हालिया मुंबई बैठक में, नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी जाति जनगणना का अनुरोध किया। महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड जाति जनगणना कराने पर सहमत हो गये हैं, जबकि बंगाल ने अभी तक फैसला नहीं किया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भी वायदा किया है।

> जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

1931 से पहले, दशकीय जनगणना में जाति पर डेटा शामिल था। हालांकि, 1941 को द्वितीय विश्व युद्ध के कारण छोड़ दिया गया था। 1951 से 2011 तक, भारत की सभी स्वतंत्र जनगणनाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बारे में जानकारी थी, लेकिन अन्य जातियों के बारे में नहीं।

भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान जाति पर आंकड़ा एकत्र किये गये थे जिनका उद्देश्य प्रशासनिक और जनसांख्यिकीयथा। आजादी के बाद नेहरू सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं थी। कांग्रेस की लगातार सरकारों ने दशकों तक जाति जनगणना का विरोध किया। जनता सरकार के दौरान 1979 में मंडल आयोग की स्थापना की गई। एक दशक बाद जनता दल के प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए 27ओबीसी आरक्षण लागू किया। 2001 की जनगणना में जाति को एक श्रेणी के रूप में जोड़ने पर विचार किया गया, लेकिन व्यावहारिक मुद्दों और चिंताओं ने इसे लागू होने से रोक दिया।

हालांकि, 2010 में मनमोहन सिंह सरकार ने आर्थिक कारकों के आधार पर एक सर्वे कराया था। महामारी के कारण 2021 की जनगणना स्थगित कर दी गई और अभी तक नहीं की गई है। आज कांग्रेस के रुख में बदलाव दिख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 'जितनी आबादी, उतना हक़' वाक्यांश का इस्तेमाल किया। 2011 में, सोशियोइकानॉमिक एंड कास्टसेंसस (एस.ई.सी.सी.) में जाति के बारे में जानकारी शामिल थी, लेकिन मुख्य ध्यान जीवन स्तर और वित्तीय स्थिति पर था।

मोदी सरकार ने 2015 में एसईसीसी का वित्तीय आंकड़ा जारी किया, लेकिन जाति उसमें जाति जनगणना को शामिल नहीं किया गया था।

जाति को परिभाषित करना एक जटिल मुद्दा है। जाति जनगणना को भेदभावपूर्ण माना जाता है और उन लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है जो सभी के लिए समान अधिकार और अवसर चाहते हैं। भाजपा ने जाति जनगणना पर अब तक कोई आधिकारिक रुख नहीं अपनाया गया है। यह मांग सबसे पहले राजद जैसे क्षेत्रीय दलों ने उठाई थी और अब जे.डी. (यू) और फिर अधिकांश अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित है। भाजपा के अधिसंख्य नेता मानते हैं कि जाति जनगणना कराने से राजनीतिक और तार्किक चुनौतियों के कारण अधिक एकजुट समाज के निर्माण में बाधा आ सकती है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की स्वतंत्रता के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए संविधान सभा की बैठक दिसंबर 1946 और नवंबर 1949 के बीच हुई थी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे दिग्गज महत्वपूर्ण व्यक्ति थे जिन्होंने सरकारी संरचना, नागरिकों के अधिकार और मौलिक सिद्धांतों जैसे विषयों पर चर्चा का नेतृत्व किया। नये गणतंत्र के संविधान को आकार देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण था।

पिछले सामाजिक अन्यायों को दूर करने के लिए संविधान द्वारा सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति दी गई है। हालांकि, जाति जनगणना जैसे विशिष्ट आंकड़ा एकत्र करने के बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं हुई होगी।

जाति जनगणना कराने के पक्ष और विपक्ष दोनों में वैध तर्क हैं। अंततः, जनगणना कराने का निर्णय काफी हद तक राजनीतिक कारकों, जनता की भावना और सत्तारूढ़ पार्टी की प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। सरकार के कार्य जनता की मांगों और जागरूकता के स्तर से भी प्रभावित हो सकते हैं।

फिलहाल, हमें जाति जनगणना के महत्व को स्वीकार करने के लिए अधिक अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि महात्मा गांधी और राम मनोहर लोहिया समेत कई नेताओं ने माना है कि जातिगत भेदभाव समाज को कमजोर करता है।

भाजपा नेता जाति जनगणना का समर्थन करने में संकोच करते हैं, हालांकि उनके पास लोकसभा में बहुमत है। लेकिन जाति-आधारित पार्टियां अपने समर्थकों को खुश करने के लिए इसकी वकालत करती हैं, जिससे भाजपा के लिए दुविधा पैदा हो जाती है। कुछ राजनीतिक दलों ने जाति के मुद्दों को संबोधित करके प्रभाव प्राप्त किया है। कई विशिष्ट समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता चाहते हैं। कांग्रेस, डी.एम.के., और जे.डी. (यू) जाति जनगणना का समर्थन करते हैं, जो बिहार पहले ही आयोजित कर चुका है। अन्य राज्य भी जाति जनगणना करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग ने एक कांटेदार राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है। दुविधा यह है कि इस कदम से इंडिया गठबंधन की पार्टियों को फायदा हो सकता है, चाहे केंद्र कुछ भी करे। लोकसभा चुनाव से छह महीने पहले भाजपा वाकई दुविधा में है। देखने वाली बात यह होगी कि आखिर मोदी सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

## आज जयंती

### जयप्रकाश देश व जनता की नब्ज पहचानते थे

स्व. जयप्रकाश का व्यक्तित्व एक ऐसा व्यक्तित्व रहा जिसमे विभूति के अनेक परिमाण विद्यमान थे। अद्‌भुत रम्यता के कारण उनके व्यक्तित्व में इन्द्रधनुष की सी मोहक विविधता थी। उनका व्यक्तित्व जितना विवादास्पद था उतना ही मनोरम था। सच तो यह है कि जे.पी. ने सत्ता की राजनीति के संकुचित दायरे से निकल कर लोकनीति के क्षितिज व्यापी क्षेत्र में पदार्पण किया था। इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति पद की गरिमा व परिधि और वर्तुल बहुत बड़े होते हैं, परन्तु निरूपाधिक नागरिकता का क्षेत्र तो असीम होता है। इस क्षेत्र से जे.पी. क्या जुड़े, मानों सम्पूर्ण क्रांति का स्वप्न साकार करने के लिए ही उन्होंने देश की युवा पीढ़ी से एक ऐसे अहिंसक संघर्ष का आह्वान किया जिसके मूल में सम्पूर्ण क्रांति की धुन थी। स्व. जयप्रकाश बाबू की नजर प्रायः सुदूर क्षितिज पर वर्तमान की निराशा के पार भविष्य पर टिकी रहती थी। यही कारण था कि वे विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे। उन्होंने जीवन भर समग्र क्रांति की साधना से ही जनजीवन का दोहन किया। वे प्रायः इस बात पर जोर देते रहे कि सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में आमूल परिवर्तन लोगों के अपने अभिक्रम और परिवर्तन से ही संभव है। जब जे पी. किसी आंदोलन की बात करते थे तो यह लगता था कि वे परिवर्तन के ठोस इरादों से भरे हुए हैं। वे नैतिकता व मूल्यों की ऊंचाई तक यूं ही खाली नहीं पहुंचे थे, चूंकि उनके लक्ष्य अपने आप में एक प्रतिमान थे। एक बार निश्चय कर लेने के बाद वे दृढ़ता से टिके रहते थे। ऐसे उदाहरण कम ही मिलते है, लेकिन वे जड़ दुराग्रही नहीं थे, इसलिए उनके बारे में लोगों को कई बार गलतफहमियां भी हो जाती थीं।

एक समग्र दृष्टि से देखने पर जेपी के चिंतन की ध्वनि में और उनके बुनियादी रूख में गांधीवाद का ही रंग चढ़ा हुआ था। वैसे विचारधारा की दृष्टि से जेपी ने सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रांति की मंजिल तय की। लेकिन तीसरे दशक के जयप्रकाश ने आगे चलकर गांधी द्वारा शुरू की गई सार्वजनिक जीवन की परम्पराओं को जारी रखा। हालांकि गांधीजी की तुलना में जयप्रकाश ने गांधी के कार्यक्रमों को अमली रूप देते वक्त देश व भारतीय समाज की चिंता को सामने रख कर प्रयोग किये थे। वे प्रायः ऐसी विचारधाराओं की खोज में रहते थे जो उनकी आवश्यकताओं को पूरी कर सके। ताकि गांधी विचारधारा का विकास हो सके और देश का मानव तंत्र सत्य, अहिंसा के आधार पर दूषित संस्कृति को बदलकर सामाजिक व्यूह रचना में लग सके। किसी भी विषय में तथ्यों की खोज की एक अदम्य आकांक्षा उनमें सदैव बनी रहती थी। यही कारण था कि कोई मत, वाद संस्था अथवा संगठन व सम्प्रदाय उनके जीवन व व्यक्तित्व को अपनी सीमा में कैद नहीं कर सके। शायद इसीलिए उनका व्यक्तित्व किसी भी विचारधारा में न तो सीमित हुआ और न ही परिमित।

जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता को लोकतंत्र में सबसे ऊंचा स्थान देते थे। वे आजादी को ही मनुष्य के लिए उसका आदर्श मानते थे। एक स्वतंत्रचेता भारतीय होने के नाते जे.पी. का संपूर्ण क्रांति का दर्शन एक तत्कालीन आवश्यकता न होकर राजनीतिक विचारधारा में परिवर्तन का दिशा संकेत था। यही वजह थी कि जे.पी. देश व जनता की नब्ज को बखूबी पहचानते थे। जे.पी. के विचारों की गंभीरता को समझने हेतु स्वतंत्रता व लोकतंत्र के बाद समग्र क्रांति का दर्शन समझना जरूरी है। यह उनके अंतर मन का परिणाम था जो वे साल के दशक में ही वे महसूस करने लग थे। समग्र क्रांति के जरिये थे भारत के राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक ढांचे में बुनियादी परिवर्तन लाने के हामी थे। राजनीतिक क्षेत्र में लोकतंत्र, आर्थिक क्षेत्र में समाजवाद व सामाजिक क्षेत्र में समानता के ये प्रबल पक्षधर थे। जे.पी. हालांकि पश्चिमी विचारधारा मार्क्सवाद से अवश्य ही प्रभावित थे, किंतु उनका मार्क्स एवं अन्य साम्यवादी विचारधाराओं से विरोध भी था, जिसमें शोषणहीन समाज की स्थापना हथियार बंद क्रांति से जुड़ी थी। जे.पी. हिंसा के हर स्तर के विरोधी थे। स्व. जयप्रकाश नारायण के क्रांति शब्द की व्याख्या आने वाली पीढ़ी शब्द कोषों और पुस्तकों की मदद से कर भी पायेगी या नहीं लेकिन जिन लोगों ने जे.पी. को बहुत करीब से देखा है, उन्होंने यही कहा है कि महात्मा गांधी की सबसे बड़ी उपलब्धि थी भारतीय आत्मा से समझौता और सत्ता से अलग लोकनायक का जीवन गांधी ने जहां इतिहास को ठहराव दिया था, वहीं से जयप्रकाश नारायण ने शुरूआत की थी। दोनों के जीवन में सबसे बड़ी समानता भी यही थी कि झूठ से संधि न की जाये अपनी बात निर्भयता से कह दी जाए तथा सत्ता से व्यवस्था को श्रेष्ठ और अलग माना जाये। राष्ट्रपिता को देश ने जो सम्मान व गौरव दिया, वहीं गौरव तथा सम्मान वर्षों बाद सत्ता से अलग व बाहर रहकर यदि किसी को मिला तो वह लोकनायक जय प्रकाश नारायण को ही मिला।

आज जे.पी. हमारे बीच नहीं हैं, उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण परम्पराएं.. आदर्श व मूल्य उनके साथ ही समाप्त हो गये हैं। जो बात जयप्रकाश जी में थी, वह आज नेताओं में देखने को नहीं मिलती।

**चेतन चौहान-सुमन सागर**

## आपके पत्र

### असहमति और विरोध की परिणति हिंसा या युद्ध नहीं

किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा-ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गई और 5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है।

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है वहीं दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्वहीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्गविहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

**संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
बुधवार 11 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

मरते समय पति ने अपनी पत्नी से कहा- मेरे मरने के बाद तुम रामलाल से शादी कर लेना।

पत्नी ने आश्चर्य से पूछा - रामलाल से , लेकिन वह तो आपका सबसे बड़ा दुश्मन हैं।

पति ने कहा - हां , मैं उससे बदला लेना चाहता हूं।

# मतदाताओं को प्रलोभन देते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई- कलेक्टर

## संजीव झा ने ली राजनीतिक दल की बैठक, आदर्श आचरण संहिता एवं चुनाव संबंधी नियम-कायदों से कराया अवगत

## धार्मिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं

**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव झा ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम, आदर्श आचरण संहिता सहित चुनाव संबंधी अन्य नियम-कायदों से अवगत कराकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सद्भावपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पूर्व की तरह सहयोग करने का आग्रह किया। सभी दलों ने आचरण संहिता का पालन करते हुए चुनाव मैदान में उतरने एवं जिला प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बैठक में निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री झा ने बताया कि बिलासपुर जिले की छहों विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में 17 नवम्बर को मतदान होगा। इसके लिए 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों में रिटर्निंग अफसरों द्वारा नामांकन स्वीकार किए जाएंगे। इस दफा आयोग द्वारा एडीएम एवे एसडीएम को रिटर्निंग अफसर बनाये गये हैं। कोटा एवं बिल्हा विधानसभा क्षेत्रों के कुछ बूथ अन्य जिलों की सीमा में आते हैं, लेकिन नामांकन की प्रक्रिया बिलासपुर से ही संपन्न होगी। नामांकन दाखिला के समय अभ्यर्थी सहित कुल 5 लोग ही रिटर्निंग अफसर के कक्ष में जाने की अनुमति होगी। कलेक्टर ने बताया कि सभी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए चुनाव लड़ना होगा। प्रचार-प्रसार का कार्य सद्भावना पूर्ण होने चाहिए। धार्मिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं होगी। मतदाताओं को शराब अथवा अन्य किसी तरह का प्रलोभन करते हुए पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। शासकीय सम्पति पर बैनर, झण्डा लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। निजी सम्पति का चुनाव कार्य में उपयोग मालिक की लिखित सहमति उपरांत ही किया जा सकेगा। सभा एवं जुलूस के लिए संबंधित इलाके के एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। चुनाव वाहनों की अनुमति जिला कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर वैभव क्षेत्रज्ञ को अधिकृत किया गया है। प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर सभास्थलों की अनुमति राजनीतिक दलों को दी जायेगी। सरकारी तंत्र के अलावा आम नागरिक भी सीविजिल एप्प के जरिए आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इस पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जिले में 352 मतदान केन्द्र संवेदनशील के रूप में चिन्हित किये गये हैं। यहां विशेष व्यवस्था की जायेगी। चुनाव के दिन अथवा इसके पूर्व उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं की सादे पर्ची दी जा सकती है। पर्ची में किसी प्रकार के चुनाव चिन्ह अथवा अन्य कोई पहचान नहीं होने चाहिए। आयोग द्वारा बीएलओं के जरिए एक सप्ताह पर्ची बांटन की व्यवस्था की गई है। मतदान केन्द्र के 200 मीटर की दूरी पर उम्मीदवार अपने टेबल कुर्सी लगा सकते हैं। इनमें झण्डा, बैनर अथवा अन्य कोई प्रचार सामग्री नहीं रहेगी। चुनाव के दौरान मीडिया पर भी आयोग की कड़ी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर जारी किये गये विज्ञापनों को एमसीएमसी कमेटी से सर्टिफिकेशन कराना होगा। पेड न्यूज की भी जांच कमेटी द्वारा की जायेगी। नाम दाखिल करने के पूर्व अभ्यर्थी को किसी बैंक में जीरो बैलेंस खाता खुलवाना होगा। पूरे अभियान के दौरान इसी खाते के जरिए लेन-देन करना होगा। समय-समय पर अभ्यर्थी के खर्चे की जांच की जायेगी। बिल्हा एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र को चुनाव आयोग द्वारा खर्च के दृष्टिकोण से संवेदनशील माना गया है। चुनाव प्रचार के लिए छपाये गये बैनर पोस्टर में प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम एवं प्रतियों की संख्या जरूर दर्ज होने चाहिए। इसकी प्रतियां भी जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करानी होगी। वाहनों के अनुमति की उपरी कोई संख्या नहीं रहेगी। मतदान के 48 घण्टे पूर्व केवल 3 वाहनों की अनुमति अभ्यर्थी को दी जायेगी। उन्होंने अनुमति पत्र सामने के विन्ड स्क्रीन में चस्पा कर प्रदर्शित करना होगा।



## निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें-कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने आज यहां जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सीविजिल, एफएसटी, व्हीएसटी, एसएसटी एवं एमसीएमसी की टीम ड्यूटी पर तैनात रहे। उन्होंने मतदान दल, व्यय लेखा दल, नाम निर्देशन, मतदान सामग्री वितरण, मतदान दलों की वापसी, रूट चार्ट, मतगणना एवं अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम से कहा कि राजनीतिक दलों की बैठक लेकर उन्हें आदर्श आचरण संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प की जानकारी ली। सभी जनपद सीईओ एवं सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करने कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन व्यय लेखा, स्ट्रांग रूम, स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित निर्देश दिए। उन्होंने स्वीप के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### अगली सरकार चुनने की राह पर छग

*छत्तीसगढ़ की 9 विधानसभा सीटों के लिये मतदान 7 और 17 नवम्बर को होगा। मतों की गणना अन्य चार राज्यों में होने वाले चुनावों की ही तरह 3 दिसम्बर को होगी और कोई विवाद न हुआ तो नतीजे भी उसी दिन आने की उम्मीद है। सोमवार को दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा इसकी घोषणा होने के साथ ही पांचों राज्यों में आदर्श चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख विपक्षी दल यानी भारतीय जनता पार्टी ने अपने 64 उम्मीदवारों के नाम सोमवार को ही घोषित कर दिये वहीं अब तक कांग्रेस की एक भी सूची नहीं आई है। बताया जाता है कि 13 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में विचार-विमर्श के बाद यह जारी हो जायेगी। पिछले बुधवार को छग के विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। राज्य में कुल 2,3,6,24 मतदाता हैं जिनमें 1,1,2,83 पुरुष और 1,2,39,41 महिलाएं हैं। 79 थर्ड जेंडर हैं। लगभग 18 लाख पहली बार मतदान का प्रयोग करेंगे जो अभी 18 वर्ष के हो गये हैं।*

*राज्य जब बना था, तब प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बनने का श्रेय अजीत जोगी को मिला था। करीब ढाई साल सरकार चलाने के बाद 23 में हुए चुनाव में कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी ने परास्त किया था और डॉ. रमन सिंह सीएम बने थे। उन्होंने सफलतापूर्वक तीन कार्यकाल पूरे किये लेकिन 218 के चुनावों में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी। यह जीत बहुत बड़ी थी जिसमें उसे 68 सीटें मिली थीं। हालांकि 216 में अजीत जोगी ने अलग पार्टी (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़) बना ली जिसमें उसके कुछ सदस्य चले गये। इसका घाटा जल्दी पूरा कर लिया गया जब उसके बाद में हुए लगातार 4 उपचुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली। वर्तमान में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। कांग्रेस की जिन चार राज्यों में सरकारें हैं उनमें सबसे मजबूत छग में है। यहां कई बार ढाई-ढाई वर्षों के मुख्यमंत्री का मसला भी उठा लेकिन हाई कमान के आशीर्वाद से उसे बघेल सुलझाने में कामयाब रहे। इस विवाद का एक सिरा कहे जाने वाले टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाने के बाद लगता है कि अब यह मुद्दा दफ्न हो चुका है।*

*आम आदमी पार्टी द्वारा जहां राज्य विधानसभा की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की घोषणा की जा चुकी है वहीं पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरविंद नेताम के नेतृत्व में बने सर्व आदिवासी समाज ने भी उन 5 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करने का ऐलान किया है जहां आदिवासी बहुसंख्यक हैं या उनमें आदिवासियों की बड़ी आबादी रहती है। बहुजन समाज पार्टी कितनी सीटों पर उम्मीदवार उतारती है, यह भी देखना दिलचस्प होगा।*

# सार-संक्षेप

## मोपका नया तालाब के पास एक युवक की मिली लाश




**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोपका चौक से चिल्हाटी जाने वाली रोड पर, नये तालाब के दारु भट्टी के पास एक युवक की आज सुबह लाश मिली है। मृतक युवक का नाम मनमोहन पिता रामकुमार बताया जा रहा है, फिलहाल मोपका पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा की कार्यवाही कर रही है इस दौरान पुलिस को मृतक के पर्स से नगदी रकम व आधार कार्ड मिला हुई। जिसमे मृतक का नाम मनमोहन दर्ज है, पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही जारी है।

## धारदार हथियार लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया



**बिलासपुर** , 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पर क्षेत्र में बढते अपराधो एवं चाकूबाजी की घटनो पर अंकुश लगाने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, राजेन्द्र जायसवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आज आरोपी मुकेश यादव पिता विजय यादव उम्र 23 वर्ष निवासी मन्नू चौक टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर को शिव टाकिज चौक के पास लोहे का धारदार गंडासा लेकर लोगो को डराते धमकाते पकडा गया। जिसे धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## कलेक्टर ने ली मुद्रकों एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक

**बिलासपुर** , 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मुद्रकों एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक ली। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान प्रकाशित प्रचार सामग्री के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए इनका हर हाल में पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकाशित सामग्री में प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम एवं पता हर हाल में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। ऐसी सामग्री का मुद्रण से स्पष्ट मना कर दें जो लोगों के बीच भेदभाव एवं शत्रुता एवं अलगाव को बढ़ावा दें। प्रकाशन उपरांत मुद्रक को घोषणा पत्र एवं प्रकाशित सामग्री की चार प्रति स्थानीय जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा प्रचार सामग्री की डिलिवरी उसी वाहन में करें जिन्हें राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुमति प्रदान की गई हो। नियमों का उल्लंघन किये जाने पर अधिकतम छह माह की कारावास एवं 2 हजार रूपये की जुर्माना दण्ड स्वरूप भुगतना पड़ेगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रिंटर्स एवं प्रेस संचालक उपस्थित थे।

## सिवनी-छिंदवाडा-इंदौर एक्सप्रेस का काली सिंध रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव




**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का सलेमपुर एवं 19343/19344 इंदौर-सिवनी/छिंदवाडा-इंदौर एक्सप्रेस का काली सिंध रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है । यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छ माह के लिए दिया जा रहा है। दिनांक 11 अक्टूबर से दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का सलेमपुर रेलवे स्टेशन में 17.08 बजे पहुचकर 17.10 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 13 अक्टूबर से नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का सलेमपुर रेलवे स्टेशन में 15.12 बजे पहुचकर 15.14 बजे रवाना होगी । इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19343 इंदौर-सिवनी एक्सप्रेस का काली सिंध रेलवे स्टेशन में 15.17 बजे पहुचकर 15.18 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 6 अक्टूबर से नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19344 छिंदवाडा-इंदौर एक्सप्रेस का काली सिंध रेलवे स्टेशन में 10.17 बजे पहुचकर 10.18 बजे रवाना होगी।

## पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने छात्रा का स्कूल में कराया एडमिशन, दी नई साईकिल



**बिलासपुर** , 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन द्वारा लगातार सामाजिक कार्य में अग्रणी रूप से अपनी सहभागिता दी जाती रही है। एक बार फिर पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर पायल लाठ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चंचल सलूजा ने अपने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए समाज के सामने मिसाल पेश किया। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान पहले एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर की मुलाकात रन्नो बेगम से हुई, बातचीत के दौरान पायल को पता चला कि रन्नो और उसका परिवार बहुत परेशानी में जीवन यापन कर रहा है । इसके अलावा रन्नो के पति ने 2 बच्चों के साथ उन्हें अकेला छोड़ दिया है, इतना ही नहीं रन्नो के पिता बुजुर्ग है, और भिक्षा मांग कर जीवन यापन कर रहे हैं, परिवार की माली स्थिति बहुत ही खराब होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे थे जिससे उनका जीवन अंधकार में जा रहा था, यह सब सुनकर पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर पायल लाठ अपनी टीम से चर्चा की और बच्ची का एडमिशन सीएमडी चौक स्थित राष्ट्रीय बाल पाठशाला में कराया। इतना ही नहीं बच्ची के आने जाने के लिए उन्होंने नई साइकिल भी उपलब्ध कराई। वहीं सामाजिक कार्य करने वाले सतीश शाह ने बच्चों के लिए राशन प्रदान करने की जिम्मेदारी ली। बच्चों के एडमिशन के दौरान आज पहले एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर पायल लाठ, उपाध्यक्ष चंचल सलूजा, समाज सेवी एसपी चतुर्वेदी, सतीश शाह, रमेश जोबनपुत्र, समेत स्कूल समिति के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## बाइक चोर व खरीदार सहित तीन पकड़ाए



**बिलासपुर** , 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही दोपहिया वाहनों की चोरी पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त चोरों को पकड़ने हेतु अलग अलग टीम बनाकर निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य द्वारा थाना सिविल लाईन में दर्ज अपराध कमांक 850 / 2023 धारा 379 भादवि एवं अपराध क्रमांक 939/2023 धारा 379 भादवि के प्रकरण में चोरी गई एक्टीवा वाहन एवं मोटर सायकल पेशन प्रो, जुमला कीमती 1,00,000 एक लाख रूपये को आरोपी मोनू उर्फ पृथ्वीराज ठाकुर पिता प्रमोद ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी नया बस स्टेण्ड तिफरा के द्वारा चोरी कर चुराई हुई मोटर सायकल को धनश्याम यादव एवं देवन्द्र सिंह के पास बिक्री किया था। इसके अलावा आरोपी के द्वारा करीब एक लाख कीमत के दो पेशन प्रो वाहन चोरी करके अपने कब्जे में रखा था जिसे थाना सिविल लाईन के इस्तगासा कमांक 21 / 2023 धारा 41(1-4) जा.फौ. 379 भादवि में जप्त किया गया है। आरोपी मोनू उर्फ पृथ्वी राज ठाकुर एवं घनश्याम यादव तथा देवेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज कर कार्रवाई की गई है।

## आचार संहिता लगते ही ट्रेनों में जांच शुरु

### आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम,रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में कर रही जांच



**बिलासपुर**,10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लगते ही रेलवे स्टेशन में जांच की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मंगलवार को आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने उत्कल एक्सप्रेस समेत स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों के कोच और पैंटीकर की जांच की। जांच के दौरान टीम ने यह देखा कि ट्रेन के माध्यम से किसी तरह का समान परिवहन तो नहीं हो रहा है। हालांकि उन्हें ऐसी कोई भी सामग्री नहीं मिली जो मतदाताओं को लुभाने के लिए वितरण किया जा सकता है। यह जांच मतदान तक इसी तरह नियमित जारी रहेगी। विधानसभा चुनाव के मध्य नजर मतदान के तिथि की घोषणा कर दी गई है। नवंबर में होने वाले इस चुनाव को लेकर एक दिन पहले सोमवार को आचार संहिता लग गया है। इसलिए अब हर जगह जांच होगी। इसी के तहत ही रेलवे स्टेशन में रेलवे के दोनों सुरक्षा विभागों के द्वारा जांच की जा रही है। सुबह से संयुक्त टीम तैयार कर प्लेटफार्म में तीन कर दिया गया। इस बीच सुबह सबसे पहले उत्कल एक्सप्रेस का औचक निरीक्षण किया गया। ट्रेन के स्लीपर व एसी कोच से लेकर जनरल कोच को देखा गया। इसके अलावा यात्रियों से भी पूछा गया। लेकिन, उन्हें न तो कोई सामान मिला और न ही शराब या गांजा जैसे नशे का सामान मिला है।वैसे जीआरपी को मुख्यालय से करीब 15 दिन पहले नशे के सामान के परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने का निर्देश दिया जा चुका। इसके तहत उनकी एंटी क्राइम टीम एक- एक ट्रेनों की जांच कर रही थी। अब जांच और तेज कर दी गई है, ताकि किसी तरह ऐसे सामानों का परिवहन न हो सके। टीम ने पार्सल कार्यालय की भी औचक जांच की। यहां पदस्थ कर्मचारी व अधिकारी निर्देश डिया गया है कि कोई भी संदेह होता है तो वह तत्काल इसकी जानकारी देंगे। स्टेशन से हटाए गए विज्ञापन ट्रेनों की जांच के साथ- साथ स्टेशन में जितनी जगहों मुख्यमंत्री से लेकर जनप्रतिनिधियों के विज्ञापन वाले बैनर पोस्टर लगाए गए थे, उन्हें भी हटा लिया गया है।

## स्पॉट डोनर ब्लड ग्रुप के स्वास्थ्य शिविर में 145 की जांच व 185 ने किया रक्तदान



**बिलासपुर** , 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमृतवेला परिवार बिलासपुर के तत्वाधान में स्पॉट डोनर ब्लड ग्रुप बिलासपुर द्वारा आयोजित रक्तदान एवम स्वास्थ्य शिविर 8 अक्टूबर को प्रात: 9 से शाम 5 बजे तक आयोजन पूज्य पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी में आयोजित किया गया,स्पॉट डोनर ब्लड ग्रुप बिलासपुर के संचालक अविनाश मोटवानी ने बताया की स्वास्थ्य शिविर में 145 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करा कर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया तथा 185 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुवे सीएमडी महाविद्यालय के प्रमुख संजय दुबे वही आयोजन की अध्यक्षता बिलासपुर तहसीलदार अतुल वैष्णव ने की व अतिथियों के रूप में प्रिंस भाटिया (चेयर मैन फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी),नगर विधायक शैलेश पांडेय,डॉ ओम मखीजा (मखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर),पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष धनराज आहूजा, सेंट्रल युवा विंग अध्यक्ष अजय भीमनानी,सेंट्रल युवा विंग के संरक्षक विजय छुगानी,राम लालचंदानी,अध्यक्ष पूज्य पंचायत भवन,पार्षद विजय यादव,दीपक आहूजा,राजेश देवांगन, अमृतवेला परिवार से कमल आनंदानी एवं बिलासपुर की जानी मानी समाज सेवी संस्थाओं के संयोजक गण भी अतिथि स्वरुप शामिल हुए उनका आयोजन समिति द्वारा सम्मान भी ग्रुप द्वारा किया गया। आयोजन में उपरोक्त चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देते हुवे मरीजों को मार्गदर्शन प्रदान किया । डॉ. जी. के. मित्तल(मेडिसिन विशेषज्ञ ) डॉ. संदीप तिवारी (नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रीति मित्तल (आयुर्वेद विशेषज्ञ) डॉ.नविन कुमार अग्रहरि (मेडिसिन विशेषज्ञ) डॉ. नेहा नवलानी (दंत रोग विशेषज्ञ) डॉ. संतोष गेमनानी (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ.श्वेता मित्तल (नाक कान गला विशेषज्ञ ) डॉ. सुष्मिता गुम्बर (आयुर्वेद विशेषज्ञ ) डॉ. ओमकार सिंह राजपूत (होमियोपैथी विशेषज्ञ) डॉ.सतीश छुगानी (दंत रोग चिकित्सक ) डॉ.गुंजन छुगनी (दंत रोग चिकित्सक) जिसमे इस सबकी अहम उपस्थिति रही।

## सार-संक्षेप

### कटघोरा विधानसभा में कांग्रेस से पिछड़ा वर्ग का प्रत्याशी घोषित करने की मांग

**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए अभी अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है और इस बीच कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से अन्य पिछड़ा वर्ग से दावेदार को टिकट देने की मांग फिर उठाई गई है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को प्रेषित आग्रह पत्र में अवगत कराया गया है कि कोरबा जिले में कोरबा और कटघोरा विधानसभा सीट सामान्य वर्ग तो पाली-तानाखार और रामपुर सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। कोरबा विधानसभा से सामान्य वर्ग के जयसिंह अग्रवाल विधायक हैं तो कटघोरा विधानसभा भी सामान्य वर्ग की सीट है। यहां पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या लगभग 55 प्रतिशत है फिर भी पिछले 45 वर्षो से पिछड़ा वर्ग को नजर अंदाज करते हुए केवल आदिवासी वर्ग से प्रत्याशी मैदान में उतारा जाता है जो पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है। कटघोरा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमेशा पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी मैदान में उतारा जाता है। वर्तमान में भी पिछड़ा वर्ग से प्रेमचंद पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है एवं कोरबा विधानसभा से पिछड़ा वर्ग के लखन देवांगन को प्रत्याशी बनाया गया है। कहा गया है कि यदि कांग्रेस पार्टी द्वारा कटघोरा से वर्तमान में पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी नहीं बनाया जाता है तो कांग्रेस पार्टी को नुकसान का सामना करना पड़ेगा क्योंकि पिछड़ा वर्ग के लोगों में काफी रोष है। पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी बनाया जाता है तो जीत निश्चित है। क्षेत्र के साहू समाज, यादव समाज, श्रीवास समाज, जायसवाल समाज, मानिकपुरी समाज, कुम्हार समाज, कुर्मी समाज आदि पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमुख समाज द्वारा मांग का समर्थन किया गया है।

### आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निर्देशित किया गया कि चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए शासकीय संपत्तियों का उपयोग नहीं होना चाहिए। निजी संपत्तियों के उपयोग के लिए संपत्ति धारक से पूर्व अनुमति जरूरी होगी। समय-सीमा के भीतर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण, सरकारी वाहनों की वापसी, जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत प्रारंभ-अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। नाम-निर्देशन हेतु कक्ष में आवश्यक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, फर्नीचर आदि की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को कहा। जिले में अधिक से अधिक मतदान हेतु नागरिकों को जागरुक करने के लिए स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, डीएफओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर:** निर्वाचन संबंधित शिकायतों हेतु आम नागरिकों के लिए कोरबा जिले में हेल्पलाइन नंबर 07759-224608 जारी की गई है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1950 में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सी-विजील ऐप में आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### जिम से चोरी किए गए सभी सामान 24 घंटे में बरामद

कोरबा, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत जिम में हुए चोरी के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। 9 अक्टूबर को प्रार्थी प्रदीप श्रीवास पिता प्रहलाद श्रीवास 30 वर्ष निवासी मुड़ापार शांति विहार ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 अक्टूबर की शाम 7 बजे से 8 अक्टूबर को सुबह 8 बजे के मध्य एसईसीएल ग्राउंड जिम में लगे ताला को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तोडक़र अंदर प्रवेश कर सांउड सिस्टम एवं जिम का सामान डंबल छोटा-बड़ा सहित कुल 20 हजार रूपये कीमती सामान चोरी किया गया। धारा 380, 457 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर मानिकपुर पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ की। संदेहियों प्रहलाद बरेठ, सागर चौहान, आरिफ खान, नितेश चौहान एवं विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। इनकी निशानदेही से सामानों को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में एसआई प्रेमचंद साहू, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र राय, आरक्षक प्रदीप राठौर, कृष्णा पटेल, संजय रात्रे, गंगाराम डांडे, सैनिक राजेश कुमार दुबे का सहयोग रहा।

### तीरंदाजी के इंडियन राउंड में प्रेमप्रकाश प्रथम, राष्ट्रीय खेलेंगे



कोरबा, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता महासमुंद जिला में हुई। इस आयोजन में 17 जिले से 220 तींरदाज शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोच रायपुर के सतीश, अनिल, श्रध्दा, भिलाई से उमेश बघेल बीजापुर से दुर्गेश, बिलासपुर से मन्नू पटेल शामिल हुए। तींरदाज मैनेजर भी उपस्थित रहे। जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोरबा जिला से इंडियन राऊंड में प्रेम प्रकाश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अगले क्रम में 14 से 28 नवम्बर तक राजस्थान के भरतपुर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसमें प्रेमप्रकाश हिस्सा लेंगे। कोरबा जिला तीरंदाजी संघ के कोच सेद कुमार यादव, कृश चौहान, देवेंद्र सोनी, राहुल कुमार यादव, भरत कुमार यादव, भानु कुमार यादव ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

### अखबार वितरक संघ की कटघोरा इकाई गठित



**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की कटघोरा इकाई का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव(बबलू),उपाध्यक्ष विजय दास (के.डी) सचिव गौरव गुप्ता, सहसचिव विनय डिक्सेना, कोषाध्यक्ष सुनील, संरक्षक रोशन दास, अरविंद साहू चुने गए। कार्यकरणी सदस्य कान्हा, बाबी, दुर्गा, प्रिंस व अन्य सदस्य बनाये गए।

# पेड न्यूज, राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार की होगी मॉनिटरिंग

- विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले में पर्याप्त तैयारी
- बिना अनुमति पोस्टर, नारा लेखन प्रतिबंधित



**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की उपस्थिति में हुई। कलेक्टर ने बताया कि कोरबा जिले में चुनाव हेतु 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर और मतगणना 03 दिसंबर को की जायेगी। विधानसभा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया 5 दिसंबर तक पूर्ण होगी। जिले के सभी चारों विधानसभाओं में निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराना प्राथमिकता रहेगी।

कलेक्टर ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के साथ ही शासकीय खर्च से लगाये गये समस्त होर्डिंग व प्रचार सामाग्री हटाने की कार्यवाही जारी है। सार्वजनिक स्थानों पर लगाये गये समस्त प्रकार की प्रचार सामाग्री, फलेक्स, होर्डिंग को हटाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत निर्वाचन प्रायोजन हेतु लाउड-स्पीकर या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय/गैर शासकीय व निजी भवनों में भवन मालिक के अनुमति के बिना प्रचार संबंधी नारा लेखन या पोस्टर लगाना प्रतिबंधित होगा।

### विज्ञापनों की होगी सतत मॉनिटरिंग

कलेक्टर ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिये भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार हेतु मापदंड की जानकारी दी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मानिटरिंग की जायेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग आफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफिसर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सतत मानिटरिंग की जायेगी। विज्ञापन प्रकाशित होने पर खर्च अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जायेगा।

### जिले में 9 लाख 18 हजार से अधिक मतदाता

कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरबा जिले के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया गया। जिले में 18 मतदान केंद्र हैं। 4 अक्टूबर की तिथि में मतदाताओं की संख्या विधानसभा रामपुर में 22896, कोरबा में 254743, कटघोरा में 214658, पाली-तानाखार में 22861 है। जिले में 4598 पुरुष मतदाता, 459238 महिला मतदाता, 4 ट्रांसजेंडर मतदाता, कुल मतदाता 918358 है।

### सामान्य जन-जीवन न हो प्रभावित, इस दिशा में कार्य करेंगे

कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान होने वाले तीज़-त्यौहारों में आम नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या न हो और सामान्य जन-जीवन प्रभावित न हो इस दिशा में कार्य किए जाएंगे। अधिक मात्रा में नगदी न रखने एवं सामान लेकर चलने वाले व्यापारियों, आम नागरिकों को सामानों का बिल रखने तथा आवश्यक दस्तावेज भी साथ लेकर चलने के लिए कहा गया है। निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए सी-विजी़ल एप्लीकेशन के माध्यम से सूचना देने तथा कंट्रोल रुम/हेल्पलाइन नंबर 195 तथा 7759-22468 में दर्ज कराने की जानकारी दी। निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार मतदाताओं को अपने क्षेत्र के उम्मीदवार को जानने के लिए नो यॉर कैन्डिडेट मोबाइल ऐप, विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए सुविधा ऐप, निर्वाचन प्रक्रिया हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी, दिव्यांग मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की। बैठक में मीडिया के प्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर दिनेश नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, जिला जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति जाहिरे, मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एम.एम. जोशी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरजीत सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

### व्यवस्था में सहयोग दें, कानून हाथ में न लें -एसपी



**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण ने जिलावासियों सहित राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे चुनाव आचार संहिता से संबंधित निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन कर व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी तरह के मामलों में कानून हाथ में न लें और कोई भी शिकायत या दिक्कत होने पर नजदीकी थाना अथवा चौकी में सूचित करें। पुलिस के कंट्रोल रूम 94791-93399 पर अविलंब संपर्क करें। एसपी ने कहा है कि कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र के गुण्डा व निगरानी बदमाशों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### सफाई कर्मियों का रास्ता रोककर मारपीट, सिर फोड़ा

कोरबा, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपका थानांतर्गत ज्योति नगर में सुधीर और कल्लु नामक दो युवकों ने राकेश नामक युवक को इस कदर पीटा कि वह अस्पताल पहुंच गया। मां के सामने ही उन्होंने युवक पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया। युवक की हालत काफी गंभीर है,जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। राकेश के साथ शराब के नशे में मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया।



बताया गया कि एसईसीएल कॉलोनी में साफ-सफाई का काम करने वाला राकेश ड्युटी समाप्त कर घर लौट रहा था तभी सुधीर और कल्लु ने उसका रास्ता रोक कर गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया। दोनों ने रॉड से उसका सिर फोड़ दिया जिससे राकेश जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद दोनों भाई मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में मां माया देवी राकेश को लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंची जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

### प्रगतिशील लेखक संघ के सुरेश अध्यक्ष, जितेंद्र सचिव

**कोरबा**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) कोरबा इकाई की पुनर्गठन बैठक हुई। इस बैठक में प्रांतीय प्रलेसं के अध्यक्ष नथमल शर्मा, सचिव मंडल सदस्य रफीक खान व कार्यकारिणी सदस्य नरेश अग्रवाल उपस्थित थे। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयानुसार सुरेशचंद्र रोहरा अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार वर्मा सचिव, उपाध्यक्ष कामेश्वर पांडेय व कोषाध्यक्ष कमल सर्वविद्या को चुना गया।

### सम्पत्ति विरूपण पर निगम की कार्यवाही जारी

**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के परिपालन में निगम क्षेत्र में सार्वजनिक सम्पत्ति में किए गए किसी भी प्रकार के सम्पत्ति विरूपण को हटाने तथा तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में कार्य जारी है। 2 दिनों में कोरबा, कोसाबाड़ी, टी.पी.नगर, रविशंकर नगर, बालको, दर्री, सर्वमंगलानगर एवं बांकीमोंगरा जोन में कार्य दलों द्वारा कुल 5743 कार्यवाही की गई।

# चुनाव अलर्ट : मार्च निकालकर पुलिस ने बढ़ाई धमक



**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित आचार संहिता के बाद जिला पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण की सीधी निगरानी व मार्गदर्शन में जिले भर में पुलिसिंग में कसावट लाई गई है।

एसपी के निर्देश व मार्गदर्शन में आज शाम पुलिस के अधिकारियों व जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों में खौफ का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों व जवानों ने पैदल शहर का भ्रमण किया वहीं इस दौरान पुलिस वाहनों के सायरन से क्षेत्र गूंजता रहा। एसपी श्री उदयकिरण के द्वारा चुनाव के मद्देनजर सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों, संदिग्ध लोगों और बाहरी आवाजाही पर सतत निगाह रखने निर्देशित किया गया है। जिले की प्रारंभिक और अंतिम सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ-साथ शहर के भीतर व आंतरिक इलाकों में भी गहन छानबीन के निर्देश दिए गए हैं। इस कड़ी में विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्र में प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस अमले के द्वारा वाहनों की जांच-पड़ताल की जा रही है। नियमों का पालन न करते हुए नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने वालों के विरूद्ध जुर्माना की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा वाहन भी जप्त किए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने सोमवार रात इमलीडुग्गू गौमाता चौक पर तैनात रहकर 14 वाहनों के चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की है। वाहनों की गहन जांच एवं वाहनों में सवार लोगों के साथ-साथ मौजूद सामानों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। कहा गया है कि लोग अपने साथ सामानों का बिल अनिवार्य रूप से रखें। अधिक मात्रा में नगदी लेकर न चलें और यदि जांच-पड़ताल हो तो उसमें पुलिस व प्रशासन को पूर्ण रूप से सहयोग दें।

### एमआईसी सदस्य सुरती के प्रयास से शुरू हुआ डामरीकरण

**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। पश्चिमांचल के लोगों को जर्जर सडक़ की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत क्षेत्र की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुश्री सुरती कुलदीप का प्रयास रंग लाया है। उन्होंने कलेक्टर से हाल ही में भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया था जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश उपरांत सडक़ संबंधी कार्य प्रारंभ करा दिए गए हैं। सुरती कुलदीप ने बताया कि सर्वमंगला चौक से कुचेना मोड़ तक फोरलेन सडक़ निर्माण में विलंब के कारण हमेशा जाम लगने, गड्ढों के कारण कुचेना मोड़ से बलगी चौक तक सडक़ की जर्जर हालत, खोलार नाला पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने, धूल के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों व राहगीरों की परेशानी से निजात दिलाने 30 अगस्त को प्रेम नगर में चक्काजाम आम नागरिकों के सहयोग से किया गया था। कलेक्टर द्वारा तुरंत हस्तक्षेप करते हुए गड्ढों को भरवा कर समतलीकरण कराया गया और पानी छिडक़ाव भी लगातार करवाया जा रहा है। समस्या का स्थायी समाधान के लिए पुनः सुरती कुलदीप द्वारा कलेक्टर से भेंट की गई तो संबंधित विभागों पीडब्ल्यूडी, एसईसीएल के अधिकारियों को तत्काल स्थायी हल निकालने का निर्देश दिया गया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व एसईसीएल जीएम कुसमुंडा क्षेत्र ने सर्वे कर मंगलवार से कुचेना मोड़ से बलगी चौक तक डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। पुल का काम एसईसीएल द्वारा किया जायेगा व इसकी भी कार्यवाही शुरू हो चुकी है। फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाया गया है। सुरती कुलदीप ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है।



### भालू के हमले में युवक जख्मी

**कोरबा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंदई रेंज के ग्रामीणों में हाथी के बाद भालू के हमले का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार तडक़े भालू ने एक युवक पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया है।

कटघोरा वन मंडल के ग्राम केंदई में जयलाल यादव निवास करता है। वह प्रतिदिन की तरह सुबह जंगल की ओर गया हुआ था। जयलाल जंगल से घर लौट रहा था कि इसी दौरान गांव से करीब 1 किलोमीटर पहले जयलाल पर भालू ने हमला कर दिया। जयलाल हमले से खुद को बचाने प्रयास करता रहा, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। भालू ने नोच-नोच कर जयलाल को बुरी तरह से घायल कर दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक भालू जंगल की ओर भाग चुका था। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग के अलावा डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान किया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पत्रकार रामकुमार का निधन



कोरबा, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। संजय नगर कोरबा निवासी युवा पत्रकार रामकुमार यादव का सोमवार रात आकस्मिक निधन हो गया। मोतीसागर पारा स्थित मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। रामकुमार यादव के निधन की खबर से परिजनों सहित साथी पत्रकारों व शुभचिन्तकों में शोक व्याप्त है।

# जातीय और धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करें

- आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली कलेक्टर ने





**कोरबा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचरण संहिता के तहत दिए गए दिशा निर्देशों एवं मार्गदर्शन के अनुरूप ही चुनाव संबंधी सभी कार्यवाही संपादित की जानी चाहिए।

विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में लेते हुए कलेक्टर ने संहिता का आवश्यक रूप से पालन करने की अपेक्षा राजनीतिक दलों से की। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को जातीय, धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करना चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति के घर के सामने धरना प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर ही जुलूस, रैली एवं सभा का आयोजन किया जाय तथा पुलिस को भी इसकी सूचना दी जाय। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभा आदि के आयोजन में की जाने वाली टेंट, कुर्सी, माईक, पण्डाल तथा अन्य सामग्रियों की संख्या आदि की जानकारी अनिवार्य रूप से निर्वाचन कार्यालय को दी जानी चाहिए। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

0 खुद कार्यवाही कर कानून हाथ में न लें

कलेक्टर ने कहा कि जुलूस आदि के दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा बाधा पहुंचायी जाती है तो राजनीतिक दल स्वंय उस पर कार्यवाही न करें तथा कानून अपने हाथ में न लें, इसकी सूचना पुलिस को दें साथ ही जुलूस के दौरान उपस्थित पुलिस बल इस पर कार्यवाही करेगा। पुतला दहन, कोई भी भूमिपूजन, लोकार्पण तथा घोषणाएं प्रतिबंधित रहेंगी। आदर्श आचार संहिता के दौरान राशनकार्ड/मनरेगा/बेरोजगारी भत्ता में नया नाम नहीं जुड़ेगा। राजनीतिक दलों द्वारा प्लास्टिक के ध्वजों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

### व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए, पृथक खाता खोलना होगा

कलेक्टर ने व्यय लेखा के संबंध में निर्वाचन आयोग के सामान्य अनुदेशों की जानकारी प्रतिनिधियों को दी तथा बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपये निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने अभ्यर्थी द्वारा किए गए दैनिक निर्वाचन व्यय के रखरखाव एवं अनुवीक्षण के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में व्यय तंत्र के गठन तथा उसके विभिन्न स्तरों की जानकारी दी। निर्वाचन व्यय के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा पृथक बैंक खाता खोला जाना आवश्यक है जिसके खाता संख्या की लिखित जानकारी नाम निर्देशन दाखिल करते समय अभ्यर्थी द्वारा दी जाएगी। निर्वाचन व्यय तथा बैंक खाते के संचालन, भुगतान के स्वरूप, नकद संव्यवहार, चेक से भुगतान, व्यय की जानकारी प्रस्तुत करने के साथ अन्य संबंधित तथ्यों की भी जानकारी प्रतिनिधियों को दिए।

## सार-संक्षेप

### अचानक हुआ कोतवाली थानेदार का जनकपुर तबादला

**मनेंद्रगढ़** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार संहिता लागू होने से कुछ घंटे पहले ही जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के सिटी कोतवाली में पदस्थ कोतवाली प्रभारी अमित कश्यप का अचानक जनकपुर स्थानांतरण कर दिया जाना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। आखिर ऐसी क्या वजह हो गई कि कोतवाली मनेंद्रगढ़ में 27 जून को पदस्थ हुए कोतवाली प्रभारी को 9 अक्टूबर को रवानगी दे दी गई। कश्यप साहब का तबादला कई तरह के सवालों को जन्म दे गया है. जिला मुख्यालय का थाना होने के कारण पुलिस अधिकारियों की चाहत रहती है कि उन्हें जिला मुख्यालय पदस्थ किया जाए। पूर्व नगर निरीक्षक सचिन सिंह के तबादले के बाद रायपुर से आए कोतवाली का प्रभार अमित कश्यप को सौंपा गया।

जानकार सूत्रों की माने तो महज तीन महीने के कार्यकाल में कोतवाली प्रभारी अमित कश्यप को अधिकांशत बाहर वीआईपी ड्यूटी में ही रहना पड़ा। ऐसे में शहर के हालात तो बिगड़ता ही थे।शहर में कई स्थानों पर हुई चोरियों ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठने शुरू कर दिए थे। लेकिन परदे के पीछे की हकीकत शायद अधिकांश लोगों को पता ना हो।दरअसल कोतवाली थाने में जितना स्टाफ होना चाहिए उसे आधे से भी काम स्टाफ से कोतवाली का कामकाज चल रहा है। ऐसे में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को भगवान भरोसे है। और कोतवाली प्रभारी अभी तक कुछ समझ नहीं पाते कि उन्हें प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत के जनकपुर पुलिस थाना में पदस्थ कर दिया गया।वहीं दूसरी ओर अगर थाना मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ स्टाफ की ओर ध्यान दिया जाए वैसे कई पुलिसकर्मी है जो लंबे अरसे से यहां जमा हुए हैं लेकिन उच्च अधिकारियों की निगाह इस ओर पता नहीं क्यों नहीं जा रही। अब हालांकि 2 महीने तक पूरा प्रशासन चुनाव में उलझा रहेगा ऐसे में यहां पुलिस बल बढ़ाने की संभावना कम ही दिखाई पड़ती है। पुलिस चुनाव के कामकाज में व्यस्त हो जाएगी। ऐसे में आसानी से समझा जा सकता है कि पुराने मामलों में किस तरह की कार्रवाई होगी।चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी शासकीय कर्मचारी को 3 वर्ष से अधिक समय तक एक ही स्थान पर नहीं रखा जा सकता लेकिन क्या ऐसे लोगों पर चुनाव आयोग की निगाह पड़ेगी जो वर्षों से मनेन्द्रगढ़ थाने में पदस्थ हैं और बीच-बीच में दिखावे के लिए दूसरी पुलिस चौकी और थाने में जाकर काम काज संभालते हैं। और फिर वापस आकर मनेन्द्रगढ़ थाने में दिखाई पड़ते हैं।

### युवा संसद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय झगराखण्ड बनी विजेता

**मनेन्द्रगढ़** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय, बिलासपुर में दिनांक 06 एवं 07 अक्टूबर 2023 को आयोजित संभाग स्तरीय 34वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय झगराखण्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय, भिलाई दूसरे एवं केंद्रीय विद्यालय, महासमुंद तीसरे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता में बिलासपुर के पूर्व सांसद माननीय गोविंद राम मिरी, माननीय लखनलाल साहू, केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग के सहायक आयुक्त श्री रविंद्र कुमार, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के प्राचार्य श्री यू.एस. मिश्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। 53 बच्चों की टीम में शिवम जायसवाल ने प्रधानमंत्री, अनमोल सिंह ने नेता विपक्ष जबकि नदिया शेख ने सभापति की भूमिका का निर्वहन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नदिया शेख, आनंदिता मित्रा, आशीष शर्मा, रिया द्विवेदी, अलीशा सिंह एवं प्रतीक झा को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ये युवा विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। प्रभारी प्राचार्य श्री देवेंद्र प्रसाद चौबे ने कार्यक्रम प्रभारी श्री अभिषेक कुमार गुप्त एवं पूरे टीम की तारीफ करते हुए उन्हें आगामी जोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से करें निर्वहन-एक्का

बलरामपुर 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग की विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के पश्चात जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का की उपस्थिति में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री एक्का ने जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु चल रही तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्वाचन संबंधी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एक्का ने जिले में निर्वाचन कराने हेतु चल रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिये 17 नवंबर को मतदान होना है। अधिकारी सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन सम्बन्धी सम्पादन के लिये लगायी गयी है, ऐसे अधिकारी-कर्मचारी तत्काल अपने कार्य शुरू कर देवें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आगामी निर्वाचन कार्य संपादित करने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दलों, अभ्यार्थियों एवं शासकीय सेवकों के लिये आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है, ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन का कार्य सम्पन्न हो सके। साथ ही उन्होनें अधिकारियों/कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान न करने तथा मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिये।

### सम्पूर्ण जिला क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**एन सी बी** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। देशबन्धु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में आज जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों के साथ विधानसभा आमनिर्वाचन 2023 के संबंध में प्रेसवार्ता की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आज भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई हैं इस लिए उक्त घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार निर्वाचन कार्य संपन्न कराए जाएंगे। मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर जिले में कुल दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः 01 भरतपुर सोनहत(अ.ज.जा.) एवं 02 मनेन्द्रगढ़(सामान्य) स्थित है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर सोनहत विधानसभा की सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण सरकारी संपत्ति पर सभी राजनैतिक विज्ञापन की वाल राइटिंग, पोस्टर्स, पेपर्स या किसी अन्य रूप विरूपण, कट आउट, होर्डिंग्स, बैनर, फ्लैग आदि निर्वाचन की घोषणा से 24 घंटे के भीतर हटा दिये जाएंगे। सार्वजनिक संपत्ति तथा सार्वजनिक स्थानों में निर्वचनों की घोषणा से 48 घंटों के भीतर हटा दिये जाएंगे।

# निजी सम्पत्ति पर चुनाव प्रचार के लिए मालिक की सहमति आवश्यक

■ **कोई भी जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा बिना सार्वजनिक दृष्टि से आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से विरूपित करेगा, होगा 1000 रुपए तक जुर्माना का दंड**

**अम्बिकापुर** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम घोषणा किये जाने के साथ ही इस जिले में आदर्श आचरण सहिता प्रभावशील हो गयी है। विधानसभा निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन का प्रचार-प्रसार करने के लिए शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे लिखवाने का कार्य, पोस्टर कार्य जाने का कार्य एवं बैनर लगाये जाने का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर भी चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती है। उपरोक्त कार्यों से शासकीय स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-3 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि से आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा वह 1000 रुपए तक के जुर्माने से दंडनीय होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-5 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया है, जिसमें बताया गया कि निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार के समय यदि विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों द्वारा सम्पत्ति की स्वामी की अनुज्ञा के बिना शासकीय एवं अशासकीय भवन की दीवारों पर किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है, विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर झंडिया लगाई जाती है, अथवा ऐसे पोस्टर एवं बैनर लगाकर शासकीय,अशासकीय सम्पत्ति को विकृत किया जाता है। ऐसे पोस्टर एवं बैनर हटाने के लिए तथा चुनावी नारे मिटाने के लिए जिले के प्रत्येक थाना मेंलोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया जाना है तथा विरूपण करने या चिन्ह बनाने के लिए दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति से किसी विरूपण से मुक्त कराने या किसी चिन्ह को हटाने के लिए भू-राजस्व की बकाया के रूप में किया जाएगा। इस दस्ते में लोक निर्माण विभाग के स्थाई गैग के पर्याप्त संख्या में कर्मचारी पदस्थ रहेंगे।

यह लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता टीआई या थाना प्रभारी के सीधे देख-रेख में कार्य करेगा। इस दस्ते को सहयोग देने के लिए और स्थल पर जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाने का एक सहायक उप निरीक्षक पुलिस मुख्यालय पटवारी एवं स्थानीय निकाय के एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी।




## न्यूनतम दर निर्धारित

निगरानी के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा दिन-प्रतिदिन विभिन्न मदो में प्रचार-प्रसार व अन्य आवश्यक सामग्री क्रय किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में दैनिक व्यय के रख-रखाव को सुविधा जनक बनाने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग में लाए जाने वाले आवश्यक व्यय की दर सूची प्रचलित दरों के आधार पर संकलित कर आदेश जारी किया है।

स्थानीय तौर पर प्रचलित बाजार दर के आधार पर चुनावी सामग्री आदि के दर निर्धारित किए जाने हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधिवत रूप से विचार विमर्श एवं सहमति प्राप्त कर ली गई है।यह मूल्य सूची प्रेक्षको और सहायक प्रेक्षकों, नाम निर्दिष्ट अधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी है।

## अधिकारी कर्मचारियों का हुआ प्रशिक्षण

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति संवीक्षा, नाम, निर्देशन पत्रों की वापसी, प्रतीक का आबंटन मतदान दिवस तथा मतगणना से संबंधित सभी कार्यो को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि व समय पर पूर्ण करने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इस संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार को सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा कर्मचारियों के प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।



## कलेक्टर ने बीईओ-बीआरसी व मंडल संयोजक की ली बैठक

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने मंगलवार को जिले के समस्त विकासखंडों के बीईओ, बीआरसी, मंडल संयोजक और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता का पालन अपनी संस्थाओं में सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक भी उपस्थित रहे।*

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन बैठक में कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है जिसके तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि खंड स्तरीय अधिकारी अपने विकासखंड में पदस्थ कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु निर्देशित करें।*

*उन्होंने कहा कि सभी बीईओ, बीआरसी एवं मंडल संयोजक स्कूल, आश्रम, छात्रावासों का लगातार निरीक्षण करें और छात्र छात्राओं की सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लें। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को मतदान केंद्रों के रूप में निर्धारित किया गया है, अपने स्तर पर भी मतदान संबंधी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जांच लें। उन्होंने बताया की शासकीय भवनों में किसी तरह का प्रचार प्रसार प्रतिबंधित है। इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। स्कूल मैदानों का उपयोग चुनावी सभाओं के आयोजन में किए जाने के संबंध में स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा एनओसी आवश्यक है, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें और जिले में निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में सहयोग करें।*

## मतदाता संबंधित जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर जारी

**बलरामपुर** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने अवगत कराया कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत तैयारियां चल रही है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा कर दी गयी है। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रेस-मीडिया की उपस्थिति में राजनैतिक दलों को आगामी निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने जानकारी दी है कि निर्वाचन संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए भारत निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नम्बर 1950 जारी किया गया है, जिसमें आमजन सम्पर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी तथा अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन कार्यालय के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन में विधानसभा निर्वाचन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07831-273177 है।

## महुआ शराब के साथ चार पकड़ाए

**रायगढ़** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर कल 8 अक्टूबर के शाम नव पदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम गेरवानी डीपापारा में अलग-अलग स्थान में शराब रेड कार्यवाही किया गया। पूंजीपथरा पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के कुछ लोग अवैध रूप से महुआ शराब की आसपास क्षेत्र में बिक्री करते हैं।

थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा एसएसपी सदानंद कुमार, एडिशनल एसपी संजय महादेवा डीएसपी निकिता तिवारी को अवैध गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर शराब रेड कार्रवाई के लिये थाना स्टाफ की टीम तैयार किया गया और सुनियोजित तरीके से इलाके की घेराबंदी कर शराब रेड कार्यवाही की गई जिसमें चार आरोपी अशोक अजय, राजेंद्र बर्मन, सरोज कुमार जाटवार और सुरेश कुमार खुंटे को अलग-अलग स्थान से पुलिस पार्टी ने शराब के साथ पकड़ा। आरोपियों के पास से 200-200 उस भरा हुआ महुआ शराब की कुल 1200 पाऊच (240 लीटर महुआ शराब) कीमत 24,000 का जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में पृथक पृथक आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, प्रधान आरक्षक नंद साय कंवर, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक द्विवेदी, नरेन्द्र पैंकरा, इमानवेल कुजूर और राजेश बंजारे शामिल थे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए तृतीय काउंसलिंग 16 को

**बलरामपुर** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 अप्रैल 2023 को आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित छात्रों का प्राप्तांक की मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। प्रवेश हेतु वर्तमान में रिक्त सीट की पूर्ति हेतु प्रथम तथा द्वितीय काउंसलिंग आयोजित की गई थी।

## सुबह उठते ही मोबाइल देखना खतरनाक बीमारी- रितेश्वर

**रायगढ़** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। परम पूज्य श्रद्धेय सद्गुरु रितेश्वर महाराज का रायगढ़ आगमन पर भक्तो श्रद्धालुओं द्वारा गाजा बाजा ढोल के साथ भव्य स्वागत किया गया।

सेवा कुंज में रितेश्वर महाराज के भक्ति रस की ऐसी बयार बही कि मौजूद भक्त गण मंत्र मुग्ध होकर भक्ति रस में डूब गए। विदित हो कि रितेश्वर महाराज सनातन धर्म के प्रबल प्रवर्तक है। इन दिनों सनातन धर्म के प्रसार प्रचार को लेकर वे छत्तीसगढ प्रवास पर है। शिवरी नारायण से रायगढ़ आगमन पर उनका भावभीना स्वागत करते हुए सुनील लेंध्रा के निवास के निकट स्थित सेवा कुंज ले जाया गया। वहां उन्होंने व्यक्ति उत्थान लिए अध्यात्म से जुड़े जीवन के रहस्यों पर प्रकाश डाला। रायगढ़ की आम जनता को दिए संदेश मे उन्होंने कहा कि वे पूरे देश मे सनातन संस्कृति को अलख जगाने निकले है। राजनैतिक दल कोई विषय नही है। हर देशवासी को सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक होना चाहिए।पुरातन समय से लड़ाई हमेशा चलती रही लेकिन सनातन संस्कृति सदा से अक्षुण है। शिबरी नारायण सड़क मार्ग से रायगढ़ आने का वाले रितेश्वर महाराज का दर्शन पाने भक्त गण रायगढ़ सहित छग के साथ आस पास जांजगीर चांपा बिलासपुर जिले से भी आए थे। सेवा कुंज में उद्बबोधन के पहले इनका भावभीना स्वागत सुनील लेंध्रा सीबी शर्मा, सुरेश गोयल ओम अग्रवाल, पूनम अग्रवाल एवम डीएन सिंह द्वारा किया।व्यक्ति का जीवन कैसा होना चाहिए इस पर महाराज रितेश्वर ने प्रकाश डाला। महाभारत में दुर्योधन और कर्ण का उदाहरण देते हुए आम जनमानस को बताया साथ देने के पहले सत्य असत्य को जानना आवश्यक है। कर्ण का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कर्ण सामर्थ्य वान रहा लेकिन गलत के साथ की वजह से उसका दुखद अन्त हुआ। लोगो से आह्वान करते हुए महाराज ने सुबह शाम रामचरितमानस के दोहे का स्मरण करने का करबद्ध आग्रह किया।

## आखिरकार याद आ ही गया वन्यप्राणी सरंक्षण सप्ताह

### बंगुरसिया के स्कूल में कराया गया निबंध व चित्रकला स्पर्धा का आयोजन

**रायगढ़** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के रायगढ़ वन परिक्षेत्र में दो अक्टूबर से शुरू होने वाले वन्यप्राणी सरंक्षण सप्ताह को रेंज के अधिकारियों ने भुला दिया था। जिसका खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। जहां खबर का असर हुआ कि नौ अक्टूबर को बंगुरसिया के स्कूल में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए ग्रामीणों को वन व वन्यप्राणियों के प्रति जागरूक किया गया।



इस संबंध में वन परिक्षेत्र कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार नौ अक्टूबर को रायगढ़ रेंज के वनकर्मियों द्वारा ग्राम बंगुरसिया के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के संबंध में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं लोगों को वन व वन्यप्राणियों के प्रति जागरूक किया गया। इसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी चित्रकला के माध्यम से वनों को सुरक्षित रखने के कई संदेश दिए गए। स्कूली बच्चों में भी इस दौरान काफी उत्साह देखा गया।

# थानों में जमा कराया जायेगा शस्त्र: आदर्श आचार संहिता का दिखने लगा प्रभाव

**सूरजपुर** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन हो, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के द्वारा सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें उपस्थित अधिकारियों को नियमावली से अवगत कराते हुए बताया गया कि निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाने तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडिया लगाये जाने के कारण शासकीय, अशासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है।



छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधानानुसार ''कोई भी व्यक्ति जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रूपया तक का दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, सम्पत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है। अतः एतद् द्वारा निर्देश दिया जाता है कि छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का कठोरता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाये। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है, तो उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।ग्राम व नगर में पर्याप्त संख्या में टीम का गठन किया गया है। टीम सघन भ्रमण कर विरूपित संपत्ति को सम्पत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्व स्वरूप में लाएगी तथा टीम द्वारा सम्पत्ति विरूपण करने वाले तत्वों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

यदि किसी राजनैतिक दल या निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी सम्पत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है, तो निजी सम्पत्ति के स्वामी द्वारा सम्बन्धित थाने में सूचना दर्ज कराने के बाद गठित टीम निजी सम्पत्ति को विरूपित होने से बचाने की कार्यवाही करेगा एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी प्रदत्त सूचना रिपोर्ट पर विधिवत् जांच कर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। इसी प्रकार किसी धार्मिक स्थल का उपयोग किसी भी में रूप में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिये नहीं किया जायेगा।

### शस्त्र जमा कराने के निर्देश

विधान सभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। शांतिपूर्ण चुनाव हेतु शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र, चुनाव अवधि के दौरान जमा कराया जाना अति आवश्यक है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने तथा लोक शांति व आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र शस्त्र लायसेंसधारियों से शस्त्र जमा करवाया जायेगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय व आतंक का वातावरण निर्मित न हो सके तथा इन शस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके।

## सार-संक्षेप

### बालीबाल प्रतियोगिता में तीन खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय के लिए चयन

सारंगढ 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में प्रथम मैच डॉ. शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय बरमकेला एवम उत्तम मेमोरियल कॉलेज के मध्य हुआ। जिसमे उत्तम मेमोरियल कॉलेज को हराकर बरमकेला कॉलेज सेमीफाइनल पहुंचा। फाइनल मैच केजी आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज रायगढ़ एवम डॉ शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय बरमकेला के मध्य खेला गया फाइनल मुकाबले में केजी कॉलेज को एकतरफा हराकर बरमकेला कॉलेज ने इतिहास में पहली बार बॉलीबॉल फाइनल का खिताब जीता।। अच्छे प्रदर्शन के लिए बरमकेला कॉलेज से 3 खिलाड़ियों का राज्य स्तर लिए चयन किया गया है।

सारंगढ़ 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम गोबरसिंघा का शिव कुमार खुटे अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए चाटीपाली जंगल की ओर जा खुटे उम्र 28 वर्ष साकिन गोबरसिंघा थाना बरमकेला मोटर साईकल के सामने में रखे प्लास्टिक बोरी के बारे में पूछताछ करने पर कच्ची महुआ शराब नगद राशि के साथ हिरासत में लिया है। सफ़ेद प्लास्टिक बोरी के अंदर प्लास्टिक पन्नी के अंदर भरी 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 5000 रुपए को बिक्री करने हेतु लाना बताने पर आरोपी शिव कुमार खुटे कोआबकारी एक्ट की धारा 34 (2) 59 क आबकारी एक्ट के तहत कारवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### शासकीय गेस्ट हाउस, भवन में नहीं कर सकेंगे राजनैतिक गतिविधियां

**जांजगीर,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन हेतु निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्य गेस्ट हाउस, भवन और राज्य सदन के उपयोग हेतु निर्देश दिये हैं। इनमें पार्टी मीटिंग एवं प्रेस कांफ्रेंस भी शामिल है।

आयोग ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने संबंधी प्रावधानों तथा अन्य शामिल सभी मुद्दों पर विचार करते हुए विभिन्न अवश्य निर्देश दिये हैं। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जारी निर्देशानुसार सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस इत्यादि के परिसर के अंदर राजनीतिक दलों के सदस्यों द्वारा बैठक की अनुमति नहीं है और इसके किसी भी उल्लंघन को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। रेस्ट हाउस में आबंटित व्यक्ति को ले जाने वाला वाहन और व्यक्ति द्वारा उपयोग किए जाने वाले दो से अधिक वाहनों को गेस्ट हाउस के परिसर के अंदर अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए रेस्ट हाउस के कमरों को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा हालांकि, किसी विशेष क्षेत्र में मतदान के करीब 48 घंटे पहले, मतदान या पुनः मतदान पूरा होने तक इस तरह के आबंटन स्थिर रहेंगे। जिन्हें राज्य द्वारा जेड ( 5 ) पैमाने पर या उससे ऊपर या समकक्ष आधार पर अपने राज्य के प्रावधानों के तहत समकक्ष आधार पर राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह इस शर्त के अधीन होगा कि इस तरह के आवास को पहले से ही चुनाव से संबंधित अधिकारियों या प्रेक्षकों को आबंटित नहीं किया गया है। ऐसे अतिथि सरकारी गेस्ट या रेस्ट हाउस में रहते हुए कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं करेंगे।

### 16 अक्टूबर को निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

जांजगीर, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति हरि लीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के 16 अक्टूबर को जन्मदिन के मौके पर हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर द्वारा वी.वाय. हॉस्पिटल रायपुर के मार्गदर्शन से संत गुरू घासीदास चिकित्सायल कात्रे नगर सोठी (चाम्पा) में एकदिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

उपरोक्त जानकारी देते हुए हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के सचिव अमर सुल्तानिया ने बताया संत गुरू घासीदास चिकित्सालय कर्मयोगी स्व. सदाशिव गोविंद राव कात्रे एवं पद्म श्री स्वर्गीय दामोदर गणेश बापट की पुण्य स्मृति में धनवंतरी जन कल्याण समिति द्वारा संचालित व वी.वाय. हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन के अवसर पर 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ्य शिविर में 20 से ज्यादा डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क ईलाज किया जायेगा। ईलाज के लिए सुप्रसिद्ध स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। जिसमें जरूरतमंदो को निःशुल्क चश्मा एवं कान की मशीन का वितरण भी किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना (अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन) एम.डी. वी.वाय हास्पिटल रायपुर, डॉ. आनंद जोशी अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन, डॉ. अनिल कर्णावट जनरल सर्जन, डॉ. विमल अग्रवाल स्पाईन सर्जन, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव जनरल सर्जन, डॉ. राजेश अग्रवाल मेडिसिन, डॉ. अनुपमा जोशी नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. पीयू प्रकाश सक्सेना कैंसर विशेषज्ञ, डॉ. सुलभ चन्द्राकर हृदय विशेषज्ञ, डॉ. प्रशांत सिंह पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुनील चौधरी किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ. गरिमा राजीमवाले वेरीकोज वैन विशेषज्ञ, डॉ. सिद्धार्थ साहू न्यूरो सर्जन, डॉ सिद्धार्थ पाटनवार पल्मनोलॉजिस्ट छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ सावेरी सक्सेना स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ शान्तुन वर्मा बच्चों के विशेषज्ञ, डॉ. ओमेश भगत फिजिशियन, डॉ. मोनीष सक्सेना ऑख विशेषज्ञ सहित अनेक अनुभवी डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के सचिव अमर सुल्तानिया जी ने विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोगो को पहुंचने की अपील की हैं।

### मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप मलखंभ का आयोजन आज

जांजगीर,10 अक्टूबर(देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले में शतप्रतिशत मतदान और मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके तहत ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' की थीम पर शत प्रतिशत मतदान हेतु पामगढ़ के संत शिरोमणि गुरु घासीदास महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप मलखंभ का आयोजन 11 अक्टूबर को प्रातः 8.30 बजे किया जाएगा।

### होर्डिंग्स निकालते समय कर्मचारी आया 11 के वी लाइन के चपेट में

**डभरा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता लगते ही नगर पंचायत डभरा के खंभों एवं कई जगहों पर लगे होर्डिंग को नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा निकाला जा रहा है। आज 10 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे के आसपास निकाल रहे थे कि इसी बीच 11के वी लाइन के करंट के चपेट में आने से नगर पंचायत डभरा का कर्मचारी चतुर्भुज निषाद उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गया। नगर पंचायत डभरा के कर्मचारियों के साथ कालेज मोड़ प्रतीक्षालय के आसपास खंभो में लगे बैनर पोस्टर होर्डिंग को निकालते समय अचानक 11 केवी लाइन की चपेट में आने से चतुर्भुज निषाद के शरीर मे कई जगह झुलस गए हैं। युवक को तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा हैं।

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक





**जांजगीर,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में शत प्रतिशत मतदान और मताधिकार के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए संत शिरोमणी गुरू घासीदास महाविद्यालय पामगढ़ में 11 अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्वीप मलखंभ की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्वीप मलखंभ के आयोजन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के कार्य में लगे सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मूलभूत व्यवस्था बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, व्हील चेयर, फर्नीचर की जानकारी ली तथा सीईओ जनपद, आरईएस एवं संबंधित सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिले में निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण निर्वाचन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने कहा। उन्होंने सी-विजिल, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं एमसीएमसी की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफएसटी टीम को संपत्ति विरूपण, कोलाहल अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्वाचन व्यय लेखा, स्ट्रांग रूम, स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ मनीष कश्यप, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुटे, सर्व एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मध्य भारत पेपर मिल डकैती मामले में सात गिरफ्तार



**डकैती में शामिल था पेपर मिल का गार्ड**

**जांजगीर,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य भारत पेपर मील बिरगहनी में डकैती करने वाले एवं डकैती में संलिप्त गार्ड व डकैती का समान ख़रीदने वाले सहित कुल 07 आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे सेकुल 20 लाख से अधिक का मशरूका ज़ब्त किया। जिसमें 112 किलो तांबा का क्वायल किमती 2,24,000 तथा घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया।

मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने बताया कि प्रार्थी पन्ना लाल शर्मा, मध्य भारत पेपर मील विरगहनी प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा 09 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि लगभग 07-08 अज्ञात व्यक्ति डकैती डालने ट्रांसफारमर का क्वायल व अन्य सामान चोरी कर ले जाने के उद्देश्य से अपने चेहरा ढके हुये पेपर मील के अंदर प्रवेश कर गार्ड ड्यूटी में लगे गार्डो को चारो तरफ से घेर मोबाईल का छीन कर मध्य भारत पेपर मील में लगे हुये ट्रान्सफारमर को तोड़कर उसमें का तांबा के क्वायल को अपने साथ लाये कार में ले गये जो एक दुसरे का नाम संदीप प्रितम पुकार रहे थे। रात में अंधेरा होने के वजह से चेहरा ढके होने से हम लोग डर कर उनके सामने नही गये गार्ड के द्वारा देखकर पहचान लेंगे बताया जिसकी सूचना प्रार्थी को सुबह मिलने पर फोन के माध्यम से गार्ड अफसर ने बताया कि सूचना पर अज्ञात आरोपीयों के विरुध्द थाना जांजगीर में धारा 458,395 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

डकैती की घटना को गंभीरता से लेते हुये थाना स्तर पर अज्ञात आरोपियों एंव डकैती हुये मशरुका कि पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया। टीम को विवेचना के दौरान मिल में कार्यरत् सेक्यरीटी गार्ड राम नारायण मिश्रा को पूछताछ किया, जिसके द्वारा कोरबा क्षेत्र के ग्राम भलपहरी और छूरी निवासी के द्वारा उक्त डकैती कि घटना घटित किये है बताये जाने पर तत्काल आरोपी कि पतासाजी हेतु रेड कार्यवाही किया गया जो ग्राम भलपहरी से मुकुन्दा यादव संतोष कुमार चन्द्राकर को एंव ग्राम छुरी से प्रितम चेलकर, विश्वजीत टण्डन, संदीप खरे एवं प्रियांशु साहू को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया, जिन्होने अपने अपने मेमोरेण्डम कथन में अपना जुर्म स्वीकार किये है।

जिनके आधार पर डकैती के 112 किलो तांबा क्वायल कीमती 2 लाख 24 हजार रूपये एंव घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन, एक नग मोटर सायकल बुलेट, 04 नग मोबाईल, एक नग गैस कटर मय गैस सिलेण्डर एंव उपयोग में लाये अन्य पाना पेचकस को जप्त किया गया हैआरोपियों के कब्जे सेकुल 20 लाख रूपये से अधिक का मशरूका ज़ब्त किया गया। आरोपी मुकुन्दा यादव उम्र 34 वर्ष,संतोष कुमार उम्र 43 वर्ष, प्रितम चेलकर उम्र 32 वर्ष ,विश्वजीत टण्डन उम्र 23 वर्ष ,संदीप खरे उम्र 23 वर्ष, प्रांशु साहू उम्र 30 वर्ष , रामनारायण मिश्रा उम्र 49 वर्ष के विरुध्द धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। घटना में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है जिनकी पता तलाश जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक कुमार वैष्णव, निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी, उप निरीक्षक पारस पटेल, उप निरी भवानी सिंह चौहान, सउनि लम्बोदर सिंह मुकेश पाण्डेय, प्रआर. बलवीर सिंह, राज कुमार चन्द्रा, विवेक सिंह मोहन साहू, अलोक शर्मा, जितेन्द्र परिहार, आर. गिरीश कश्यप, ईश्वरी राठौर, शिवराय सागर, बाल्मिकी राठौर, राहूल सूयर्वशी, राज कमल ओग्रे, आशुतोष कर्ष, संतोष भानू विरेन्द्र भैना का योगदन रहा।

### कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी

**जांजगीर,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिलो में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है।

जारी निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए विगत दो निर्वाचनों के निर्वाचन अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के समेकित सूची तैयार करना, घोषित भगोडे एवं लुकने-छिपने वाले अपराधियों एवं अपराधिक इतिहास के व्यक्तियों की सूची को अद्यतन करना, लंबित वारंट, चालान को प्रभावी ढंग से तामिल करते हुए लंबित वारंट की सूची का अद्यतन करना, निर्वाचन अपराध से संबंधित लंबित अनुसंधान एवं वाद में सुनवाई की प्रक्रिया को त्वरित करना,अवैध शराब भट्टी एवं कारखानों को उजागर कर प्रभावी कार्यवाही करना, अवैध शस्त्र हथियारों को जब्त करना, निर्वाचन क्षेत्रवार उपरोक्त अनुसार विशेष अभियान की जानकारी को प्रत्येक 15 दिवस में अद्यतन करना एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पास इस प्रकार तैयार रखा जाना कि आवश्यकता एवं मांग अनुसार उक्त जानकारी भारत निर्वाचन आयोग को तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत लाईसेंस शस्त्र को रखने पर पाबंदी लगाये जाने हेतु निषेधात्मक आदेश जारी किया जाना साथ ही लाईसेंस शस्त्र के सूची को शत प्रतिशत समीक्षा किया जाना, लाउडस्पीकर के उपयोग के संबंध में आदेश जारी किया जाना, शस्त्र एवं विस्फोटक के लाईसेंस धारियों की समीक्षा निर्वाचन घोषणा के पश्चात किया जाना शस्त्रका जमा किया जाना तथा निर्वाचन की घोषणा के पश्चात नवीन शस्त्र लाईसेंस जारी किये जाने पर प्रतिबंध लगाने हेतु आयोग द्वारा जारी आदेशों का पालन करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

जांजगीर, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा दिनांक से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाते हुए आदेश जारी किया है कि समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों के अमलों की अवकाशों की स्वीकृति हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति के पश्चात ही अवकाश की पात्रता होगी। साथ ही कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी अवकाश स्वीकृति होने के पश्चात ही अवकाश पर जा सकते हैं। जिले में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को आदेशित किया है कि वे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोडेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**अकलतरा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रीऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल द्वारा अंतर महाविद्यालय सेक्टर लेवल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 09 एवं 10अक्टूबर को किया गया। इस प्रतियोगिता में 03 महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया।

सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में आरजी राठौर सेवानिवृत्ति व्यायाम निर्देशक शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर, आरके पांडे सहायक अध्यापक शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर,एचआर पटेल व्यायाम निर्देशक शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा, संजय यादव व्यायाम निर्देशक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा ,महाविद्यालय के संचालक डॉक्टर जेके जैन प्राचार्य डॉक्टर तृप्ति शुक्ला एवं महाविद्यालय के सचिव अंकित जैन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

चयनित खिलाडियों के पुरुष वर्ग में गौतम देवांगन एमएमआर महाविद्यालय चांपा, मुनीश एमएमआर महाविद्यालय चांपा,सोमेश टीसीएल जांजगीर,यश एमएमआर महाविद्यालय चांपा,गौतम दास एमएमआर महाविद्यालय चांपा। अपाती खिलाड़ी सूर्यकांत रात्रे श्रीऋषभ महाविद्यालय बनाहिल,आशुतोष शास टीसीएल जांजगीर,उदय शास टीसीएल जांजगीर। महिला वर्ग में प्रियंका कैवर्त्य श्रीऋषभ महाविद्यालय बनाहिल, प्रियंका यादव श्री ऋषभ महाविद्यालय बनाहिल,प्रभा धीवर एमएमआर महाविद्यालय चांपा,विभा एमएमआर महाविद्यालय चांपा।

# 7 दिवस के भीतर जमा करने होंगे अस्त्र-शस्त्र

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया आदेश




जांजगीर, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन-2023 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा एवं आम व्यक्ति की सुरक्षा की दृष्टि से सीमित अवधि के लिए जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने के निर्देश दिए है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन शस्त्रों के संभावित दुरूपयोग को रोका जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत रहने वाले शस्त्र लायसेंसधारियों को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 07 दिवस के अंदर जमा करायें। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति, जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कार्यालय कलेक्ट्रेट जांजगीर-चाम्पा के लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। इस कंडिका में उल्लेखित वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी तथा अपने शस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। संबंधित थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंद्राज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे। जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेंगे।

# वन व वन्यप्राणियों के प्रति वन मंडल ने लोगों को किया जागरुक

### गोमार्डा अभ्यारण्य सहित सभी रेंज के आयोजन में बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



**सारंगढ़** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन व वन्यप्राणी हमारे जीवन में अहम भूमिका रखते हैं और यही कारण है की हर साल 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जाता है। ताकि लोगों को इनके प्रति जागरूक किया जाया। चूंकि इस बार सारंगढ़ बिलाईगढ़ नवीन जिला बना है। ऐसे में सारंगढ़ वन मंडल में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक सारंगढ़ के सभी रेंज में कई तरह के आयोजन हुए, लेकिन गोमार्डा अभ्यारण्य क्षेत्र में विशेष रूप से लोगों को वन व वन्यप्राणियों के प्रति जागरूक किया गया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया की दो अक्टूबर को छठ। के द्वारा हाथी मानव संघर्ष कम करने के लिए कार्यशाला एवं हाथी ट्रैकिंग प्रशिक्षण तथा स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। साथ ही सभी ऑफिसों एवं आवासीय परिसर का साफ सफाई किया गया। तीन अक्टूबर को ग्रामवासियों से मानव वन्यप्राणी द्वंद कम करने संबंधी परिचर्चा एवं गाँवों में रैली का आयोजन हुआ। इसके अलावा चार, पांच और छह अक्टूबर को सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के लगभग सभी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में वन्यप्राणी संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी चर्चा एवं वीडियो (प्रोजेक्टर द्वारा) फिल्म का मंचन किया गया। साथ अक्टूबर को तेंदूद्वार से खपान जलप्रपात तक ट्रेकिंग बर्ड वाचिंग ट्री कार्यक्रम रखा गया था। इसके बाद वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतिम दिन रैली निकाली गई और पुरस्कार वितरण वितरण किया गया। गोमर्डा अभ्यारण्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम सारंगढ़ वन मंडल अंतर्गत गोमर्डा अभ्यारण्य में घने जंगल व काफी संख्या में वन्यप्राणी पाए जाते हैं, लेकिन जंगल आसपास गांव भी बसे हैं। ऐसे में अभ्यारण्य क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम को जायदा जोर दिया गया। गांव तक पहुंच कर वनकर्मी ग्रामीणों को वन व वन्यप्राणियों के प्रति कई तरह की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किए। ग्रामीणों ने भी विभाग के इन कार्यक्रमों की जमकर सरहना की।

# देश विदेश

## फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, तीन घायल

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन शहर ज़ाम्बोआंगा में सूअरों को ले जा रहा एक ट्रक मंगलवार की सुबह राजमार्ग पर एक अन्य ट्रक से टकरा गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ज़ाम्बोआंगा सिटी पुलिस के पुलिस कप्तान जॉन अगस्टिन ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हुई दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक सूअर भी मारे गए। श्री अगस्टिन के अनुसार, चारों मृतक ट्रक के यात्री थे। उन्होंने कहा, टक्कर के प्रभाव के कारण सूअर भी मारे गए ।

# इजराइल ने 1700 से अधिक जगहों को निशाना बनाया

- इजराइल ने कहा, पहली बार हुई इतनी मौतें
- गाजा में मस्जिदों पर भी इजराइल के हमले




**यरूशलम,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल और हमास के बीच चौथे दिन भी जंग जारी रही। हमास ने गाजा से 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था। इसके साथ ही उसके लड़ाकों ने इजराइल से 150 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया। इजराइल ने गाजा पर जवाबी हमले में अब तक करीब 1,700 से अधिक जगहों को निशाना बनाया है। इस दौरान उसने कई मस्जिदों पर भी हमला किया।

इजराइल ने अपनी सेना को सोमवार को पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे करने का आदेश दे दिया है। इजराइल ने गाजा में कई मस्जिदों पर भी हमले किए हैं। इनमें से चार मस्जिद शती रिफ्यूजी कैंप में थीं, जो पहले से ही गाजा पट्टी के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। इजराइली सेना ने कहा है कि हमास के गाजा में रिहायशी इलाकों में ठिकाने हैं। वो यहीं से ऑपरेट करता है। इजराइल के मुताबिक, इसमें एक मस्जिद भी शामिल है जिस पर उसने हमला किया है। गाजा की तरफ से हो रहे हमलों के बीच इजराइल ने बॉर्डर के पास रह रहे लोगों को वहां से हटाया है। इजराइल के फॉरेन प्रेस रिलीज के मुताबिक, देश की स्थापना से लेकर अब तक पहली बार इजराइल में एक दिन में इतनी मौतें हुई हैं। इजराइल पर हमास का सरप्राइज अटैक पिछले 50 सालों का सबसे बड़ा हमला है। शनिवार की सुबह इजराइल पर हमले शुरू हुए। हमास के लड़ाकों ने इजराइली नागरिकों पर गोलीबारी की।

## तुर्की, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए तैयार



**अंकारा।** तुर्की ने कहा कि वह इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। तुर्की ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस संबंध में सूचित किया, जिसमें दोनों देशों के नेताओं की एक बैठक आयोजित करना भी शामिल है। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि सोमवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने दोनों नेताओं (इस्राइल और फिलिस्तीन) के साथ फोन पर बातचीत की थी। बातचीत बहुत रचनात्मक थी। राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों से संघर्ष विराम और बातचीत बहाल करने की अपील की। इस बीच, राजनयिक चैनलों के माध्यम से, अंकारा ने दोनों पक्षों को नेताओं की एक बैठक आयोजित करने सहित किसी भी संभावित रूप से मध्यस्थता करने के लिए अपनी तत्परता के बारे में सूचित किया।

## गाजा में विस्थापितों की संख्या बढ़कर 187,518 हुई

**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इजरायल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों की संख्या मंगलवार तक बढ़कर 187,518 हो गई है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने अपने लेटेस्ट अपडेट में कहा, पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर विस्थापन बढ़कर 187,518 तक पहुंच गया है। इस संख्या के और बढ़ने की संभावना है। ओसीएचए ने कहा कि कुल विस्थापित व्यक्तियों में से 137,427 वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित स्कूलों में शरण ले रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 11 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष -आज आप का दिन मध्यम फलदायी हैं। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। आप शारीरिक थकान का अनुभव करेंगे। संभव हो तो प्रवास टालें। किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें।

वृषभ -आज आप का दिन मध्यम फलदायी है। आप किसी भी काम को दृढ़ मनोबल एवं पूर्ण विश्वास के साथ करें। पिता एवं पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग हैं। आप के प्रति पिता का व्यवहार भी अच्छा रहेगा।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए अच्छा और लाभदायी होगा। मित्र, बंधु-बांधवों एवं पड़ोसियों के साथ आप के संबंध अच्छे रहेंगे। आर्थिक रूप से आप सजग रहेंगे।

कर्क -आज का दिन मध्यम फलदायी है। आपके मन में ग्लानि रहेगी। जो भी काम करेंगे, उसमें आपको संतोष नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। दांयी आंख में परेशानी होने की आशंका बनी रहेगी।

सिंह -आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। हर काम को दृढ़ निश्चय के साथ पूरा कर पाएंगे। सरकारी कामों में या सरकार से लाभ होगा। पिता तथा बड़ों का सहयोग मिलेगा।

कन्या -आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक चिंता के बोझ में रहेगा। आज किसी के भी साथ आपके इगो का टकराव न हो इसका विशेष ध्यान रखें। कोर्ट-कचहरी में सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च होगा।

तुला -आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आपको कई तरह के लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ मिलना-जुलना और कुछ मनोहर स्थलों पर घूमने जाने की संभावना बनी रहेगी। गृहस्थ जीवन में पुत्र एवं पत्नी से सुख की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक -आज का दिन शुभ फलदायी है। आपके गृहस्थ जीवन में आनंद और उल्लास बना रहेगा। आपके सभी काम बिना अवरोध के पूरे होंगे। मान-सम्मान मिल सकता है। नौकरी, व्यवसाय में पदोन्नति होगी।

धनु -आज किसी भी तरह की यात्रा को टालना आपके हित में रहेगा। आज आपके शरीर में थकान रहेगी। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहेगा। मन में व्याकुलता रहेगी। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। व्यवसाय में बाधा उत्पन्न होगी।

मकर -आपके कार्यालय एवं व्यापार में परिस्थिति आपके अनुकूल होगी। आज समय पर ऑफिस के काम पूरे कर पाएंगे। व्यापार तथा सामाजिक काम के लिए बाहर जाने के अवसर मिल सकता हैं।

कुंभ -आज आप में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। छोटा प्रवास या आनंददायी पर्यटन का योग बना रहेगा।

मीन -आज आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप आत्मविश्वासी बने रहेंगे। आरोग्य खूब अच्छा रहेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। दैनिक काम अच्छी तरह से कर पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिजी की आजादी के 53 साल पूरे होने पर जश्न

**सुवा,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिजी में सार्वजनिक अवकाश के दिन आजादी के 53 साल पूरे होने पर देशवासी सड़कों पर जश्न मना रहे हैं। फ़िजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे काटोनिवेरे ने पिछले 53 वर्षों में फ़िजी की प्रगति और आधुनिकीकरण को आकार देने वाले योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में श्री काटोनिवेरे ने फिजी के पुनर्निर्माण, समावेशिता का जश्न मनाने और कमजोर लोगों को सशक्त बनाने में देश की एकता पर जोर दिया। श्री काटोनिवेरे ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु लचीलेपन के लिए एक सुस्पष्ट ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका ने कहा कि प्रशांत क्षेत्र को अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और जलवायु परिवर्तन के खतरे बड़े पैमाने पर मंडरा रहे हैं, जिसका प्रभाव द्वीपों और समुदायों पर पड़ रहा है।

## युद्ध जारी रहने के कारण 1.9 करोड़ सूडानी बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल



■ संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में 10,400 स्कूल बंद कर दिए गए

**संयुक्त राष्ट्र,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच युद्ध अगले सप्ताह छह महीने के करीब पहुंच जाएगा। इसको लेकर यूनिसेफ और सेव द चिल्ड्रेन ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि सूडान में अनुमानित 19 मिलियन बच्चे इसके चलते स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बयान के हवाले से बताया कि कुल मिलाकर, लगभग 6.5 मिलियन बच्चों ने अपने क्षेत्र में बढ़ती हिंसा और असुरक्षा के कारण स्कूल तक पहुंच खो दी है, संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में कम से कम 10,400 स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस बीच युद्ध से कम प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले 5.5 मिलियन से अधिक बच्चे स्थानीय अधिकारियों की पुष्टि करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि क्या कक्षाओं को फिर से खोला जा सकता है। सूडान में 23 मिलियन बच्चे हैं, जो देश की कुल आबादी का लगभग आधा हिस्सा है। 15 अप्रैल को संघर्ष शुरू होने से पहले ही लगभग 70 लाख बच्चे स्कूल से बाहर थे। दोनों एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि यदि युद्ध जारी रहता है, तो आने वाले महीनों में सूडान में कोई भी बच्चा स्कूल नहीं जा पाएगा, जिससे उन्हें विस्थापन, सशस्त्र समूहों द्वारा भर्ती और यौन हिंसा सहित तत्काल और दीर्घकालिक खतरों का सामना करना पड़ेगा। वहीं सामाजिक सेवाओं पर खर्च में भारी गिरावट आई है, सशस्त्र संघर्ष शुरू होने के बाद से लगभग सभी राज्यों में शिक्षकों को अपना वेतन नहीं मिल रहा है।

## म्यांमार में विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाने के हमले में 29 की मौत

**नाएप्यीडॉ,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीनी सीमा के पास उत्तर-पूर्व म्यांमार में एक विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाना हमले में कई बच्चों सहित कम से कम 29 लोग मारे गए हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह शिविर काचिन इंडिपेंडेंस आॅर्गनाइजेशन (केआईओ) द्वारा नियंत्रित क्षेत्र में है। केआईओ कई उन जातीय विद्रोही समूहों में से एक है जो कई दशकों से स्व-शासन के लिए लड़ रहे हैं। केआईओ के प्रवक्ता ने बीबीसी को बताया कि सभी मारे गये सभी लोग आम नागरिक है। यह काचिन राज्य में 63 साल लंबे संघर्ष में सबसे घातक हमलों में से एक है। काचिन अधिकारियों का कहना है कि सैन्य सरकार से लड़ने वाले अन्य विद्रोही समूहों के बीच काचिन के बढ़ते समर्थन के कारण सशस्त्र हमलावरों ने पिछले कुछ सालों में आईओ द्वारा संचालित क्षेत्रों पर हमले बढ़ा दिए हैं। म्यांमार में 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद देश की निर्वाचित सरकार के विस्थापित होने के बाद से देश का अधिकांश हिस्सा व्यापक गृहयुद्ध में उलझ गया है। सत्ता पर कब्ज़ा करने के बाद से सेना ने विपक्ष-नियंत्रित कस्बों और गांवों के खिलाफ हवाई हमलों का तेजी से इस्तेमाल किया है।



निर्वासित राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) ने शिविर पर हमले के लिए जुंटा को दोषी ठहराया है और इसे 'युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध' बताया है। जुंटा के प्रवक्ता मेजर जनरल ज़ॉ मिन तुन ने इस बात से इनकार किया कि हमले के पीछे सेना का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि सेना ने क्षेत्र में कोई कार्रवाई नहीं की है और कहा कि हादसा 'संभवत:' भंडारित विस्फोटकों के कारण हुआ है। स्थानीय मीडिया द्वारा साझा की गई तस्वीरों में मलबे से शव निकाले जाते दिख रहे हैं।

## ऋण निपटारे पर चीन-श्रीलंका सहमत

**बीजिंग,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने मंगलवार को हुई प्रेस वार्ता में संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि मैत्रीपूर्ण पड़ोसी और ईमानदार दोस्त के नाते चीन श्रीलंका की मौजूदा कठिनाइयों और चुनौतियों पर कड़ी नजर रखे हुए है और श्रीलंका के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए मदद देता आया है।




इस सितंबर के अंत में आधिकारिक लेनदार के नाते चीनी आयात-निर्यात बैंक ने श्रीलंका के साथ चीन संबंधी कर्ज के निपटारे के बारे में प्रारंभिक तौर पर सहमति संपन्न की है।

उन्होंने बताया कि यह खुशी की बात है कि अन्य लेनदार अब श्रीलंका के कर्ज से निपटने की योजना पर विचार कर रहे हैं। न अपने देश की वित्तीय संस्थाओं द्वारा श्रीलंका के साथ सलाह-मशविरा जारी रखने का समर्थन करता है और संबंधित देशों व अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के साथ श्रीलंका के कर्ज सवाल के समाधान के लिए सकारात्मक भूमिका निभाएगा। हम बहुपक्षीय संस्थाओं और वाणिज्यिक लेनदारों से एक साथ श्रीलंका के कर्ज सवाल के हल में भाग लेकर न्यायपूर्ण रूप से से जिम्मेदारी उठाने की अपील करते हैं।

## आज का इतिहास

1521- पोप लियो दशम ने इंग्लैंड के राजा हेनरी अष्टम को 'आस्था के रक्षक' की उपाधि दी।

1737- कलकत्ता (अब कोलकाता) में आए चक्रवाती तूफान में लगभग तीन लाख लोगों की मौत हो गयी।

1862- वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने अपनी पहली खोज इलेक्ट्रिक वॉइस मशीन का पेटेंट हासिल किया।

1881- अमेरिकी आविष्कारक डेविड हेंडरसन हॉस्टन ने कैमरों के पहले रोल फिल्म का पेटेंट कराया।

1902- लोकनायक के नाम से प्रसिद्ध राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण का जन्म।

1911- स्वामी विवेकानन्द की सहयोगी एवं समाज सेविका सिस्टर निवेदिता का निधन।

1930- जवाहरलाल नेहरू को नैनी सेंट्रल जेल से रिहा किया गया।

1932- पहली बार राजनीतिक कार्यक्रम का प्रसारण सीबीएस ने न्यूयॉर्क में किया।

1942- बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन का जन्म।

1968- अमेरिका का पहला मानवयुक्त ओपोलो मिशन 'अपोलो 7' के प्रक्षेपण का कक्षा से पहली बार टेलीविजन प्रसारण किया गया।

1984- अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक कैथरीन डी सुलिवन अंतरिक्ष में सैर करने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनी।

1994- अमेरिका में कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में समलैंगिक विरोधी अधिकारों को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

2000- दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड द्वारा हैन्सी क्रोनिए पर आजीवन प्रतिबंध।

**बयान** *लावरोव ने नाटो के विस्तारवाद पर जमकर हमला बोला*

## नाटो आसियान के आसपास मौजूदा क्षेत्रीय तानेबाने को कमजोर कर रहा

**मॉस्को, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विस्तारवाद और पूरे पूर्वी गोलार्ध में अपने पदचिह्नों का विस्तार करने के प्रयास की आलोचना की है। रूसी विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को प्रकाशित एक लेख में श्री लावरोव ने चेतावनी दी कि नाटो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के आसपास मौजूदा क्षेत्रीय तानेबाने को कमजोर कर रहा है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव का एक नया केंद्र बना रहा है।**

वाशिंगटन अपने नियंत्रण में सैन्य-राजनीतिक लघु गठबंधन बना रहा है, जैसे एयूकेयूएस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका), की तिकड़ी, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया टोक्यो की चौकड़ी। श्री लावरोव ने कहा कि इसके अलावा सोल, कैनबरा और वेलिंगटन और उन्हें नाटो के साथ व्यावहारिक सहयोग में शामिल कर प्रशांत क्षेत्र में अपने



बुनियादी ढांचे को तैनात कर रहा है। श्री लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का उनकी संपूर्णता में पालन और अंतरसंबंध अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता की गारंटी शीर्षक वाले लेख में कहा कि ये प्रयास आसियान के आसपास समावेशी, सर्वसम्मति-आधारित क्षेत्रीय वास्तुकला के लिए खतरा पैदा करते हैं।

## रक्षा पर 21.6 प्रतिशत खर्च करेगा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने 2024 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कम से कम 21.6 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा पर खर्च करने के एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति के आदेश ने राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के फैसले को प्रभावी बनाया। यह फैसला यह निर्धारित करता है कि अगले साल यूक्रेन का रक्षा खर्च 46 अरब डॉलर से कम नहीं होगा। दस्तावेज ने सरकार को वर्तमान सैन्य-राजनीतिक स्थिति के आधार पर 2024 के राज्य मसौदा बजट में रक्षा क्षेत्र के वित्तपोषण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। यूक्रेन के 2023 के बजट में परिकल्पना की गई है कि वह रक्षा पर लगभग 31 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 18.2 प्रतिशत खर्च करेगा।

## सुडोकू 6343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 5 | |
| 6 | 7 | | | 2 | | | 1 | 3 |
| 1 | | 3 | 6 | | | 2 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | | | | 2 | | | |
| 8 | 2 | | 5 | 9 | 6 | | 3 | 4 |
| | | | 1 | | | | 2 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | | | 3 | 1 | | 2 |
| 5 | 1 | | | 8 | | | 9 | 6 |
| | 8 | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6343

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. पूरी तरह शुद्ध और साफ
३. पूरी तरह पका हुआ
५. आंखों के सामने
६. दूरी, अंतर
७. युधिष्ठिर
८. समुद्र रूपी संसार
१३. नाजुक
१५. राजा, सम्राट
१६. हृष्ट-पुष्ट
१७. वीरता, तेज
१९. वास्तविक
२०. शासन द्वारा लगाया जाने वाला एक कर
२२. प्रधान, मुखिया (उर्दू)
२३. सभी लोगों के लिए

**ऊपर से नीचे:-**

१. उजागर, प्रत्यक्ष (उर्दू)
२. शुद्ध, मुनाफा
३. पक्षी, तरफदारी करने वाला
४. गरूड़ (उपमा)
५. तारीफ
९. इत्यादि (उर्दू)
१०. बेचैनी
११. चुप, खामोश
१२. प्रसन्नता
१४. एकाएक होने वाला
१७. कोशिश
१९. स्वाभाविक, सरल
२०. फौज
२१. पृथ्वी

### वर्ग पहेली-6342

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | रा | २ चा | री | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| र्व | ■ | टु | ■ | ५ नि | रा | ला | ■ | ग | ■ |
| ६ च | स | का | ■ | र्भी | ■ | ७ ह | रा | भ | रा |
| न | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | ग | ■ |
| ■ | १० मु | ■ | ति | ■ | ■ | ■ | ११ सं | ■ | १२ म |
| १३ वा | ह | वा | ही | ■ | १४ म | ■ | १५ ज्ञा | प | न |
| ■ | ब्ब | ■ | १६ न | सी | ह | त | ■ | ■ | मा |
| १७ पू | त | ना | ■ | ■ | क | ■ | १८ आ | १९ सा | नी |
| ज | ■ | ■ | २० अं | शु | मा | २१ ली | ■ | कि | ■ |
| २२ न | वो | दि | त | ■ | ■ | २३ न | वी | न | ता |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6343 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 4 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 6 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 4 | 7 |


## दुनिया को जानें

### मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं चीन और भारत के लोग

**बीजिंग,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया भर में करोड़ों लोग किसी न किसी परेशानी से जूझ रहे हैं। शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मानसिक समस्याओं ने भी लोगों को घेर कर रखा है। कोरोना महामारी के कारण बड़ी संख्या में लोग मानसिक रोगों की चपेट में आ गए हैं। इन चुनौतियों से न केवल उम्रदराज़ लोग त्रस्त हैं, बल्कि जवान भी। ताज़ा आंकड़ों की मानें तो अभी विश्व के 20 फीसदी बच्चे और किशोर मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। इतना ही नहीं 15 से 29 साल की उम्र के युवाओं के बीच मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। भारत और चीन जैसे देश भी इन चुनौतियों से जूझ रहे हैं। जाहिर है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी वाले राष्ट्रों को अपने नागरिकों को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने की दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। चीन में लगभग दस प्रतिशत वयस्क डिप्रेशन की कगार पहुंच चुके हैं। जबकि किशोरों में मानसिक समस्या बड़ी चुनौती है। चीन के मुकाबले भारत की स्थिति ज्यादा खराब है। भारत में हर पांच में से एक व्यक्ति भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं से परेशान है।


# खेल जगत

## फुटबॉलर ईडन हैज़र्ड ने 32 साल की उम्र में लिया संन्यास



**ला लौविएर,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेल्सी के पूर्व विंगर ईडन हैज़र्ड ने पिछले सीज़न के अंत में रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। जून में मैड्रिड के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद ये खिलाड़ी किसी क्लब का हिस्सा नहीं था। इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए ईडन हैजर्ड ने संन्यास की घोषणा की। हैजर्ड ने लिखा, आपको खुद की बात सुननी चाहिए और कहना चाहिए कि सही समय पर रुकें। 16 साल और 700 से अधिक मैच खेलने के बाद, मैंने एक पेशेवर के रूप में अपना करियर खत्म करने का फैसला किया है। मैंने अपने सपने पूरे किए और दुनिया भर की कई मैदानों पर खेलना शानदार रहा। अपने करियर के दौरान मैं अपना साथ देने वाले प्रबंधकों, कोचों और टीम के साथियों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। मैं आप सभी को याद करूंगा। मैं उन क्लबों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके लिए मैंने खेला है।

# मलान के प्रहार से बांग्लादेश चारों खाने चित्त, इंग्लैंड 137 रन से जीता







धर्मशाला 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। डेविड मलान (140) के शतकीय प्रहार के बाद रीस टॉप्ली(43 रन पर चार विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन के बूते इंग्लैंड ने मंगलवार को आईसीसी विश्वकप के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 137 रनों से बड़ी जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 364 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 48.2 ओवर के खेल में 227 रन पर ही सिमट गयी। इंग्लैंड की जीत की बुनियाद सलामी बल्लेबाज डेविड मलान ने रखी जिन्होने मात्र 107 गेंदों में 140 रनों ठोक दिये। मलान के अलावा जो रूट के 68 गेंदों में 82 रन और जॉनी बेयरस्टो की 52 रनो की अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड भारी भरकम स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

सात रन प्रति ओवर से अधिक की रन गति से लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश दवाब में बिखर गयी जब उसके चार अहम बल्लेबाज मात्र 49 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये। तंजिद हसन,नजमुल शांतो और शाकिब उल हसन का विकेट निकाल कर टाप्ली ने मैच की दिशा को अपनी टीम के पक्ष में मोड़ दिया। इस बीच एक छोर पर जमे लिटन दास (76) ने अंग्रेजों का जम कर सामना किया और तेजी से स्कोरबोर्ड को चलाने का भरपूर प्रयास किया मगर अभी स्कोरबोर्ड पर 121 रन ही टंगे थे कि दास क्रिस वोक्स की तेजी से बाहर निकलती गेंद पर बल्ला अड़ा बैठे और गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में समा गयी।

बाद में मुशफ़िकुर रहीम (51) और मो. तौहीद हृदोय (39) ने इंग्लिश गेंदबाजों का दिलेरी से सामना किया मगर मैच का परिणाम इंग्लैंड के पक्ष में तय हो चुका था। मुश्किफुकर रहीम ने 64 गेंदों पर 51 रनों का योगदान दिया. जबकि तौहीद हृदय ने 61 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली।


इससे पहले आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान ने पहले विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। इंग्लैंड को पहला झटका 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज बेयरस्टो के रूप में लगा। उन्हें शाकिब ने बोल्ड आउट किया। उन्होंने 59 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 52 रन बनाए। डेविड मलान ने 91 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 32वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। 38वें ओवर की दूसरी गेंद पर इंग्लैंड का दूसरा विकेट डेविड मलान 140 के रूप में गिरा उन्हें मेहदी हसन बोल्ड आउट किया।

40वें ओवर की चौथी गेंद पर बटलर 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोरफुल इस्लाम ने बोल्ड आउट किया। 42वें ओवर की पांचवीं पर जो रूट 82 रन और फिर इसी ओवर की छठी गेंद पर लियम लिविंगस्टन शून्य पर आउट हुए। रूट को इस्लाम ने मुशफ़िकुर के हाथों कैच आउट कराया। इंग्लैंड का सातवां विकेट सैम कुरेन 15 गेंदों में 11 रन के रूप में गिरा। कुरेन को महेदी ने शांतो के हाथों कैच आउट कराया। क्रिस वोक्स 14 रन को महेदी की गेंद पर तस्किन ने कैच आउट किया। आदिल रशीद 11रन को महेदी की गेंद पर शांतो ने पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। मार्क वुड छह रन और रीस टॉप्ले एक रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से महेदी हसन ने 71 रन देकर सबसे अधिक चार विकेट लिये। जबकि शोरफुल इस्लाम ने 75 रन देकर तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। अहमद और हसन ने एक-एक विकेट मिला।

## मेंडिस व समराविक्रमा के प्रहार से श्रीलंका ने बनाये 344 रन

**हैदराबाद।** कुसल मेंडिस (122) और सदीरा समराविक्रमा (108) के बीच 111 रन की तूफानी साझीदारी की मदद से श्रीलंका ने मंगलवार को विश्व कप के एक मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा कर लिया। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका को कुसल परेरा (शून्य) के तौर पर पहला झटका दूसरे ओवर में लगा मगर इसकी परवाह किये बगैर पथुम निसंका (51) और कुसल मेंडिस ने संभल कर खेलते हुये टीम के स्कोर को तीन अंकों पर पहुंचा दिया। निसंका पारी के 18वें ओवर में शादाब खान की गेंद को उड़ाने के प्रयास में थर्ड मैन पर लपके गये। इस बीच एक छोर पर नजरें जमा चुके कुसल मेंडिस का बल्ला पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ आग उगलने लगा था जिसको नये बल्लेबाज समराविक्रमा ने अपनी बल्लेबाजी से और हवा दी। दोनो बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 69 गेंदों में 111 रन जोड़ दिये। मेंडिस ने अपनी शतकीय पारी में 77 गेंद खेल कर 14 चौके और छह छक्के लगाये। वह हसन अली की गेंद पर डीप मिड विकेट पर सीमा रेखा के पास खड़े इमाम उल हक के हाथों आउट हुये। हसन ने अपने अगले ही ओवर में नये बल्लेबाज चरिथ असलंका (1) को अपना शिकार बनाया। सदीरा समराविक्रमा भी हसन की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। उन्होने 89 गेंद खेल कर 11 चौके और दो छक्के लगाये। हसन पाकिस्तान के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होने अपने स्पेल में 71 रन खर्च कर चार महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को पवलेयिन का रास्ता दिखाया जबकि हारिस रउफ ने दो विकेट झटके। शादाब खान,शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज को एक एक विकेट मिला।

## शुभमन गिल ठीक हो रहे हैं, अस्पताल में भर्ती होने के बाद वह होटल में वापस आ गए हैं : विक्रम राठौड़




नई दिल्लली, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि शुभमन गिल उस बीमारी से ठीक हो रहे हैं जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच से बाहर रहे थे, जबकि दाएं हाथ का यह सलामी बल्लेबाज अस्पताल से चेन्नई के होटल में वापस आ गया है। उन्हें एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को, बीसीसीआई ने बीमारी की प्रकृति को निर्दिष्ट किए बिना एक बयान में कहा कि गिल बीमारी के कारण बुधवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के भारत के दूसरे मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह मेडिकल टीम की निगरानी में चेन्नई में ही रुके हुए हैं।

राठौर ने मैच से पहले मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह ठीक हो रहा है। हां, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन यह एहतियात के तौर पर था। वह चेन्नई के होटल में वापस आ गए हैं और ठीक हो रहे हैं। इसलिए, मेडिकल टीम द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे और अच्छे दिखेंगे।

गिल पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से भारत की एकदिवसीय क्रिकेट योजना का अहम हिस्सा रहे हैं। वह इस साल इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने 72.35 की औसत और 105.03 की स्ट्राइक रेट से 1230 रन बनाए हैं, जिसमें उनके पिछले चार वनडे मैचों में दो शतक और इतने ही अर्द्धशतक शामिल हैं।

गिल की अनुपस्थिति में बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने चेन्नई में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की. लेकिन 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 2-3 रन पर सिमट गया क्योंकि किशन, रोहित और श्रेयस अय्यर शून्य पर आउट हो गए - वनडे में भारत के साथ ऐसा पहली बार हुआ।

लेकिन केएल राहुल (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) ने छह विकेट और 52 गेंद शेष रहते लक्ष्य का पीछा करने और मेजबान टीम के अभियान को शानदार शुरुआत देने के लिए जबरदस्त दबाव में भारत की शानदार वापसी की। भारत बुधवार को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से भिड़ने पर अभियान की अच्छी शुरुआत करने का लक्ष्य रखेगा।

## पीकेएल ऑक्शन में पवन सहरावत को तेलुगु टाइटंस ने 2.60 करोड़ में खरीदा



**मुंबई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन पवन सहरावत सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें तेलुगु टाइटंस ने 2.60 करोड़ में अपने साथ जोड़ा है। इस बीच, मोहम्मदरेज़ा शादलौई चियानेह प्रो कबड्डी लीग प्लेयर नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें पुनेरी पलटन ने 2.35 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी नीलामी में 1 करोड़ क्लब में पिछली खिलाड़ी नीलामी में चार खिलाड़ियों से बढ़कर पांच खिलाड़ियों तक की बढ़ोतरी देखी गई। नीलामी में पवन सेहरावत, मोहम्मदरेज़ा शादलौई चियानेह, मनिंदर सिंह, फजल अत्राचली और सिद्धार्थ देसाई 1 करोड़ क्लब का हिस्सा थे। 12 फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 23 खिलाड़ी बेचे गए, जिनमें से 6 फाइनल बिड मैच (एफबीएम) कार्ड पहले दिन इस्तेमाल किए गए।

अनुपम गोस्वामी, हेड स्पोर्ट्स लीग्स, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग ने कहा, प्रो कबड्डी लीग प्लेयर ऑक्शन में यह एक बड़ा दिन था। हमने देखा कि पांच खिलाड़ियों ने 1 करोड़ का आंकड़ा पार किया। यह देखना बेहद खास था कि पवन ने अब तक की सबसे अधिक खरीदारी का अपना रिकॉर्ड दोबारा हासिल कर लिया है। शादलूई ने पहले ही दिन में अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया था। दूसरे दिन और भी एक्शन होना बाकी है और उम्मीद है कि सभी फ्रेंचाइजी सीजन 10 के लिए अच्छी तरह से संतुलित टीम बनाने में सक्षम होंगी। नीलामी का मुख्य आकर्षण पवन कुमार सहरावत का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ना था, जब तेलुगु टाइटंस ने उन्हें 2.6 करोड़ रुपये की भारी रकम पर खरीदा। इससे पहले, उन्हें तमिल थलाइवास ने 2.26 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## भारतीय स्पिन चुनौती के लिए तैयार है अफगानिस्तान : शाहिदी




**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व कप-2023 के शुरुआती मैच में बांग्लादेश ने शुरुआत अच्छी की लेकिन शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज की स्पिन के आगे घुटने टेक दिए थे। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में मेजबान भारत के खिलाफ दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिए स्पिन का सामना करने की चुनौती बढ़ जाएगी। मेजबान टीम रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन की अपनी स्पिन तिकड़ी के साथ स्पिन-अनुकूल चेन्नई पिच पर खतरनाक साबित हुई। इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी, जो खुद स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए, लेकिन उनका मानना था कि उनकी बल्लेबाजी इकाई में स्पिनरों के खिलाफ पहले मैच की तुलना में बेहतर खेलने की क्षमता है।

प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा, हम नेट सत्र में बेहतर स्पिनरों के साथ खेलते हैं। आप राशिद, नबी, नूर और मुजीब को देखते हैं जो दुनिया के बेस्ट स्पिनर हैं। हम उन्हें हर दिन खेलते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि स्पिन गेंदबाजी खेलने में हमारी टीम बेहतर है। हां, हमें बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि हम एक मैच में (स्पिन के खिलाफ) पर्याप्त अच्छे नहीं हैं। हम जानते हैं कि हम स्पिनरों को बेहतर खेल सकते हैं और हम अगले मैच में हर विभाग में वापसी करने की कोशिश करेंगे। बांग्लादेश से हार के बावजूद, शाहिदी का यह विश्वास है कि उनकी टीम 2015 और 2019 संस्करण में भाग लेने वाली टीमों से बेहतर है। अफगानिस्तान को भारत के पूर्व कप्तान अजय जड़ेजा की मौजूदगी से भी मदद मिल रही है, जो टीम के साथ उनके मेंटर के रूप में जुड़े हैं।

## सऊदी अरब ने फीफा विश्व कप 2034 में बोली के लिए आधिकारिक पत्र जमा किया




**रियाद,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ (सैफ) ने वर्ष 2034 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की बोली लगाने की घोषणा करते हुए इस आशय का एक आधिकारिक पत्र फीफा को जमा किया है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सऊदी अरब ने पहले पिछले बुधवार को फुटबॉल टूर्नामेंट के 2034 संस्करण के लिए बोली लगाने की घोषणा की थी और सैफ के अध्यक्ष यासर अल मिसेहाल द्वारा हस्ताक्षरित आशय पत्र को आधिकारिक तौर पर फीफा द्वारा निर्धारित बोली प्रक्रिया शुरू करने के लिए उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

सैफ ने कहा कि 2034 फीफा विश्व कप के लिए बोली लगाने का सऊदी अरब का यह ऐतिहासिक कदम है और यह सभी स्तरों पर फुटबॉल के नए अवसरों को खोलने के देश के लक्ष्य और दुनिया के सभी कोनों में खेल के विकास का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अल मिसेहल ने कहा कि यह समर्पण उस बेहद रोमांचक यात्रा का दूसरा चरण है जिस पर देश चल रहा है। सऊदी अरब फुटबॉल, मोटरस्पोर्ट्स, टेनिस, घुड़सवारी, ईस्पोर्ट्स और गोल्फ सहित 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय आयोजन कर चुका है।

## चिराग-सात्विक पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बैडमिंटन युगल में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई है। हाल ही में एशियाई खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा में इस भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था और इसके साथ ही चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दो स्थान ऊपर पहुंच गये है। चिराग-सात्विकसाईराज ने फाइनल में कोरिया गणराज्य के किम वोन्हो-चोई सोलग्यू को सीधे गेमों में हराकर में यह उपलब्धि अपने नाम की है। इस साल की शुरुआत में, चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 2023 स्विस ओपन में एक साथ अपना पहला ख़िताब जीता था। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप दुबई में भी फाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के रेन जियानग्यू और टैन कियांग को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। वहीं जून में चिराग और सात्विकसाईराज ने 2023 इंडोनेशिया ओपन जीतकर अपना पहला बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड सुपर 1000 ख़िताब जीता और इस प्रतियोगिता को जीतने वाली भारत की पहली पुरुष युगल जोड़ी बनी थी। इसके बाद उन्होंने 2023 कोरियाई ओपन और 2023 एशियन गेम्स में भी जीत हासिल करते हुए रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल की। इस बीच, पुरुष एकल वर्ग में एचएस प्रणॉय और लक्ष्य सेन एक-एक स्थान नीचे आकर मौजूदा रैंकिंग में क्रमशः आठवें और 15वें स्थान पर हैं। किदांबी श्रीकांत एक पायदान ऊपर पहुंच गए हैं और रैंकिंग में 20वें पायदान पर काबिज़ हैं।

एशियाई खेल 2023 में पदक से चूकने के बावजूद पीवी सिंधु दो स्थान ऊपर पहुंचकर महिला एकल में 13वें स्थान पर हैं। पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने अपनी 54वीं रैंकिंग बरक़रार रखी है।

महिला युगल में, भारत की शीर्ष क्रम की जोड़ी गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली एक स्थान ऊपर पहुंचकर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि मिश्रित युगल जोड़ी रोहन कपूर-सिक्की रेड्डी ने अपनी 38वीं रैंक बरक़रार रखी है। उल्लेखनीय कि प्रकाश पदुकोण, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत के बाद चिराग-सात्विकसाईराज बीडब्ल्युएफ विश्व रैंकिंग के शिखर पर पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय हैं।

## भारत अब अफगानिस्तान को भी हराने उतरेगा, पर पूरी तरह चौकस होकर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना अभियान पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में रविवार को शुरुआती झटकों से संभलते हुए छह विकेट से जीत के साथ शुरू किया। वहीं अफगानिस्तान को अपने पहले मैच में धर्मशाला में स्पिन के जाल में फंसने के कारण बांग्लादेश के हाथों छह विकेट से हार झेलनी पड़ी। मेजबान भारत अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के मकसद से अब बुधवार को अफगानिस्तान को भी हराने यहां अरुण जेटली स्टेडियम के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेलने उतरेगा, लेकिन पूरी तरह चौकस होकर। भारत को ऑस्ट्रेलिया के बाद अब अफगानिस्तान के खिलाफ भी इस साल धमाल कर एक दोहरे शतक सहित पांच शतक जड़ सबसे ज्यादा 1230 रन बनाने वाले डेंगू की चपेट में आए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बिना ही उतरना पड़ेगा। बुधवार को फिरोजशाह कोटला की पिच पर रनों का अंबार लगने की उम्मीद है। यह तो तय है कि टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करना ही पसंद करेगी। भारत भी इस मैदान पर यदि टॉस जीतता है तो बेशक पहले बल्लेबाजी कर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने वाले कप्तान रोहित, इशान किशन और श्रेयस अय्यर से अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी पारी खेल खोया आत्मविश्वास वापस पाने की आस करेगा। वहीं अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ स्पिन में उलझ कर उसके कप्तान शाकिब अल हसन और मेहंदी हसन के सामने पांच विकेट गंवा मैच छह विकेट से हारने को अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी बहुत तवज्जो नहीं देते हैं और कहते हैं उनसे बेहतर स्पिनरों को हम अपने नेटस में खेलते हैं साथ ही यह कह कर अपनी टीम का बचाव भी करते हैं कि मात्र एक मैच हारने से हमारी टीम बुरी नहीं हो जाती। भारत और अफगानिस्तान अब तक वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2019 के विश्व कप के मैच सहित कुल तीन बार भिड़े हैं और दों बार जीत भारत के हिस्से ही आई है। एक बार 2018 में एशिया कप में सुपर चार दोनों के बीच मैच %टाई रहा था और इसमें मोहम्मद शहजाद ने अफगानिस्तान के लिए शतक जड़ा था। शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा वनडे विश्व कप के पहले मे भारत के शीर्ष क्रम में कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और श्रेयस अय्यर भले ही खाता खोले बिना आउट हो गए हों लेकिन तीनों ही स्पिन को खेलने में माहिर हैं। साथ ही चेज मास्टर विराट कोहली और केएल राहुल फिर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा व अश्विन के रूप आठवें नंबर तक बेहद मजबूत बल्लेबाजी में भारत के पास बड़ा स्कोर करने के साथ बड़े स्कोर का पीछा करने पर दम है। अरुण जेटली स्टेडियम में फिरोजशाह कोटला की उस पिच पर जिस पर दक्षिण अफ्रीका (5 विकेट पर 428 रन) और श्रीलंका (326) के बीच 2023 के वनडे विश्व कप के मैच में कुल 754 रन का रिकॉर्ड सबसे बड़ा स्कोर बना था उस पर अपनी मजबूत स्पिन के बावजूद अफगानिस्तान के लिए भारत की मजबूत बल्लेबाजी को रोक पाना रोक पाना बेहद मुश्किल लगता है। बाएं हाथ के लेग स्पिनर रवींद्र जडेजा, लेग स्पिनर कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन के रूप में उसे कहीं ज्यादा ढंग से अरुण जेटली स्टेडियम की पिच से बेहतर ढंग से वाकिफ है ही।

## सार संक्षेप

### विश्व कप खेलना हर क्रिकेटर का होता है सपना : केएल राहुल

**चेन्नई।** सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती गेम में शानदार मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है और इसे साकार होता देख उन्हे बेहद खुशी हो रही है। स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज़' से विशेष बातचीत में राहुल ने कहा घरेलू विश्व कप खेलना एक क्रिकेटर के लिए एक सपना होता है और इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूँ। लोग हर मैच में मेरे प्रदर्शन पर टिप्पणी कर रहे थे। मैच और स्थिति के बारे में मैं समझ नहीं पा रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा था, क्योंकि मेरा प्रदर्शन उतना बुरा नहीं था। यह बहुत पीड़ादायक था, मैं चोट से गुजरने के दर्द और शुरुआत में वापसी की प्रक्रिया को जानता हूं और फिर मुझे आईपीएल के दौरान चोट लग गई। उन्होने कहा विश्व कप में भी मेरा खेलना 1` फीसदी निश्चित नहीं था इसलिए वह मेरे लिये बहुत कठिन समय था। अपने छोटे से करियर में मैंने कई सर्जरी करवाई हैं और कई चोटें भी झेली हैं। इसलिए मैं चोट से गुजरने के दर्द और वापसी की प्रक्रिया को जानता हूं, और यह कितना कठिन हो जाता है और आपको कब जोर लगाना पड़ता है, मैं पहले से ही अपने मन में जानता था और इस प्रक्रिया को समझता था।

### आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित हुए डेविड मलान, गिल और सिराज

**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और इंग्लिश बल्लेबाज डेविड मलान को सितंबर 2̀23 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल इन दिनों शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने सितंबर में 8 की शानदार औसत से कुल 48 वनडे रन बनाए। शुभमन गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ दो अर्धशतक और एक शतक बनाया। उनकी इस फॉर्म का टीम को काफी फायदा हुआ और भारत ने एशिया कप पर अपना कब्जा जमाया। फिर, गिल ने अपनी फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में भी कायम रखी। हालांकि, शुभमान गिल को अभी तक विश्व कप मैचों में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह डेंगू से पीड़ित हैं और चेन्नई में मेडिकल टीम की देखरेख में हैं। एक ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन वह अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच और 14 जनवरी को पाकिस्तान के मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सितंबर के दौरान कुछ बेहतरीन स्पैल पेश किए, लेकिन एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट लेकर उन्होंने मैच जिताऊ गेंदबाजी की, जो वास्तव में सबसे खास और यादगार रही।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.90 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.15 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.50 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 0.51 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.22 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.09 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [अर्थ जगत]

## रुपया तीन पैसे मजबूत

मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 83.25 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.28 रुपए प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया पांच पैसे की बढ़त लेकर 83.23 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.22 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 83.29 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.28 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले तीन पैसे मजबूत होकर



## आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना 2023-24 का जीडीपी अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि चीन की विकास दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। आईएमएफ ने अपने वार्षिक प्रकाशन वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा, 'भारत में विकास दर 2023 और 2024 दोनों में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अप्रैल-जून के दौरान उम्मीद से अधिक खपत को दर्शाता है।' आईएमएफ ने जुलाई में इस वर्ष के लिए भारत के लिए अपना विकास पूर्वानुमान 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया था और अब इसे दूसरी बार बढ़ाया है। इसके साथ ही दोनों बहुपक्षीय वित्तीय एजेंसियों का विकास पूर्वानुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.5 प्रतिशत के अनुमान के करीब पहुंच गया हैkआईएमएफ का नवीनतम विकास पूर्वानुमान 31 अगस्त को सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के लगभग एक महीने बाद आया है, जिसमें दिखाया गया है कि अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईएमएफ ने रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट का हवाला देते हुए चीन के लिए विकास पूर्वानुमान को 2023 के लिए 20 आधार अंक घटाकर 5 प्रतिशत और 2024 के लिए 30 आधार अंक घटाकर 4.2 प्रतिशत कर दिया।

आईएमएफ ने कहा, 'चीन में, 2022 में महामारी से संबंधित मंदी और रियल स्टेट के संकट ने उत्पादन घाटे में लगभग 4.2 प्रतिशत का योगदान दिया है। अन्य उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में और भी कमजोर सुधार देखा गया है, विशेष रूप से कम आय वाले देश में।' 'प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे मजबूत सुधार अमेरिका में हुआ है, जहां 2023 में जीडीपी कोविड से पहले के जीडीपी से ऊपर जाने का अनुमान है। यूरो क्षेत्र में सुधार हुआ है, हालांकि कम मजबूती से - उत्पादन अभी भी महामारी-पूर्व अनुमानों से 2.2 प्रतिशत कम है। यह यूक्रेन में युद्ध का जोखिम और संबंधित प्रतिकूल व्यापार शर्तों का झटका, साथ ही आयातित ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी को दिखाता है।'



आईएमएफ ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना 2023-24 का जीडीपी अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया

## नंबरलेस क्रेडिट कार्ड के लिए एक्सिस बैंक और फाइब ने की साझेदारी

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एक्सिस बैंक और फिनटेक फाइब ने आज तकनीक-प्रेमी जनरेशन जेड के लिए भारत का पहला बिना नंबर वाला क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के उद्देश्य से साझेदारी करने का ऐलान किया। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बिना नंबर वाले क्रेडिट कार्ड से ग्राहकों को आला दर्जे की सुरक्षा हासिल होती है, क्योंकि प्लास्टिक कार्ड पर कार्ड नंबर, समाप्ति तिथि या सीवीवी मुद्रित नहीं होता है। इससे पूर्ण सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए पहचान की चोरी या ग्राहक के कार्ड विवरण तक अनधिकृत पहुंच का जोखिम कम हो जाता है। ग्राहक फाइब ऐप पर अपने फाइब एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का विवरण आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी निजी जानकारी लीक होने का डर नहीं रहता। को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सभी रेस्तरां एग्रीगेटर्स पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी, राइड-हेलिंग ऐप्स पर लोकल आवाजाही और ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर एंटरटेनमेंट जैसी सुविधाओं पर पर कैशबैक जैसी सुविधाएं देता है। इसके अलावा, ग्राहकों को सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन पर भी कैशबैक मिलता है।रुपे द्वारा संचालित होने से ग्राहक इस क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने की सुविधा पाते हैं। यह कार्ड सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म के अलावा सभी ऑफलाइन स्टोर्स पर भी चलेगा। अतिरिक्त सुविधा के लिए इसमें टैप-एंड-पे सुविधा भी है। इसके अलावा, इस कार्ड में जीवन भर के लिए शून्य ज्वाइनिंग शुल्क और शून्य वार्षिक शुल्क है। यह कार्ड फाइब के मौजूदा 21 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। एक्सिस बैंक के साथ इस साझेदारी पर फाइब के सह संस्थापक और सीईओ अक्षय मेहरोत्रा ने कहा, 'एक्सिस बैंक के साथ मिलकर भारत का पहला नंबरलेस क्रेडिट कार्ड पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। भारत के महत्वाकांक्षी युवाओं को सुरक्षित और समावेशी वित्तीय समाधान उपलब्ध करवाने की हमारी कोशिश में अब यह कार्ड भी जुड़ गया है। हमारा लक्ष्य अपने यूजर्स को यूपीआई पेमेंट की सुविधा के साथ एक सुरक्षित पेमेंट इकोसिस्टम के साथ सशक्त बनाना है, यह अपनेआप में क्रेडिट कार्ड की दुनिया में एक नया बेंचमार्क बनाने वाला कार्ड है।' एक्सिस बैंक में कार्ड एंड पेमेंट के अध्यक्ष और प्रमुख संजीव मोघे ने कहा, एक्सिस बैंक एक फुल सुइट कार्ड और पेमेंट कंपनी है और हम इनोवेशन वाले साझेदारी मॉडल बनाने में आगे रहते हैं। हम अपने ग्राहकों को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न पेशकशों के साथ भारत में औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## वेतन में बदलाव को लेकर मुंबई में स्विगी डिलीवरी कर्मचारी तीसरे दिन भी हड़ताल पर

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई में स्विगी डिलीवरी कर्मचारियों ने भुगतान में बदलाव के कारण तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी है, जिससे शहर के कई हिस्सों में देरी और सेवाओं की अनुपलब्धता हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्विगी राइडर्स अपने रेट कार्ड में हालिया बदलाव और डिलीवरी रेडियस में बढ़ोतरी के कारण विरोध कर रहे हैं। स्विगी पर ऑर्डर डिलीवर करने वाले गिग (छोटे काम करने वाले) कर्मचारी हैं, जिन्हें प्रति ऑर्डर भुगतान किया जाता है और कंपनी द्वारा नियोजित नहीं किया जाता है। शुरुआती विरोध प्रदर्शन बांद्रा में राष्ट्रीय कर्मचारी सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन अन्य समूह भी इसमें शामिल हो गए, जिसके चलते पूरे मुंबई में छिटपुट विरोध प्रदर्शन हुए, जो स्विगी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। रिपोर्ट के अनुसार, डिलीवरी अधिकारियों का दावा है कि उनका आधार वेतन 20 रुपए पर बना हुआ है, जबकि उनकी डिलीवरी का दायरा 4 किमी से बढ़कर 6 किमी हो गया है। डिलीवरी अधिकारियों के कुल मुआवजे में मूल वेतन के साथ-साथ यात्रा व्यय और अन्य कारकों के लिए अतिरिक्त राशि भी शामिल है। विरोध प्रदर्शन के कारण शहर के कई लोगों को स्विगी ऐप पर ऑर्डर देने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## सीमेंस एक्सिलरेटर के लिए चार इकोसिस्टम साझेदारों की घोषणा

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमेंस लिमिटेड ने खाद्य और पेय, डेटा सेंटर, वाणिज्यिक भवन, पावर यूटिलिटीज और अन्य जैसे कई उद्योगों में भारत के लिए प्रासंगिक 100 डिजिटल उपयोग और संदर्भ मामलों को शामिल करके अपने सीमेंस एक्ससेलेरेटर प्लेटफॉर्म के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि सीमेंस एक्ससेलेरेटर एक खुला और विकसित हो रहा डिजिटल बिजनेस प्लेटफॉर्म है जिसके व्यापक पोर्टफोलियो को सावधानी से चुनकर तैयार किया गया है जिसमें सीमेंस और प्रमाणित तृतीय पक्षों से डिजिटल और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) -सक्षम ऑफ़र (सॉफ़्टवेयर, हार्डवेयर और डिजिटल सेवाएं) शामिल हैं। सीमेंस एक्ससेलेरेटर पोर्टफोलियो का एक हिस्सा इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस एक्स है, जो औद्योगिक उत्पादन को स्वचालित करने और



बिल्डिंग एक्स, जो बिल्डिंग ऑपरेशंस को डिजिटल बनाने, प्रबंधित करने और अनुकूलित करने के लिए एक स्केलेबल डिजिटल बिल्डिंग प्लेटफॉर्म है, को संचालित करने के लिए एक खुला और इंटरऑपरेबल पोर्टफोलियो है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), कॉन्सेप्ट इंजीनियर्स, सेफक्स टेक्नोलॉजीज और सोनिकबोल्ट टेक्नोलॉजीज को सीमेंस एक्ससेलेरेटर इकोसिस्टम साझेदारों के रूप में घोषित किया गया है। टीसीएस, सीमेंस एक्ससेलेरेटर के साझेदार के रूप में कनेक्टेड डिजिटल एंटरप्राइज के लिए समग्र समाधान प्रदान करने हेतु परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से ग्राहकों के साथ जुड़ेगी। ये समाधान सिमुलेशन, औद्योगिक स्वचालन, आईओटी, औद्योगिक बढ़त, 5जी, साइबर सुरक्षा, उत्पाद और एप्लीकेशन लाइफ साइकिल प्रबंधन, विनिर्माण निष्पादन प्रणालियों, उद्यम संसाधन योजना निर्माण, उद्यम परिसंपत्ति प्रबंधन और लो-कोड एप्लिकेशन डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में टीसीएस की विशेषज्ञता पर आधारित होंगे। कॉन्सेप्ट इंजीनियर्स, सेफक्स टेक्नोलॉजीज और सोनिकबोल्ट टेक्नोलॉजीज एचवीएसी, अग्नि सुरक्षा और सुरक्षा प्रणालियों के एकीकृत भवन प्रबंधन समाधान और एकीकरण सेवाएं प्रदान करेंगी। इनमें एनर्जी ऑप्टिमाइज़ेशन, बिल्डिंग इंफॉर्मेशन मॉडलिंग इंटीग्रेशन, डिजिटलाइजेशन, क्लाउड-बेस्ड ऑफरिंग और बिल्डिंग ऑटोमेशन के साथ-साथ बिल्डिंग एक्स के लिए भी एकीकरण सेवाएं शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन बुधवार से राजधानी में

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आमंत्रण पर आठवां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन (ब्रिक्स आईसीसी) बुधवार को राजधानी में शुरू हो रहा है। कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है- 'प्रतिस्पर्धा कानून और नीति में नए मुद्दे - आयाम, परिप्रेक्ष्य, चुनौतियां।' इस सम्मेलन में भारत और ब्रिक्स समूह के अन्य देशों के अलावा कुछ गैर-ब्रिक्स देशों के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरणों, प्रतिस्पर्धा कानून विशेषज्ञों, गैर-सरकारी सलाहकारों सहित कुल 6 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण बुधवार को ब्रिक्स आईसीसी के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देंगे। सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ब्रिक्स आईसीसी एक दशक के बाद भारत में आयोजित होने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 1`6.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड`.1` प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.29 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड`.1` प्रतिशत गिरकर 88`.6 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### ईडी ने वीवो मोबाइल से जुड़े पीएमएलए मामले में चीनी नागरिक, लावा इंटरनेशनल के एमडी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल निर्माता वीवो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, ईडी ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में एक चीनी नागरिक और लावा इंटरनेशनल के एमडी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी के एक शीर्ष सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि एजेंसी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान चीनी नागरिक गुआंगवेन क्यांग उर्फ एंड्रयू कुआंग, लावा इंटरनेशनल के एमडी हरिओम राय, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) राजन मलिक और नितिन गर्ग के रूप में हुई है। ईडी की कार्रवाई लगभग एक साल से अधिक समय बाद हुई है, जब उसने वीवो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसकी 23 सहयोगी कंपनियों जैसे ग्रैंड प्रॉस्पेक्ट इंटरनेशनल कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड (जीपीआईसीपीएल) से संबंधित देश भर में 48 स्थानों पर तलाशी ली थी।

## रियल्टी और धातु समूह में जबरदस्त लिवाली से बाजार को लगे पंख

**मुंबई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी को देखते हुए ब्याज की ऊंची दर को उचित ठहराने के संकेत से विश्व बाजार के सकारात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.97 अंक अर्थात 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66079.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 177.50 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की तेजी लेकर 19689.85 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 1.14 प्रतिशत की उड़ान भरकर 32,047.51 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत उछलकर 37,678.75 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3789 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2553 में लिवाली जबकि 1103 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां हरे जबकि पांच लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 4.08, धातु 2.59, दूरसंचार 2.24, कमोडिटीज 1.52, सीडी 1.03, ऊर्जा 1.29, एफएमसीजी 0.72, वित्तीय सेवाएं 1.24, हेल्थकेयर 0.09, इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 0.97, यूटिलिटीज 0.84, ऑटो 1.23, बैंकिंग 1.24, कैपिटल गुड्स 0.53, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.30, तेल एवं गैस 0.70, पावर 0.96, टेक 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.96 प्रतिशत उछल गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.48, जर्मनी का डैक्स 1.61, जापान का निक्केई 2.43 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत उछल गया जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के चीन के आर्थिक विकास अनुमान घटाने से शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया।



कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 150 अंक की तेजी लेकर 65,662.27 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,180.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,512.39 अंक के मुकाबले 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66,079.36 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 53 अंक बढ़कर 19,565.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,565.45 अंक के निचले जबकि 19,717.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,512.35 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत की उड़ान भरकर 19,689.85 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 2.90, कोटक बैंक 2.15, टाटा मोटर्स 2.14, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.40, टाटा स्टील 1.17, एसबीआई 1.13, मारुति 1.04, पावरग्रिड 0.87, एनटीपीसी 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.56, रिलायंस 0.47, सन फार्मा 0.27 और एलटी ने 0.04 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंडसइंड बैंक 0.51, टीसीएस 0.22, टाइटन 0.09 और एशियन पेंट ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## सर्च इंजन बाजार में गूगल की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत पर बरकरार

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। डकडकगो की एक रिपोर्ट के अनुसार सर्च इंजन बाजार के मामले में गूगल ने एक बार फिर अपना दबदबा बरकरार रखा है। इस साल अगस्त तक टेक दिग्गज ने बाजार में 91.7 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इसने माइक्रोसॉफ्ट के बिंग, याहू जैसे प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ दिया है। टेकोपीडिया डॉट कॉम के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट, जिसने खोज इंजन बाजार में गूगल के साथ प्रतिस्पर्धा करने के प्रयास में सबसे पहले अपने बिंग सर्च इंजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पेश की थी, उसके पास बाजार हिस्सेदारी का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा था। इस महीने की शुरुआत में, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्य नडेला ने स्वीकार किया कि बिंग सर्च इंजन गूगल जितना अच्छा नहीं है, और एप्पल का डिफ़ॉल्ट सर्च इंजन बनने से वास्तव में बिंग को वैश्विक खोज बाजार में बढ़ने में मदद मिल सकती है।

अन्य खोज इंजन, जैसे यांडेक्स (1.5 प्रतिशत), याहू (1.2 प्रतिशत), बैदू (1.1 प्रतिशत), और डकडकगो (0.5 प्रतिशत) की बाजार हिस्सेदारी कम थी। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त तक गूगल ने वैश्विक मोबाइल खोज इंजन बाजार में 95.2 प्रतिशत की आश्चर्यजनक हिस्सेदारी हासिल कर ली। गूगल के बाद, यांडेक्स और बैदू दोनों के पास बाजार का 1.3 प्रतिशत हिस्सा था। याहू ने 0.6 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की, जबकि बिंग और डकडकगो ने 0.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।




■ डकडकगो की एक रिपोर्ट के अनुसार सर्च इंजन बाजार के मामले में गूगल ने एक बार फिर अपना दबदबा बरकरार रखा

## ग्लोबल टीडब्ल्यूएस मार्केट में 2 प्रतिशत की गिरावट, इंडियन ब्रांड्स को आगे बढ़ा रहे एंट्री-लेवल डिवाइस

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल ट्रू वायरलेस स्टीरियो (टीडब्ल्यूएस) ईयरफोन बाजार की यूनिट बिक्री में केवल 2 प्रतिशत (साल-दर-साल) की गिरावट आई है, क्योंकि उभरते बाजारों, मुख्य रूप से भारत में एंट्री-लेवल (50 डॉलर से कम) सेगमेंट में वृद्धि जारी रही है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बोट, बोल्ट ऑडियो और नॉइज जैसे लोकल टीडब्ल्यूएस ब्रांडों ने एंट्री-लेवल मॉडल के व्यापक पोर्टफोलियो द्वारा संचालित 2023 की दूसरी तिमाही में मजबूत दोहरे अंकों की सालाना वृद्धि दर्ज की। नए किफायती मॉडलों की मांग को पूरा करने के लिए बोट ने अमेजन प्राइम डे, फ्लिपकार्ट बिग सेविंग डेज और अन्य ऑनलाइन प्रमोशन जैसे ऑनलाइन शॉपिंग इवेंट का सफलतापूर्वक लाभ उठाया।



बोल्ट ऑडियो ने किफायतीपन पर विशेष ध्यान देते हुए रणनीतिक रूप से 25 डॉलर से कम कीमत वाले नए मॉडलों की एक सीरीज लॉन्च की, जो कस्टमर्स को प्रभावी ढंग से आकर्षित कर रही है। नॉइज की प्रमुख मॉडल सीरीज, नॉइज वीएस102 और वीएस404 को उनकी किफायती कीमत, साउंड क्वालिटी और लॉन्ग बैटरी लाइफ के कारण खूब सराहा गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 2023 में नॉइज एनिवर्सरी सेल्स के दौरान अपने ऑडियो प्रोडक्ट्स पर 80 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 डॉलर और उससे कम (खुदरा मूल्य) सेगमेंट में मॉडल्स के बेहतर परफॉर्मेंस ने भी बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

## 'फ्यूल' ने 17वां स्थापना दिवस मनाया 9 वंचित छात्रों को प्रदान की छात्रवृत्ति

**पुणे,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाशिए पर रहने वाले युवाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन 'फ्यूल' (फ्रेंड्स यूनियन फॉर एनर्जाइज़िंग लाइव्स) ने वंचित समुदायों के उत्थान के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पुणे में अपना 17वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में आकर्षक गतिविधियां शामिल थी। इसमें 90 वंचित महिला छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना शामिल था, जो कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने के लिए 'फ्यूल' के समर्पण को प्रदर्शित करता था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रतिष्ठित हस्तियां, नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता और सरकारी प्रतिनिधि उपस्थित थे। उत्सव का मुख्य आकर्षण फ्यूचर स्किल्स समिट था। शिखर सम्मेलन में शिक्षा और कौशल विकास में भविष्य के कौशल, टैलेंट एक्विजिशन और सीएसआर में इनोवेशन पर चर्चा हुई।

उल्लेखनीय अतिथियों में राहुल नार्वेकर - महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष, हर्षिता नार्वेकर - सामाजिक कार्यकर्ता और नगरसेवक बीएमसी, कर्नल राजेश ओहोल - उपाध्यक्ष हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया, पराग देशमुख - निदेशक इंटरनेशनल बिजनेस सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पनीश राव - चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर एलटीआई माइंडट्री, टीना रस्तोगी - ग्लोबल हेड ह्यूमन रिसोर्सेज, साइबेज सॉफ्टवेयर, दीपिका ठाकुर - प्रोडक्ट मैनेजर एचआर एप्लीकेशन, यूबीएस, रोहित शर्मा - हेड एचआर सर्विसेज, बायर, अश्विनी सक्सेना - सीईओ, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन, शैलेश जैन - हेड सीएसआर और ग्लोबल रिस्पॉन्सिबल बिजनेस प्रोग्राम, इंडिया जीडीसी, फुजित्सु, केतन देशपांडे - फ्यूल और फ्यूल बिजनेस स्कूल (एफबीएस) के संस्थापक और अध्यक्ष, संतोष हुरालिकोप्पी - चीफ मेंटर फ्यूल, मयूरी देशपांडे - चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर फ्यूल और डॉ. प्रतिमा शेरे - डीन फ्यूल बिजनेस स्कूल शामिल थे।

स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें एक मार्मिक समारोह भी शामिल था, जहां वंचित पृष्ठभूमि की 90 योग्य महिला छात्रों को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। ये छात्रवृत्तियां फ्यूल, एलटीआई माइंडट्री और ऑरेकल छात्रवृत्ति कार्यक्रम के बीच समझौता ज्ञापन का हिस्सा थी, विशेष रूप से फ्यूल बिजनेस स्कूल (एफबीएस) में महिला पीजीडीएम छात्रों के लिए। इन छात्रों को उच्च शिक्षा और आशाजनक करियर के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में फ्यूल छात्रों की दृढ़ता को प्रदर्शित करने वाली पुस्तक 'फ्यूल होप स्टोरीज़' का अनावरण और सक्षम डिजिटल कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ भी शामिल था। कार्यक्रम छात्रों को कंप्यूटर साक्षरता, कोडिंग, डेटा विश्लेषण, ऑनलाइन संचार, साइबर सुरक्षा और डिजिटल टूल और सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों में दक्षता जैसे आवश्यक कौशल से लैस करता है।

विशिष्ट अतिथि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा, 'फ्यूल के 17वें स्थापना दिवस पर मैं केतन देशपांडे और पूरी टीम को कौशल विकास, प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति के माध्यम से वंचित युवाओं को सशक्त बनाने में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देता हूं।



# बिलासपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था**

**शहर में प्रमुख हिस्सों तारबाहर, गांधी चौक, गोलबाजार, मुक्तिधाम चौक, सरकंडा, वसंत विहार चौक, दयालबंद से गुजरा फ्लैग मार्च**

**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों द्वारा पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शहर में शांति कायम रखना, असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना एवं आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना है। फ्लैग मार्च पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख हिस्सों तारबाहर, गांधी चौक, गोलबाजार, मुक्तिधाम चौक, सरकंडा, वसंत विहार चौक, दयालबंद से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस (सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइंस) संदीप पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कृष्णा पटेल, एसडीएम बिलासपुर डॉ. सुभाष सिंह राज सहित सभी थाना प्रभारी एवं लगभग 100 से अधिक संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## अस्त्र-शस्त्र थानों में जमा कराने का आदेश जारी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजीव कुमार झा ने एक आदेश जारी कर जिले में जारी समस्त लायसेंसी हथियारों को थानों में जमा करने को कहा है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर ने 9 अक्टूबर को इस आशय के आदेश जारी किये है। उन्हें लायसेंसी हथियार के साथ कारतूस, मैगजीन, बारूद जमा कराने का दायित्व थाना प्रभारी का होगा। बैंकों के सुरक्षा गार्ड को शस्त्र जमा कराने से छूट होगी। इसके अतिरिक्त ऐसे लायसेंसधारी जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान की संभावना नहीं है उन्हें भी शस्त्र जमा कराने से छूट होगी, लेकिन इसकी सूचना संबंधित थाना में देनी होगी। यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। यह आदेश 3 दिसम्बर 2023 तक प्रभावशील रहेगा। इसके पश्चात 8 दिसम्बर 2023 तक थाना प्रभारी से लायसेंसधारियों को उनके शस्त्र वापस करायेंगे। गौरतलब है कि जिले में सैकड़ों की संख्या में नेता, पत्रकार, अधिकारी, ठेकेदारों और किसानो ने अपनी जान की सुरक्षा के लिए हथियार के लाइसेंस लिए है और उनके पास बंदूकें मौजूद है।



## बिना वैध कागजात के 63 लाख के सोने-चांदी की आभूषण ले जाते 5 को पुलिस ने पकड़ा

**महासमुंद**, 10 अक्टूबर (देशबंधु)। बिना वैध कागजात के सोने-चांदी के आभूषण ले जाते दो अलग-अलग मामलों में कोमाखान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों से करीब 63 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण जब्त कर कार्रवाई की है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी थानों को निगरानी के निर्देश और वाहनों के जांच के आदेश दिए गए थे।



इसी तारतम्य में कोमाखान पुलिस द्वारा अंतराराज्यीय चेकपोस्ट ओड़िशा बार्डर टेमरी नाका में जांच की जा रही थी। 9 अक्टूबर को एक सफेद रंग की फारचुर्नर कार ओडी आोई 9090 तेज रफ्तार से छग की ओर आ रही थी इसमें ओड़िशा के तीन व्यक्ति सवार थे। रोककर जब पूछताछ की गई तो गोलमोल जवाब दिए संदेह प्रतीत होने पर जांच की गई तो कार के डिक्की में सफेद रंग की झोला, प्लास्टिक की सीलबंद बोरी में भारी मात्रा में सोना व चांदी के टूटे-फूटे जेवरात के साथ ही 1 लाख रुपए नगद मिला। तौल करने पर 912 ग्राम सोना व 11.149 किलो चांदी निकली। जिसकी कीमत 40 लाख रुपए बताया गया है। इस संबंध में कार में सवार ओड़िशा के केलामुंडा थाना के अंतर्गत ग्राम अमठा निवासी 40 वर्षीय सरसूराम पटेल पिमा माधव पटेल, राजा खरियार निवासी 48 वर्षीय ब्रजमोहन पिता देवराज मेहर, जुनागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चालबहार निवासी 51 वर्षीय मलयकुमार पिता नलीनी रंजन पंडा से जब्त वैध कागजात मांगे गए तो उनके द्वारा कोई कागजात पेश नही किया गया और ओड़िशा से खरीदी-बिक्री कर रायपुर जाने की बात कही गई। इसी तरह एक दूसरे मामले में इसी चेक पोस्ट पर ओड़िशा की ओर से आ रही एक डिलीवरी वेन क्रमांक आरजे 14 जीएल 4332 में सवार रायपुर टिकरापारा निवासी 34 वर्षीय मोहम्मद इस्लाम पिता मोहम्मद रोशन तथा ढीढी नगर रायपुरा निवासी 32 वषीय देवेंद्र कुमार झारखरिया ने भी पूछताछ में संतोषपद जवाब नही दे गए। वाहन की तलाशी ली गई तो डिक्की में एक काले रंग का बैग मिला जिसमें 37.600 किलो ग्राम के चांदी के जेवरात भरे हुए थे। इसकी कीमत 23 लाख रुपए बताई गई। इस संबंध में वैध कागजात की मांग करने पर कम्प्यूटर से निकाला गया बिल व बिल्टी की एक छायाप्रति दिया गया। किंतु कहां से खरीदी की गई है इस संबंध में कोई दस्तावेज नही देने के कारण धारा 102 जाफौ के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी धमेन्द्र, अति. पुलिस अधीक्षक आकाश राव के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी के निर्देशन में कोमाखान थाना प्रभारी रावअवतार पटेल, सायबर सेल प्रभारी नसीमुद्दीन खान, शिव प्रसाद, युवराज ठाकुर, विरेंद्र नेताम, जुनेद खान, जमुना, कार्तिक रात्रे, देव कोसरिया, दिनेश साहू, डेविड चंद्राकर, विकास साहू, अश्वनी चतुर्वेदी द्वारा की गई।

## रेल-संक्षेप

### कलेक्टर ने किया इव्हीएम वेयरहाऊस का निरीक्षण

**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव झा ने आज जिला कार्यालय परिसर स्थित इव्हीएम वेयर हाऊस का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव में उपयोग में आनेवाली इव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीने यहां सुरक्षित रखी गई हैं। उन्होंने भवन में स्थापित अग्निशमन यंत्र एवं सीसीटीव्ही का सूक्ष्मता से अवलोकन कर इन्हें हमेशा दुरूस्त एवं अपडेट रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा भी उपस्थित थे।

### कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 20 को

**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 20 अक्टूबर को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में आकाशवाणी केंद्र से माह नवम्बर 2023 में किसानवाणी कार्यक्रम अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किये जाएंगे।

### गांजा बेचते दो पकड़ाए



**बिलासपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा गांजा बिक्री करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है । जिसके परिप्रेक्ष्य में अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक माहेश्वरी एवं एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना कोटा प्रभारी टी.एस.नवरंग के नेतृत्व में कोटा पुलिस द्वारा मस्जिद पर कोटा में सुरेश दुबे के कब्जे से 300 ग्राम गांजा बिक्री रकम 750 रुपए जुमला 3750 रुपए तथा आरोपी सालिकराम गंधर्व साकिन मौहारखार के कब्जे से 400 ग्राम गांजा बिक्री रकम 480 रुपए जुमला 4480 रुपए को कब्जा पुलिस लेकर आरोपियों के विरुद्ध अपराध अपराध धारा सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी जाती है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी टी.एस.नवरंग, स.उ.नि.ओंकार बंजारे आरक्षक भोप साहू, जलेश्वर साहू का सराहनीय योगदान है।

### 60 टन अमोनियम नाइट्रेट के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 टन विस्फोटक सामग्री के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. जब्त विस्फोटक की कीमत 25 लाख 50 हज़ार बताई जा रही है. पुलिस मामला दर्ज कर मामले की बारीकी से जांच में जुट गई है. जल्द ही बड़े खुलासे होने के आसार हैं। बता दें कि, 60 टन विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार 2 आरोपी झारखंड पलामू और एक आरोपी सोनभद्र उत्तर प्रदेश के हैं. जानकारी के अनुसार, 2 ट्रकों में अमोनियम नाइट्रेट का अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था. एक ट्रक बेमेतरा से सिंगरौली और दूसरा विशाखापत्तनम से सिंगरौली जा रहा था। वहीं जब पुलिस ने आरोपियों से वैध दस्तावेज पेश करने कहा तो उनके पास कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं था. जिसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रक को जब्त कर लिया है।

## हुक्का सामग्री बेचते दो पकड़ाए

**एसीसीयू, तारबाहर व थाना सिविल लाइन की संयुक्त कार्रवाई**



**बिलासपुर**,10 अक्टूबर (देशबन्धु)। हुक्का सामान बेचते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सिंधी कॉलोनी हरदास गेट के पास यश ऑल इन वन पान दुकान के संचालक महेश हर्जपाल अपने पान दुकान में अवैध रूप से हुक्का पिलाने का सामग्री बेच रहा था , सूचना तस्दीकी पर थाना सिविल लाइन एवं ए सी सी यू बिलासपुर की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर हुक्का के अलग-अलग फ्लेवर, हुक्का पाइप, हुक्का सेट कीमती करीब 10000 जप्त कर धारा 6 एवम् 24 कोटपा एक्ट के अधीन कार्यवाही की गई है इसी प्रकार तारबाहर स्टायल बेल्ट शो रूम के संचालक प्रदीप कुमार वाधवानी के द्वारा अवैध रूप से हुक्का सामग्री बिक्री करने की सूचना पर अलग-अलग फ्लेवरयुक्त हुक्का, पाइप, हुक्का सेट कीमती करीब ? 55000 जप्त कर धारा 6 एवं 24 कोटपा एक्ट के अधीन कार्यवाही की गई है।

## आबादी क्षेत्र से 3 किमी दूर बाघ दिखने से इलाके में फैली दहशत



**चिरमिरी**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में कम ही दिखाई देते हैं। और जहां दिख जाएं वहां पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन जाता है। ऐसे ही मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के जनकपुर नगर के आबादी क्षेत्र से 3 किलोमीटर दूर खूंखार बाघ दिखने से इलाके में दहशत फैल गई।

राजनीतिक बैनर पोस्टर निकालने गई टीम को बाघ नदी में पानी पीते हुए दिखाई दिया।

आचार संहिता लगने पर राजनीतिक बैनर पोस्टर निकालने अमला टीम ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रही थी. इसी दौरान पुलिस प्रशासन की टीम को जनकपुर नगर से तीन किलोमीटर पहले फुलझर नदी में पानी पीते हुए खूंखार बाघ नजर आया। टीम ने अपनी गाड़ियां रोककर बाघ को दूर से देखा। थोड़े देर बाद वह झाड़ियों मे जाकर छुप गया।

## मैडी और डैनी के खिलाफ लगी रासुका

**ऋषभ पनीकर को किया गया जिला बदर**

**कलेक्टर ने जारी किए आदेश**



**बिलासपुर**,10 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी एक्शन मोड में आ गए है। कलेक्टर ने एसपी के प्रतिवेदन पर जिले से तीन लोगों को जिला बदर कर दिया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजीव झा ने जिले में शांतिपूर्ण तरीके से और भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए रितेश निखारे उर्फ मैडी जरहाभांठा, संतोष उर्फ डैनी साहू खमतराई के विरुद्ध रासुका और ऋषभ पानीकर दयालबंद के विरुद्ध जिलाबदर के आदेश दिए हैं। चुनाव आयोग द्वारा अपराधियों के विरुद्ध सख्ती बरतने के निर्देश की कड़ी में यह कार्रवाई की गई है। एसपी के प्रतिवेदन के अनुसार मैडी पीछले 2009 से लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता आ रहा है। उसके ऊपर मारपीट, बलवा, हत्या का प्रयास, अपहरण करने और चक्काजाम कराने जैसे कई अपराध अलग अलग थानों में दर्ज है। आरोपी के खिलाफ 14 आपराधिक मामले न्यायालय में लंबित है।

इसी तरह संतोष उर्फ डैनी साहू 1995 से कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। मारपीट, हत्या, चोरी, लूट, जुआ एक्ट, गांजा और शराब बेचने समेत आर्म्स एक्ट, पास्को एक्ट कई मामले दर्ज है। यही नहीं आरोपी लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते आ रहा है। अभी न्यायालय में उसके खिलाफ 27 मामले लंबित है। कलेक्टर की ओर से जारी आदेश में दयालबंद निवासी ऋषभ पानीकर को 24 घंटे के अंदर 6 माह के लिए जिला छोड़ने के आदेश दिए गए है। इस आदेश में कहा गया है की आरोपी न केवल बिलासपुर जिला बल्कि उससे लगे जांजगीर चांपा, मुंगेली, कोरबा, जीपीएम, ब्लौदाबाजार जिले से भी बाहर रहने के लिए कहा गया है।

## टिकट से पहले कांग्रेसियों में फूटा गुस्सा



**रायपुर**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के बाद अब कांग्रेस में भी टिकट से पहले कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। आज राजीव भवन के बाहर सरायपाली से बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर किस्मत लाल नंद को टिकट मिला तो हम सब कार्यकर्ता काम नहीं करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक किस्मतलाल नंद के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें टिकट नहीं देने की मांग कर रहे है.। सरायपाली कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ नायक ने कहा कि विधायक का व्यवहार बहुत ही खराब रहा है। कार्यकर्ताओं को कभी भी तव्वजों नहीं दी गई है। नगर पालिका सभापति हरदीप सिंह रैना ने कहा कि पार्टी की ओर से किसी को भी टिकट दे दी जाए, लेकिन किस्मत लाल नहीं चलेगा।

- **विधायक नंद को टिकट नहीं देने राजीव भवन में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

## खेल गांव पुरई की 9 वर्षीय तनुश्री कोसरे ने लगातार 5 घंटे तैर कर बनाया गोल्डन बुक ऑफ वल्ड में नया रिकार्ड

**उतई**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के खेल गांव के नाम से विख्यात खेल गांव पुरई के फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की नन्ही जलपरी तैराक तनुश्री कोसरे तैराकी के क्षेत्र में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। तनुश्री कोसरे को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र और मैडल आलोक सर ने प्रदान किया।तनुश्री क्लब के प्रशिक्षक ओम ओझा के निर्देशन में प्रशिक्षण लेकर यह उपलब्धि हासिल किया है।कार्यक्रम का संचालन लता राठौर और अशोक रिगरी ने किया।

इसके लिये वह प्रतिदिन 7 से 8 घंटे गांव के ही तालाब में तैरकर कोच ओम कुमार ओझा ,ईश्वर ओझा ,निशा के मगदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया ।तैराकी एवम वर्ल्ड रिकार्ड हासिल करने का जुनून इस तरह कायम था कि बिना कोच के भी घर से निकल कर पहुंच जाती है तालाब एवम घंटो तैराकी करते रहती।उनके इसी जूनून ने इस नन्ही तैराक को उनके लक्ष्य तक ले गया।

तनुश्री के पिता राजेंद्र कोसरे एवम माता श्रीमती लक्ष्मी कोसरे भी अपनी बेटी का पूरा सहयोग एवम हौसला अफजाई करते हैं । फ्लोटिंग विंग्स के अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़ ने बताए कि यह रिकॉर्ड 10 वर्ष से कम उम्र क है, और तनुश्री अभी सिर्फ 9 साल की है,हमारे लिए बहुत ही गर्व की विषय है, साथ ही ग्रामवासी भी उसके तैराकी की सराहना करते हैं ।




पांचवी कक्षा में पढ़ रही 9 वर्षीय तनुश्री की तैराकी अदभुत है खाना पीना त्यागकर घंटों जलपरी की तरह तालाब में तैरते रहती है । तनुश्री का यह जुनून एवम जज्बा फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी को एक और वर्ल्ड रिकार्ड से गौरवान्वित किया।

गोरतलब है कि खेलगांव पुरई के फलोटिंग विंग्स एकेडमी के ईश्वर ओझा एवम चंद्रकला ओझा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके हैं तथा कोच ओम कुमार ओझा को भी सबसे कम उम्र के कोच होने का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब मिल चुका है।फ्लोटिंग विंग्स एकेडमी के संरक्षक हर्ष साहू पप्पू , केशव बंटी हरमुख है।

इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, फलोटिंग विंग स्विमिंग कलब के अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़, कोच ओम कुमार ओझा ,नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी, संभागीय सहायक संचालक कल्पना स्वामी ग्राम पंचायत पुराई की सरपंच उमरी गिरी, उपसरपंच शीतल ठाकुर समाजसेविका पूर्णिमा ठाकुर ,अशोक साहू, ईश्वर ओझा ,चंद्रकला ओझा, करगाडीह सरपंच घनश्याम गजपाल, सुंदरलाल साहू, भारत प्रसाद दुबे, नारायण सिंह राजपूत ,जितेंद्र राजपूत,सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनों ने उपस्थित होकर तैराक तनुश्री को बधाई दिया।

### NECC

| 11.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा

दर्जन अंडा 78 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188